07 अप्रैल, 2025
चैत्र, शुक्ल पक्ष, दशमी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
सोमवार, वर्ष 10, अंक 167

श्रीराम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में...



# जय श्रीराम के जयघोष से गूंजा झारखंड

## ■ उत्साह से लबरेज रामभक्तों ने निकाली भव्य शोभायात्रा ■ सड़कों पर उमड़ा सैलाब, मंदिरों में भीड़



फोटो: प्रदीप ठाकुर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** चैत्र शुक्ल नवमी को प्रभु श्रीराम के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में मनायी जानेवाली रामनवमी पर रविवार को पूरा झारखंड राममय हो गया। सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। दोपहर बाद राजधानी रांची समेत तमाम शहरों, कस्बों और गांवों में रामभक्त सड़कों पर उतरे। परंपरागत हथियारों के साथ रामभक्तों के 'जय श्रीराम' के जयघोष ने वातावरण को राममय बना दिया। शोभायात्रा के दौरान महावीरी झंडों, झांकियों और तरह-तरह की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने लोगों को घंटों तक भाव-विभोर किये रखा। इस दौरान हर तरफ सिर्फ और सिर्फ 'जय श्रीराम' के नारे ही सुनाई दिये। शोभा यात्रा के स्वागत के लिए विशेष तैयारी की गयी। रांची में शोभा यात्रा पर हेलीकॉप्टर द्वारा पुष्प वर्षा भी की गयी। शोभायात्रा में शामिल राम भक्त अपने हैरतअंगेज करतबों से लोगों का मन मोह रहे थे।

रामनवमी की शोभायात्रा में नारी शक्ति का उत्साह भी चरम पर देखा गया। महिलाएं राम धुन पर जम कर झूमती रहीं। रामनवमी को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। राज्य भर में अतिरिक्त बलों की तैनाती के अलावा जगह-जगह विशेष कंट्रोल रूम बनाये गये थे। शोभायात्रा के परंपरागत रास्तों पर सुरक्षा के विशेष प्रबंध किये गये थे।

## सीएम हेमंत सोरेन ने पत्नी कल्पना संग की तपोवन मंदिर में पूजा, प्रभु से की सुख-समृद्धि की कामना



**रांची (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपनी पत्नी और गांडेय विधायक कल्पना सोरेन के साथ राजधानी के तपोवन मंदिर में पूजा-अर्चना की। दोनों ने पहले मुख्यमंत्री आवास स्थित मंदिर में विधिवत पूजा कर राज्य के सर्वांगीण विकास, सुख, समृद्धि और खुशहाली की प्रार्थना की। इसके बाद दोनों तपोवन मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने भगवान राम की पूजा कर जनता की भलाई और प्रदेश की उन्नति के लिए कामना की। रामनवमी के इस शुभ अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को बधाई देते हुए कहा कि भगवान राम का आदर्श और त्याग हम सभी को प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरी श्रद्धा, भक्ति, उत्साह, उमंग और खुशी के साथ हम रामनवमी महापर्व मना रहे हैं। हम मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करें, रामनवमी महापर्व यही संदेश देता है। इस अवसर पर श्रीराम-जानकी तपोवन मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत ओमप्रकाश शरण एवं सदस्य प्रणय कुमार, केंद्रीय समिति श्री महावीर मंडल, रांची के अध्यक्ष जय सिंह यादव मौजूद थे।

## अयोध्या में रामलला का सूर्य तिलक



अयोध्या (आजाद सिपाही)। रामनवमी के मौके पर राम मंदिर में महाआरती के साथ-साथ सूर्य किरणों से भगवान का अभिषेक किया गया। दिन में ठीक 12 बजे मंदिर के ऊपरी हिस्से पर लगे दर्पण पर सूर्य की किरणें गिरीं। यहां से परावर्तित होकर पीतल के पाइप में पहुंचीं। पाइप में लगे दर्पण से टकराकर किरणें 90 डिग्री कोण में बदल गयीं। लंबवत पीतल के पाइप में लगे तीन लेंसों से किरणें आगे बढ़ते हुए गर्भगृह में लगे दर्पण से टकरायीं। यहां से 90 डिग्री का कोण बनाकर 75 मिलीमीटर टीके के रूप में रामलला के ललाट को सुशोभित किया। राम मंदिर में सूर्य तिलक की तैयारियों के लिए इसरो और सीबीआरआइ के वैज्ञानिकों की टीम ने यहां डेरा डाल रखा था। मुख्य पर्व पर इस सूर्याभिषेक का सजीव प्रसारण दूरदर्शन और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर किया गया, जिसके द्वारा पूरी दुनिया में इसे देखा जा सका। सूर्य तिलक होने के बाद विशेष आरती की गयी। आराध्य के दर्शन पाकर श्रद्धालुओं ने खुद को धन्य माना।

## संभल में पहली बार निकली शोभायात्रा

संभल (आजाद सिपाही)। रामनवमी के मौके पर संभल में पहली बार शोभायात्रा निकली। यह शोभायात्रा विश्व हिंदू परिषद की ओर से निकाली गयी। शोभायात्रा के दौरान विहिप कार्यकर्ताओं ने तलवार और झंडे भी लहराये। शोभायात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में भी गजब का उत्साह देखने को मिला। शहर की सड़कों पर निकाली गयी शोभायात्रा में परंपरा, संस्कृति और आस्था का अद्भुत संगम भी दिखायी दिया। शोभायात्रा में युवकों के अलावा युवतियां और महिलाओं ने भी करतब दिखाये। शोभायात्रा में भगवान राम, हनुमान जी और अन्य देवी-देवताओं की झांकियां भी थीं, जो आकर्षण का केंद्र रहीं। पूरी शोभायात्रा के दौरान जयकारों से माहोल भक्तिमय हो गया। शोभायात्रा को लेकर विहिप नेता ने कहा, संभल का गौरवशाली अतीत अब लौट रहा है। यही वजह है कि रामनवमी पर संभल में भव्य शोभायात्रा निकाली गयी है।




## माकपा में बड़ा बदलाव एमए बेबी नये महासचिव

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) यानी माकपा के भीतर कुछ बड़े बदलाव हुए हैं। पार्टी पोलित ब्यूरो में आठ नए सदस्यों को शामिल किया गया है, जबकि प्रकाश करात, वृंदा करात और माणिक सरकार जैसे वरीय नेता अपने पद से हट रहे हैं। केरल के पूर्व मंत्री एमए बेबी पार्टी के नये महासचिव नियुक्त किये गये हैं।

# मोदी ने नये पंबन ब्रिज का उद्घाटन किया

## एशिया का पहला वर्टिकल लिफ्ट रेलवे सी ब्रिज पांच मिनट में 22 मीटर ऊपर उठेगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामेश्वरम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को तमिलनाडु के रामेश्वरम में एशिया के पहले वर्टिकल लिफ्ट स्पैन रेलवे ब्रिज (नये पंबन ब्रिज) का उद्घाटन किया। 2.08 किमी लंबे ब्रिज की नींव नवंबर 2019 में मोदी ने ही रखी थी। भाषा विवाद के कारण तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन कार्यक्रम में नहीं आये। यह पुल रामेश्वरम (पंबन द्वीप) को भारत की मुख्य भूमि तमिलनाडु के मंडपम से जोड़ता है। भविष्य को ध्यान में रखते हुए इसे डबल ट्रैक और हाइ-स्पीड ट्रेनों के लिए डिजाइन किया गया है। इस्पात से बने नये पुल पर पॉलीसिलोक्सेन कोटिंग की गयी है, जो इसे जंग और समुद्र के नमकीन पानी से बचायेगी। पुराना पुल 2022 में जंग लगने की वजह से बंद कर दिया गया था। इसके बाद से रामेश्वरम और मंडपम के बीच रेल संपर्क खत्म हो गया था।

रामायण के अनुसार रामसेतु का निर्माण रामेश्वरम के पास धनुषकोडी से शुरू हुआ था। इस वजह से यह आस्था के नजरिये से भी महत्वपूर्ण है। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने तमिलनाडु में 8300 करोड़ रुपये से ज्यादा की लागत की विभिन्न रेल और सड़क प्रोजेक्ट का शिलान्यास और उद्घाटन किया।

**पांच मिनट में ऊपर उठ जाता है पुल :** नया पंबन ब्रिज 100 स्पैन यानी हिस्सों से मिल कर बनाया गया है। जब समुद्री जहाज को निकलना होता है, तो इस नेविगेशन ब्रिज (समुद्री जहाजों के लिए खुलने वाले ब्रिज) का सेंटर स्पैन (बीच वाला हिस्सा) ऊपर उठ जाता है। यह इलेक्ट्रो-मैकेनिकल सिस्टम पर काम करता है। इस वजह से इसका सेंटर स्पैन सिर्फ पांच मिनट में 22 मीटर तक ऊपर उठ सकता है। इसके लिए सिर्फ एक आदमी की जरूरत होगी। पुराना पुल कैंटिलीवर पुल था। इसे लीवर के जरिये मैन्युअली खोला जाता था, जिसमें 14 लोगों की जरूरत होती थी। हालांकि समुद्री हवा की गति 58 किमी प्रति घंटे या उससे ज्यादा हो जाने पर वर्टिकल सिस्टम काम नहीं करेगा और ऑटोमैटिक रेड सिग्नल हो जायेगा। हवा की गति सामान्य होने तक ट्रेन की आवाजाही बंद रहेगी। ऐसा अक्सर अक्टूबर से फरवरी के बीच होता है। इन महीनों में तेज हवाएं चलती हैं।



## पीएम मोदी ने आसमान से किये सूर्य तिलक के दर्शन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आसमान से ऐतिहासिक रामसेतु के दर्शन किये। इसके अलावा उन्होंने इसी दौरान अयोध्या में हुए रामलला के सूर्य तिलक का भी दर्शन किया। उन्होंने खुद एक पोस्ट कर इसकी जानकारी दी है। पीएम मोदी ने एक वीडियो भी शेयर किया। उन्होंने लिखा, आज रामनवमी के पावन अवसर पर श्रीलंका से वापस आते समय आकाश से रामसेतु के दिव्य दर्शन हुए। ईश्वरीय संयोग से मैं जिस समय रामसेतु के दर्शन कर रहा था, उसी समय मुझे अयोध्या में रामलला के सूर्य तिलक के दर्शन का भी सौभाग्य मिला। मेरी प्रार्थना है, हम सभी पर प्रभु श्रीराम की कृपा बनी रहे।

# पश्चिम बंगाल के नंदीग्राम में बनेगा अयोध्या जैसा भव्य श्रीराम का मंदिर

## रामनवमी पर शुभेंदु अधिकारी ने किया शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता

**नंदीग्राम।** पश्चिम बंगाल के नंदीग्राम जिले में अयोध्या जैसे भव्य राम मंदिर के निर्माण का कार्य रामनवमी के मौके से ही शुरू हो गया है। विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने रविवार को रामनवमी के अवसर पर पूर्वी मेदिनीपुर जिले के नंदीग्राम में राम मंदिर की आधारशिला रखी। राम मंदिर की आधारशिला सोनाचूरा गांव में रखी गयी, जहां छह जनवरी 2007 को स्थानीय प्रशासन के भूमि अधिग्रहण का विरोध कर रहे कम से कम सात लोगों की उपद्रवियों द्वारा की गयी गोलीबारी में मौत हो गयी थी। समर्थकों और भक्तों के 'जय श्री राम' के उद्घोष के बीच अधिकारी ने मंदिर की नींव रखी।

इससे पहले भाजपा के वरिष्ठ नेता रामनवमी शोभायात्रा का नेतृत्व करते हुए सोनाचूरा स्थित शहीद मीनार से प्रस्तावित मंदिर स्थल पर पहुंचे। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इस महीने के अंत में पूर्व मेदिनीपुर जिले के दीघा में जगन्नाथ मंदिर का उद्घाटन करेंगी। शुभेंदु अधिकारी ने बताया था कि सोनाचूरा का राम मंदिर डेढ़ एकड़ जमीन पर बनेगा। वहीं इस मंदिर को अयोध्या के राम मंदिर की तर्ज पर ही डिजाइन किया जायेगा। यह मंदिर पश्चिम बंगाल का सबसे बड़ा राम मंदिर होगा।

# केंद्र तय करेगा वक्फ कानून लागू होने की तारीख

## राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने की गजट अधिसूचना जारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने वक्फ (संशोधन) बिल को शनिवार देर रात मंजूरी दे दी। सरकार ने नये कानून को लेकर गजट अधिसूचना जारी की। अब नये कानून को लागू करने की तारीख को लेकर केंद्र सरकार अलग से एक अधिसूचना जारी करेगी। यह बिल (अब कानून) दो अप्रैल को लोकसभा और तीन अप्रैल को राज्यसभा में 12-12 घंटे की चर्चा के बाद पास हुआ था। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि इस कानून का उद्देश्य वक्फ संपत्तियों में हो रहे पक्षपात, दुरुपयोग और अतिक्रमण को रोकना है। इस बिल (अब कानून) को राज्यसभा में 128 सदस्यों ने समर्थन दिया था, जबकि 95 ने इसका विरोध किया। वहीं लोकसभा में 288 सांसदों ने समर्थन में और 232 ने विरोध में वोट डाला था। इस बीच नये कानून को लेकर सुप्रीम कोर्ट में अब तक छह याचिकाएं दाखिल हो चुकी हैं। वहीं ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने 11 अप्रैल से पूरे देश में विरोध प्रदर्शन करने की घोषणा की है।

इससे पहले कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद, सदुद्दीन ओवैसी, अमानतुल्लाह खान, सिविल राइट्स संगठन एसोसिएशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स और जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी अलग-अलग याचिका लगा चुके हैं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
No. 1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 83,100 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 96,000 रु./प्रति किलो |



# वक्फ संशोधन बिल का बिहार चुनाव पर असर पड़ना तय

## ■ वक्फ बिल का समर्थन कर नीतीश ने खेला माइंड गेम
## ■ बिहार में मुस्लिम वोटों की सियासत को नया मोड़ देने की कोशिश
## ■ राजद-कांग्रेस को उनके ही हथियार से मात देने की तैयारी
## ■ अंततः तैयारी ज्यादा से ज्यादा हिंदू वोटरों को साधने की ही है

**वक्फ विधेयक के कानून बन जाने के बाद देश के मौजूदा सियासी समीकरणों में बदलाव की लहर दिख तो रही है, लेकिन इस लहर का असर कितने दिन तक रहेगा, यह देखनेवाली बात होगी। इस साल के अंत में होनेवाले बिहार चुनाव पर वक्फ बिल का असर होना तो तय है। वैसे जानकारों का कहना है कि वक्फ संशोधन बिल,जम्मू कश्मीर की धारा 370 जैसा ही है। फिर तो आने वाले चुनावों पर इस बिल का असर भी करीब-करीब वैसा ही होना चाहिए। पूरे देश में न सही, लेकिन आने वाले बिहार चुनाव में तो वक्फ बिल का साफ असर देखने को मिल सकता है। चुनाव की तारीख आते-आते तो वक्फ बिल बतौर कानून लागू हो चुका होगा, ऐसा मानकर चलना चाहिए। अब वक्फ कानून का पहला चुनावी परीक्षण तो बिहार में ही होना है। नीतीश कुमार की पार्टी जदयू ने संसद में बिल का समर्थन कर एक ऐसा माइंड गेम खेला है, जिससे राजद और कांग्रेस के भीतर असमंजस की स्थिति है। नीतीश कुमार ने बिल में कुछ ऐसे संशोधन कराये, जिनसे उनके पास मुस्लिमों, खास कर पसमांदा (पिछड़े) मुसलमानों का बड़ा तबका कायम रह गया है। वास्तव में नीतीश कुमार ने बिल का समर्थन कर बिहार में मुस्लिम वोटों का ध्रुवीकरण रोक दिया है, जो राजद और कांग्रेस का मजबूत हथियार साबित हो सकता था। इस सियासी चाल का क्या होगा असर और कैसे आसान होगी नीतीश कुमार की राह, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह



वक्फ संशोधन बिल राज्यसभा से पास होने पर विपक्षी दलों ने इसे असंवैधानिक, जनविरोधी और राजनीति से प्रेरित बताया है। वहीं, एनडीए के नेताओं ने इसे अल्पसंख्यकों के साथ ही देश के लिए एक बेहतरीन कदम बताया है। लेकिन इन सबसे अलग एक सवाल खड़ा होता है कि आखिर इस बिल को अभी क्यों पास कराया गया है और इसका बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव पर क्या असर पड़ेगा। इसी को समझने की कोशिश है यह लेख।

वक्फ संशोधन बिल का समर्थन कर नीतीश कुमार की पार्टी जदयू ने सबको चौंका दिया है। लोग चर्चा कर रहे हैं कि आखिर खुद को सेक्युलर पार्टी कहने वाली जदयू ने यह फैसला क्यों लिया है। पिछले चुनावों के आंकड़ों पर नजर डालने पर पता चलता है कि नीतीश कुमार ने वक्फ संशोधन बिल का समर्थन कर मुस्लिम वोटरों का साथ पाने के लिए माइंड गेम खेला है। लेकिन अगर कुछ सियासी जानकारों की मानें तो उनके तर्क तो भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। केंद्र की मोदी सरकार के पास लोकसभा में अपने सिर्फ 240 सांसद ही हैं। लेकिन नीतीश कुमार एनडीए का हिस्सा हैं। इस वजह से उनके लोकसभा के 12 और राज्यसभा के 4 सांसद इस मुद्दे पर सरकार के साथ चट्टान की तरह खड़े रहे। इतना ही नहीं जेडीयू ने तो बिल पर बहस से पहले ही अपने सांसदों को व्हिप जारी करके सदन में रहने के आदेश दिया भी था। यह सभी जानते हैं कि मुस्लिम मतदाता बीजेपी को आज भी वोट नहीं देते। लेकिन बिहार की सत्ता पर काबिज जेडीयू को जरूर वोट देते हैं। ऐसे में इस बिल का समर्थन करने से मुस्लिम वोटर उनका साथ छोड़ इंडी गठबंधन को अपना वोट दे सकते हैं। लेकिन इसका एक पहलु तो यह भी हो सकता है कि बिहार में एनडीए का पूरा फोकस हिंदू वोटरों पर हो। धार्मिक से ज्यादा जातीय राजनीति पर हो। वैसे बिहार जातीय राजनीति के लिए ही जानी जाती है। वैसे कई मुस्लिम समाज के लोग वक्फ संशोधन बिल के पक्ष में हैं। जो पक्ष में हैं, हो सकता है, उनपर एनडीए की निगाह रहेगी। वैसे वक्फ संशोधन बिल सिर्फ बिहार की राजनीति को देखकर नहीं लाया गया है, इससे आने वाले दिनों में देश की राजनीति भी प्रभावित होने वाली है।

### बिहार चुनावों पर असर

इतना तो तय हो गया कि आगामी बिहार विधानसभा चुनाव आम चुनावों से भिन्न होने जा रहा है। यह अलग बात है कि राजद अपने पुराने स्टैंड पर ही टिका है, पर एनडीए में खासकर जदयू को उन मुस्लिम वोटरों की जरूरत नहीं, जो अपनी कट्टर छवि के साथ राजद की नीतियों से कदम से कदम मिलाकर पसमांदा मुस्लिमों को राजनीतिक रूप से नजरअंदाज कर रहे हैं। हालांकि इस आड़ में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की धर्मनिरपेक्षता खतरे में है, पर यहां तक पहुंचने में जदयू के रणनीतिकारों ने काफी वक्त लगाया और उन्हें भरपूर मौका और राज्य की योजनाओं में जगह भी दी। जदयू आज अगर वक्फ संशोधन बिल के साथ खड़ा है, तो यह एकाएक निर्णय नहीं है। जदयू ने अपने आदर्श नीतीश कुमार के साथ धीरे-धीरे ही कदम बढ़ाया है।

### बिहार का सियासी परिदृश्य

बिहार में अच्छी-खासी मुस्लिम आबादी है, 18 फीसदी। और सीमांचल इलाके में तो हार-जीत का फैसला भी करती है। मुस्लिम वोटों का बंटवारा बिहार में भाजपा छोड़ कर सभी दलों के बीच होता रहा है। जनसुराज पार्टी इस बार नयी खिलाड़ी होगी। पहले के चुनावों में राजद और कांग्रेस के अलावा नीतीश कुमार भी एक दावेदार हुआ करते थे, लेकिन भाजपा के साथ हो जाने और वक्फ बिल का समर्थन कर देने के बाद यह परिदृश्य बदल सकता है। लेकिन जदयू की तरफ से वक्फ बिल में भाजपा पर दबाव डालकर मुस्लिम समुदाय के हित में जो बदलाव कराये गये हैं, उसका भी कुछ न कुछ असर जरूर दिखेगा। अगर नीतीश कुमार और उनके साथी अपनी बात समझाने में कामयाब हुए, तो फर्क तो पड़ेगा ही। ज्यादा न सही, लेकिन पूरी तरह खिलाफ जाती हुई चीजों को संतुलित तो किया ही जा सकता है, यानी वोटों का ध्रुवीकरण तो रोका ही जा सकेगा।

### 2020 का चुनाव और जदयू

2020 के चुनाव में जब जदयू राज्य की पहले नंबर से तीसरे नंबर की पार्टी बनी और राजद पहले नंबर की पार्टी बनी, तो जदयू ने मुस्लिम मतों की आपाधापी से खुद को अलग कर लिया। राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा है कि राजद के बराबर जदयू को मुस्लिमों का साथ नहीं मिला, तो मुस्लिम बुद्धिजीवियों, उर्दू अखबार के तमाम संपादकों से जदयू के शीर्ष नेताओं ने मिलकर कारण का पता लगाया, तो जवाब मिला कि भाजपा का साथ छोड़ेंगे, तभी मुस्लिम मत मिलेगा। यहीं से मुस्लिम मत जरूरी है का नशा टूटा। 2005 के चुनाव से लेकर 2020 के चुनाव आते-आते मुस्लिम मत जदयू के खाते से इस कदर निकलते रहे कि 2020 के विधानसभा चुनाव में जदयू से कोई मुस्लिम विधायक नहीं बना। हुआ यह कि 2005 में हुए विधानसभा चुनाव में जदयू से चार मुस्लिम विधायक बने, 2010 में जदयू से सात और विधानसभा चुनाव 2015 में जदयू से पांच मुस्लिम विधायक बने। 2024 के लोकसभा चुनाव में मुस्लिम मतों की अधिकता के बाद कटिहार और पूर्णिया में जदयू को हारना पड़ा।

### तो क्या निशाना पसमांदा मुस्लिमों पर है

अब सवाल यह है कि इस वक्फ संशोधन बिल के बाद क्या मुस्लिम मतों में भी विभाजन होगा। ऐसा इसलिए कि इस संशोधन की मूल वजह यह रही है कि पसमांदा मुस्लिम को कोई लाभ नहीं मिल रहा है। लेकिन प्रभावी मुस्लिम जाति के लोग इसका भरपूर फायदा उठा रहे हैं। ऐसा माना जा रहा है कि वक्फ संशोधन बिल का विरोध करने वाले मुस्लिम अल्पसंख्यक हैं, जिनकी आबादी बिहार में 18 फीसदी है और 73 प्रतिशत पसमांदा मुसलमान हैं।

### नीतीश कुमार की सियासी चाल

राज्यसभा में जब इस बिल पर चर्चा हो रही थी, तब जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने बताया कि आखिर उनके नेता नीतीश कुमार के मन में इस बिल को लेकर क्या शंकाएं थीं, जिन्हें भाजपा ने दूर कर दिया। जदयू ने यह स्पष्ट किया कि पहले से बने इस्लामिक धार्मिक स्थलों, मस्जिदों, दरगाहों और अन्य मुस्लिम धार्मिक स्थानों में हस्तक्षेप को लेकर चिंताएं थीं, जिसे केंद्र सरकार के द्वारा दूर कर दिया गया। संजय झा ने राज्यसभा में इस बिल का समर्थन करते हुए कहा कि मुस्लिम समाज के कई लोगों ने इस बिल को लेकर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात की थी। इस दौरान उन्होंने अपनी-अपनी चिंता जाहिर की थी। उन सभी बिंदुओं को केंद्र सरकार के समक्ष रखा गया। केंद्र सरकार ने भी तमाम चिंताओं का समाधान करते हुए इस बिल को संसद में पेश किया। उन्होंने कहा कि इस बिल से मुस्लिम समाज में हाशिये पर चले गये पसमांदा समाज का भला होगा। उन्हें न्याय मिलेगा। नीतीश कुमार की यही सियासी चाल दरअसल बिहार में उन्हें लाभ की स्थिति में लाकर खड़ा करेगी। पसमांदा मुस्लिमों के अलावा प्रगतिशील मुस्लिमों का साथ मिलने से जदयू अब मुस्लिम वोटरों का ध्रुवीकरण रोकने में सफल होगा, जो राजद और कांग्रेस का सबसे मजबूत हथियार हो सकता था। अब जदयू नेता कह रहे हैं कि नीतीश कुमार ने हमेशा मुसलमानों के हक में काम किया है और उनकी सरकार ने इस समुदाय के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं लागू की हैं। उन्होंने जोर दिया कि इस विधेयक से मुस्लिम समाज को कोई नुकसान नहीं होगा और यह उनके हित में है। जदयू का यह भी कहना है कि पार्टी का लक्ष्य किसी भी धार्मिक समुदाय के अधिकारों का उल्लंघन किये बिना सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना है।

---

रामनवमी जुलूस की अनुमित नहीं मिलने पर चंपाई ने सरकार पर साधा निशाना

# क्या झारखंड में हिंदू होना अपराध है : चंपाई सोरेन

**पाकुड़ में शोभा यात्रा के लिए आवश्यक लाइसेंस से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किये गये थे : जिला प्रशासन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**पाकुड़।** रामनवमी आयोजन समिति, पाकुड़ को प्रशासन ने जुलूस निकालने की अनुमति नहीं दी। यह आयोजन 6 अप्रैल को पाकुड़ के ग्रामीण क्षेत्रों के विभिन्न गांवों की भागीदारी के साथ प्रस्तावित था। अनुमित नहीं मिलने पर पूर्व सीएम चंपाई सोरेन ने राज्य सरकार पर निशाना साधा है। सोरेन ने एक ट्वीट कर कहा, अगर सरकार को लगता है कि वे रामनवमी शोभायात्रा को सुरक्षा तक नहीं दे सकते, तो फिर क्या कहें? मैंने पहले भी कहा था कि पाकुड़ में आदिवासी/हिंदू समाज अल्पसंख्यक हो चुका है, जबकि एक समुदाय विशेष की आबादी दो-तिहाई के करीब है। तो क्या सरकार यह बताना चाहती है कि जहां कहीं भी हिंदू अल्पसंख्यक होंगे, वहां उनके धार्मिक/संवैधानिक अधिकारों को इसी प्रकार छीन लिया जायेगा? भाजपा नेता ने आगे कहा, क्या झारखंड में हिंदू होना अपराध है? क्या राज्य सरकार किसी अन्य धर्म के पर्व-त्योहारों पर ऐसा ही तुगलकी फरमान जारी करने का साहस दिखा सकती है?

वहीं प्रशासन की ओर से आवेदन पर थाना प्रभारी, पाकुड़ नगर से जांच प्रतिवेदन मांगा गया था, जो निर्धारित समय पर प्राप्त नहीं हो सका। इसके अलावा आवेदन में जुलूस में भाग लेने वालों की वास्तविक संख्या का उल्लेख नहीं था और न ही शोभा यात्रा के लिए आवश्यक लाइसेंस से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत किये गये थे। इन सभी कारणों को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने विधि-व्यवस्था के मद्देनजर शोभा यात्रा की अनुमति नहीं दी।

### 'विधि-व्यवस्था के मद्देनजर शोभा यात्रा की अनुमति नहीं दी'

रामनवमी पर्व 2025 के अवसर पर आयोजित होने वाली शोभा यात्रा को लेकर रामनवमी आयोजन समिति, जिला-पाकुड़ द्वारा दिये गये आवेदन पर प्रशासन ने अनुमति देने से इनकार कर दिया है। यह आयोजन 6 अप्रैल को पाकुड़ के ग्रामीण क्षेत्रों के विभिन्न गांवों की भागीदारी के साथ प्रस्तावित था। बताया गया है कि रामनवमी आयोजन समिति के प्रसन्ना मिश्रा द्वारा 4 अप्रैल को दिये गये आवेदन में कोलाजोड़ा, समसेरा, शहरकोल, गोकुलपुर, नगरनवी, झिकरहार्टी, पिरलीपुर, बहिरग्राम और चेंगाडांगा समेत अन्य गांवों के लोगों की उपस्थिति में पारंपरिक अस्त्र-शस्त्र, धार्मिक ध्वज एवं ध्वनि विस्तारक यंत्रों के साथ शोभा यात्रा निकालने की जानकारी दी गयी थी। साथ ही कार्यक्रम में सहयोग एवं सुरक्षा व्यवस्था की मांग भी की गयी थी।

# चाइबासा में फिर मिला आइइडी, तीन बंकर भी ध्वस्त

**चाइबासा।** जंगल में घुसे जवानों ने रविवार को नक्सलियों को तीखी चोट दी है। जवानों ने एक पांच किलो का शक्तिशाली आइइडी बम बरामद किया है। वहीं, तीन नक्सल बंकर को तहस-नहस कर दिया। बरामद आइइडी को जंगल में ही बम निरोधक दस्ता की मदद से डिफ्यूज कर दिया गया। यह कामयाबी जवानों को चाइबासा के जराइकेला थाना क्षेत्र के बाबुडेरा के आस-पास जंगली और पहाड़ी इलाके में मिली। जवान इन इलाकों में नक्सलियों के शीर्ष नेताओं की टोह में घुसे थे। सर्च ऑपरेशन के दौरान जवानों ने आइइडी के अलावा इलेक्ट्रिक डेटोनेटर, हैंड ड्रिल, जैकेट, जूते-चप्पल सहित रोजाना इस्तेमाल करने वाले कई सामान जब्त किये हैं। चाइबासा एसपी आशुतोष शेखर ने बताया कि भाकपा माओवादी के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछू, अनल, असीम मंडल, अजय महतो, सागेन अंगरिया, अश्विन, पिंटू लोहरा, चंदन लोहरा, अमित हांसदा उर्फ अपटन, जयकांत, रापा मुंडा अपने दस्ता सदस्यों के साथ सारंडा कोल्हान क्षेत्र में भ्रमणशील हैं। इसी सूचना पर पुलिस टीमों का संयुक्त अभियान चल रहा है।

# हिंदू विरोधी तत्वों के दबाव में है राज्य सरकार : बाबूलाल

पाकुड़ में रामनवमी जुलूस की अनुमति नहीं मिलने पर बिफरे प्रदेश अध्यक्ष

आजाद सिपाही संवाददाता

**पाकुड़।** पाकुड़ जिला प्रशासन ने रामनवमी आयोजन समिति, पाकुड़ को रामनवमी जुलूस निकालने की अनुमति नहीं दी। यह आयोजन 6 अप्रैल को पाकुड़ के ग्रामीण क्षेत्रों के विभिन्न गांवों की भागीदारी के साथ प्रस्तावित था। अनुमित नहीं दिये जाने पर नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने सरकारी नीयत पर सवाल उठाये हैं। मरांडी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा है, पाकुड़ जिला प्रशासन द्वारा ग्रामीणों को रामनवमी का जुलूस निकालने से रोकने के लिए आधी रात को जारी किया गया आदेश हिंदू आस्था पर सीधा प्रहार है। पाकुड़ में जब ताजिये निकल सकते हैं, तो फिर रामनवमी का जुलूस क्यों नहीं? सरकार ने आज रामनवमी पर रोक लगायी है, कल दीपावली और दुर्गा पूजा पर भी इसी तरह तुगलकी फरमान जारी होंगे।

### बीजेपी के स्थापना दिवस पर बाबूलाल मरांडी ने कार्यकर्ताओं को दी शुभकामनाएं



रांची (आजाद सिपाही)। भारतीय जनता पार्टी के 46वें स्थापना दिवस के अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता बाबूलाल मरांडी ने पार्टी कार्यकर्ताओं को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने ट्वीट कर पार्टी की वैचारिक नींव और अब तक की उपलब्धियों को याद किया। मरांडी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, अटल बिहारी वाजपेयी सहित उन सभी महापुरुषों को श्रद्धांजलि दी, जिन्होंने राष्ट्रभक्ति की भावना से भाजपा की आधारशिला रखी और करोड़ों कार्यकर्ताओं को एकजुट कर एक सशक्त संगठन खड़ा किया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अंत्योदय के सिद्धांत को अपनाते हुए गरीबों, किसानों, महिलाओं और युवाओं के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं शुरू कीं, और उन्हें जमीन तक पहुंचाया। मरांडी ने राम मंदिर आंदोलन, अनुच्छेद 370 की समाप्ति और समाज के वंचित वर्गों के कल्याण जैसे मुद्दों पर पार्टी की प्रतिबद्धता को दोहराया। अपने संदेश में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि भाजपा का हर कार्यकर्ता विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए पूरी निष्ठा से काम कर रहा है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 36.2 °c | 22.3 °c |
| सूर्यास्त (आज) | : | 18.06 बजे |
| सूर्योदय (कल) | : | 05.36 बजे |

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 07 अप्रैल, 2025
www.azadsipahi.in


# रामनवमी : राममय हुई राजधानी, धूमधाम के साथ मना राम का जन्मोत्सव



फोटो : प्रदीप ठाकुर।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** आमदनी के नये स्रोत बनेंगे, मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा, धन-ऐश्वर्य की वृद्धि।

**वृष** समसामयिक प्रयास सफल, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे।

**मिथुन** आत्मविश्वास की वृद्धि, नये कार्ययोजनाओं के प्रति रुचि बढ़ेगी।

**कर्क** काम की गति बढ़ेगी, सुख-संसाधनों की वृद्धि, व्यापारिक विस्तार की योजना।

**सिंह** कामकाज का विस्तार, आप उन्नति के मार्ग की ओर प्रशस्त होंगे, संकल्पित कार्य पूरा होगा।

**कन्या** बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता।

**तुला** कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे।

**धनु** आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड्यंत्र विफल रहेगा।

**मकर** नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा।

**कुंभ** रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क।

**मीन** किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय।

# श्रीराम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में...



सांसद संजय सेठ और विधायक सीपी सिंह को सम्मानित करते चंद्रशेखर आजाद क्लब के अध्यक्ष रमेश सिंह।



रामनवमी के जुलूस में केंद्रीय समिति श्री महावीर मंडल के अध्यक्ष जय सिंह यादव और अन्य पदाधिकारी।



रामनवमी के जुलूस में गदा लिये राजीव रंजन मिश्रा और अन्य रामभक्त।

### भगवान राम, माता सीता, बजरंगबली और अन्य देवी-देवताओं की झांकियां निकाली गयीं

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची में रविवार की रात रामनवमी के अवसर पर भव्य झांकियां निकाली गयीं। पूरी रांची सहित मेन रोड में महाबली हनुमान और भगवान श्रीराम के जयकारों की गूंज चहुंओर थी। इस दौरान श्रीराम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में... भजन पर रामभक्त खूब झूमे। झांकियों में शामिल सैकड़ों श्रद्धालुओं ने अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन किया। मेन रोड, रातू रोड, कांके रोड, अपर बाजार, हरमू, डोरंडा और कचहरी से कई झाकियां निकलीं। अमर समिति मधुकम, इंद्रपुरी बिड़ला मैदान, शिव महावीर मंदिर किशोरगंज, धावन नगर कांके रोड, महावीर मंदिर लेक रोड, दुर्गा महावीर मंदिर हिंदपीढ़ी, महावीर मंदिर गुदड़ी कर्बला चौक सहित अन्य स्थानों से भगवान राम, माता सीता, बजरंगबली और अन्य देवी-देवताओं की झांकियां निकाली गयीं। नव कला महावीर मंदिर, थड़पखना द्वारा विशाल झांकी निकाली गयी, जिसमें भगवान राम का दरबार, माता सीता और हनुमान जी की प्रतिमा विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। इस दौरान डीआइजी सह एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा सहित अन्य वरीय अधिकारी सुरक्षा में तैनात दिखे।



## मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

रामनवमी पर्व को लेकर राजधानी रांची के विभिन्न मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। कोकर, लालपुर, बरियातू, बूटी मोड़, डोरंडा, अरगोड़ा, हिनू, हरमू, धुर्वा, अल्बर्ट एक्का चौक, सर्जना चौक स्थित श्री राम मंदिर और तपोवन मंदिरों में श्रद्धालु सुबह से ही पूजा करते नजर आये। लोगों ने अपने-अपने झंडों का पूजन कर भगवान श्रीराम से सुख, समृद्धि और शांति की कामना की।





मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन ने रामनवमी पर्व के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री आवास स्थित मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर राज्य के सर्वांगीण विकास, सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

# महानवमी पर विराट शोभा यात्रा निकाली

**रांची (आजाद सिपाही)।** श्री महावीर मंडल स्वागत समिति हरमू रोड रांची की ओर से श्री रामनवमी महोत्सव के पावन अवसर पर महानवमी की विराट शोभा यात्रा निकाली गयी। समिति के संयोजक प्रेम वर्मा, अध्यक्ष मुकेश मुक्ता ने शोभा यात्रा का नेतृत्व किया। शोभा यात्रा में कोलकाता से आये ताशा पार्टी के धुन में खिलाड़ी हैरतअंगेज खेल का प्रदर्शन करते चल रहे थे। शोभा यात्रा हरमू रोड से अपर बाजार होते हुए मेन रोड से तपोवन मंदिर निवारणपुर पहुंची जहां महाबली हनुमान के दरबार में दर्शन करके सभी राम भक्त अपने अपने घर लौटे। शोभा यात्रा में विजय महतो, हरीश तिवारी, अनिल माथुर, पप्पू वर्मा, सतेंद्र वर्मा, सचिदानंद सोनी, पंकज पांडेय, प्रतीक वर्मा गुड्डु, शिव मिश्रा, रामू सोनी, प्रणिक वर्मा, सौरभ वर्मा, सन्नी वर्मा, संदीप वर्मा, अंकित कुमार, जोगेंद्र प्रजापति, संजय लाल गुप्ता, प्रिंस वर्मा बिल्लू, अमन चंद्रवंशी मिट्ठू, रोहित वर्मा, गुड्डू झा, रोहित सोनी, विक्की वर्मा, राहुल वर्मा, लल्लू अग्रवाल, आलोक अग्रवाल एवं समिति के गणमान्य सदस्य शामिल थे।





रामनवमी के जुलूस में आशा लकड़ा, ललित ओझा और अन्य।

## कोकर चौक में जुटे रामभक्त



## श्री वीर हनुमान मंदिर, कोकर चौक



कोकर चौक में निवर्तमान उपमहापौर संजीव विजयवर्गीय, सुरेंद्र सिंह, पशुपति नाथ सिंह, युवराज पासवान और सूरज सिंह।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 07 अप्रैल, 2025
www.azadsipahi.in



# महावीरी झंडे के साथ निकाली गयी भव्य शोभायात्रा



फाइल फोटो

### सैकड़ों महावीरी झंडा और दर्जनों झांकी के साथ पहुंचे हजारों राम भक्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**बड़कागांव।** हजारीबाग जिले के बड़कागांव प्रखंड में मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम के जन्मोत्सव महारामनवमी के अवसर पर 83 वर्षों से आयोजित ऐतिहासिक हरली रामनवमी मेला में रविवार को क्षेत्र के 84 गांव और अखाड़ों से सैकड़ों महावीरी झंडा दर्जनों झांकी और पारंपरिक हथियार के साथ हजारों राम भक्त का जनसैलाब पहुंचकर मेले में अपना-अपना सनातन धर्म आधारित प्रदर्शन किया। साथ ही साथ कई लोगों ने लाठी समेत पारंपरिक हथियारों का बेहतर कला प्रदर्शन किया जिसे हरली रामनवमी महासमिति की ओर से पुरस्कार देकर सम्मानित करते हुए हौसले को बुलंद किया। मंच का उद्घाटन सांसद मनीष जायसवाल एवम विधायक रोशन लाल चौधरी ने फीता काटकर किया और अखाड़ों को पुरुस्कार देकर सम्मानित किया। मेले में विभिन्न दिशा व छोर से आने वाले झांकी जुलूस और राम भक्तों को हरली हाईस्कूल मोड़, हरली विवाह भवन चौक और हरली शिव मंदिर चौक मे स्वागत कर मेला स्थल लाया गया। वहीं त्योहार को शांतिपूर्वक, हर्ष उल्लास के साथ मनाने को लेकर बड़कागांव प्रशासन व पुलिस अलर्ट रहे। जिसको लेकर प्रखंड के दर्जनों स्थानों पर जिला प्रशासन के निर्देशन में सीसी कैमरा लगाकर निगरानी की गयी। रामनवमी त्योहार को शांति पूर्वक संपन्न कराने को लेकर बड़कागांव प्रखंड के विभिन्न गांव में एसडीपीओ पवन कुमार, सीओ मनोज कुमार, बीडीओ जितेंद्र कुमार मंडल के नेतृत्व में और पुलिस इंस्पेक्टर अनिल कुमार, थाना प्रभारी नेमधारी रजक के देखरेख में रैपिड एक्शन फोर्स का भ्रमण कराया गया। मेले को संपन्न कराने में मुख्य रूप से महासमिति अध्यक्ष रामसुंदर दांगी, सचिव उमेश कुमार, कोषाध्यक्ष केशवनाथ महतो, बड़कागांव विधानसभा मीडिया प्रतिनिधि उमेश दांगी, सुरेश दांगी, भुनेश्वर महतो, विगेश्वर महतो, सबूर महतो, मुखिया कविता देवी पंसस कोशीला देवी, उप मुखिया सुनील कुमार, उपाध्यक्ष नरेश कुमार, उप सचिव प्रेम कुमार भारती, पूर्व अध्यक्ष त्रिवेणी महतो, पूर्व पंसस उपेंद्र कुमार, कार्तिक उर्फ दिनेश्वर महतो, संतोष कुमार राणा, कन्हाई कुमार, बालेश्वर कुमार, प्रदीप कुमार, सेवंती कुमारी हरली पूजा समिति सदस्यों और महलदारों का सराहनीय योगदान रहा। मौके पर सांसद मनीष जायसवाल, विधायक रोशन लाल चौधरी, अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि महेन्द्र महतो, सदस्य सुनिता देवी, लोकसभा संसाद प्रतिनिधि सतेंद्र नारायण सिंह, बड़कागांव विधानसभा प्रतिनिधि पूनम साव, सह प्रतिनिधि कृष्णा राम, बड़कागांव सांसद मीडिया प्रतिनिधि उमेश दांगी, मंडल सांसद प्रतिनिधि सह मुखिया रंजीत कुमार, मुकुटधारी महतो, जयनारायण महतो, जुगनू सिंह, मुखिया कविता देवी, पंसस कोशिला देवी समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## सड़कों पर उमड़ा रामभक्तों का सैलाब

कोडरमा (आजाद सिपाही)। भगवान राम की भक्ति, जय श्रीराम के नारे और शौर्य का प्रदर्शन, कुछ ऐसा ही विहंगम दृश्य रविवार को कोडरमा जिले की सड़कों पर दिखा। मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान राम के जन्मोत्सव का महापर्व रामनवमी की शान से पूरा जिला जय श्री राम के जयकारे से गूंज उठा। रामनवमी के भजनों से एक-एक गली और चौक-चौराहे गूंज रहा था। डंके की आवाज राम भक्तो का जोश बढ़ा रहा था। तो दूसरी तरफ बड़े बड़े महावीरी ध्वज थामे भक्तों की भीड़ जय श्री राम के जयकारे के साथ शौर्य का प्रदर्शन कर रहे थे। हर ओर महावीरी ध्वज ही लहरा रहे थे। रामभक्तों का यह जोश और उत्साह सालों बाद सड़कों पर फिर देखने को मिला। पारंपरिक अस्त्र शस्त्र के प्रदर्शन के साथ लाठियो का अद्भुत खेल दिखाते युवा खिलाड़ियों के जुनून को हिंदू संगठन के कार्यकर्ता उत्साह बढ़ा रहे थे। हर एक राम भक्त भगवान राम की भक्ति में डूबा दिखा। कोडरमा, झुमरीतिलैया, सतगावां, मरकच्चो, चंदवारा, जयनगर और डोमचांच समेत अन्य जगहों पर शौर्य पराक्रम का प्रदर्शन भी हुआ। इस दौरान सुरक्षा को लेकर कोडरमा में एसडीओ रिया सिंह, एसड़ीपीओ अनिल कुमार, डीएसपी आदि स्वयं पेट्रोलिंग करते दिखे। कोडरमा में थाना प्रभारी अरविंद कुमार पुलिस बल के साथ तैनात थे। अलग-अलग इलाके से करीब 30 से अधिक अखाड़ा समितियों के नेतृत्व में खिलाड़ियों की भीड़ लाठी और अस्त्र शस्त्र लिए कई चौक चौराहे में जुटे। कोडरमा में तिरंगा चौक से निकाले गये जुलूस में विधायक डॉ नीरा यादव भी शामिल हुईं। उनके साथ विजय यादव, जय प्रकाश राम, रमेश यादव, संजीव समीर, महेंद्र प्रसाद यादव, राजेश सिंह, पंकज सिंह, बसन्त राणा, नवीन सिंह, संतोष सिंह, अरुण राणा, आशीष डे



समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे। वहीं जलवाबाद में निकाले गए जुलूस में उमेश राम, अनिल राम, विनोद राम, धीरज राम, अमित कुमार, संतोष कुमार, सुमित कुमार, मनीष कुमार, झुन्नी कुमार, मनोज कुमार, भोला कुमार, बबलू कुमार, बंटी कुमार, संजय पासवान, गुड्डू कुमार, ईशु कुमार, मंकू कुमार, मोनू कुमार, नीरज कुमार, सूरज कुमार, सुधांशु कुमार, अनिल सिंह, अवधेश कुमार, बबलू सिंह, संदीप साव, बंटी साव, दीपक कुमार, वीरेंद्र कुमार सिंह, सिद्धार्थ कुमार, प्रदीप राम, चंदन कुमार, रंजन कुमार, विक्की चंद्रा, अजय पांडे, गोपाल कुमार, मनोज कुमार झुन्नू, अमित कुमार आदि शामिल थे। रामनवमी जुलूस के दौरान जिला प्रशासन की चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था पूरे जिले में देखने को मिला। जलवाबाद में जुलूस के आगे एसडीओ,एसडीपीओ और कोडरमा थाना प्रभारी अरविंद कुमार पुलिस बल के साथ पैदल चलते नजर आये।

## लाठी-डंडे आदि खेले जाने की परंपरा कायम



विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)। भगवान राम के जन्मोत्सव पर प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों से महावीर ध्वज के साथ शोभायात्रा निकाली गयी। जिसमें पारंपरिक हथियार लाठी डंडे आदि खेले जाने की परंपरा कायम है।
विभिन्न अखाड़ों में पूजा-अर्चना के साथ जुलूस में लोग जय श्री राम जय हनुमान के नारों से विष्णुगढ़ गुंजा रहा। विष्णुगढ़ प्रखंड में रामनवमी त्योहार में नवमी पूजन में खासकर महावीरी झंडा लगाने की परंपरा पूर्व से चली आ रही है, जो सुख, समृद्धि और कष्टों से मुक्ति का प्रतीक माना जाता है। खासकर महावीरी ध्वज को विजय ध्वज भी माना जाता है। रामनवमी के नवमी दिन की इतिहास में पूरे विष्णुगढ़ प्रखंड से नावाडीह, चलानिया, गैडा, अल्पिटो, बराय, अलकोपी, बक्सपुरा, भलुवा, नवादा, बनासो, कुसुम्भा, चलंगा, गाल्होबार, करगालो, सिरय, अचलजामो, मडमो, सारूकुदर, खरकी, नागी गावों के अखाड़ा धारी लोग अपने-अपने अखाड़े में एकत्रित होकर तलवार, भाला, चाकू जैसे अस्त्र-शस्त्र का परिचालन करते निकलते हुए बासंती चैती दुर्गा मंदिर पहुंचते थे। और आपस में सभी जगहों के महावीरी झंडो का मिलन मंदिर के पूजा स्थल पर मिलान करते थे। इस दौरान सभी अखाड़ों के राम भक्त अपने-अपने शौर्य कौशल का प्रदर्शन कर फिर वापस अपने अपने अखाड़े लौट जाते थे। गौरतलब है कि इस वर्ष रामनवमी लोगों के लिए काफी खास है, क्योंकि पिछले 03 वर्षों से कोरोना की वजह से लोग रामनवमी को भव्य तरीके से नहीं मना पा रहे थे, पिछले 03 वर्षों से प्रशासन के द्वारा लगाये गये पाबंदियों के बीच लोगों को रामनवमी मनाना पड़ रहा था लेकिन इस बार रामनवमी को लेकर लोग खास उत्साहित हैं। इसके अलावा बनासो के बिलन्दी स्थित मिलन टांड में भी मेला का आयोजन हुआ।प्रखण्ड के विष्णुगढ़ चैती दुर्गा मंदिर,बेड़ा हड़ियारा,उच्चाघना, अचलजामो में मा दुर्गे की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की जाती है।

## मरकच्चो की सड़कें-गलियां दर्शकों से खचाखच भरीं



मरकच्चो (आजाद सिपाही)। मरकच्चो का विख्यात महा रामनवमी का महा शोभा यात्रा रविवार की शाम चार बजे से शुरू हुआ जो देर रात तक चलता रहा। हालांकि विभिन्न क्लबों की झांकियों का जुटान शाम 3 बजे से ही दुर्गा मंडप परिसर में होने लगा था जो देर रात तक चलता रहा। इसके बाद शुरू हुआ झांकियों का भ्रमण इस दौरान मरकच्चो की तमाम सड़कें गलियां दर्शकों से खचाखच भरी थी। मरकच्चो एवं अगल-बगल के विभिन्न अखाड़ा समितियों के द्वारा पौराणिक कथाओं पर आधारित दर्जनों झांकियां निकाली गयी। जय श्री राम, हर हर महादेव, जय बजरंगबली के उद्घोष व डंके की गूंज से पूरा वातावरण भक्ति मय हो गया। साथ ही साथ हरिद्वार के गुरुकुल में विद्याध्ययन कर रहे नितिन चंद्र गुप्ता के पुत्र नील नितिन मुकेश के द्वारा शोभायात्रा के दौरान जगह-जगह योग करो निरोग रहो को बढ़ावा देने हेतु योग का प्रदर्शन कर लोगों को दांतों तले अंगुली दबाने को मजबूर कर दिया। शोभा यात्रा में प्रमुख बिजय कुमार सिंह, मुखिया रणजीत कुमार सिंह, दीपक कुमार पांडे, रविशंकर तिवारी मंटू, पूजा महा समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह, सचिव प्रदीप सिन्हा कोषाध्यक्ष रविंद्र पांडे, जुगनू जयंत सिन्हा, मनोज सिंह, सतीश सिंह, नितिन चन्द्र गुप्ता, प्रवीण कुमार गुप्ता, दिगंबर सिंह, बिपिन कुमार वर्णवाल, शिव नारायण ठाकुर, नकुल यादव, शम्भू सिंह, बीरेंद्र सिंह, परमेश्वर पंडित, इंद्रदेव पांडे, गंगाधर दास,मनोज पासवान समेत हजारों ग्रामीण शामिल थे। वहीं दूसरी ओर जुलूस के साथ-साथ राधा मेडिकल व सामुदायिक स्वास्थकेन्द्र मरकच्चो के सौजन्य से चिकित्सकों की टीम एंबुलेंस के साथ-साथ चल रही थी।

## केरेडारी में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुई रामनवमी



केरेडारी (आजाद सिपाही) मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान के जन्मोत्सव का पर्व रामनवमी समूचे प्रखंड क्षेत्र में रविवार को हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी। इस अवसर पर प्रखंड के सभी अलग-अलग पंचायतों में आकर्षक झांकी निकाली गयी और डीजे की धुन पर रामभक्त झूमते रहे। वहीं समूचा क्षेत्र रामभक्तों के जोश का गवाह बना। प्रखंड के पेटो, कंडाबेर, केरेडारी, बुंडू, मनातू, पचड़ा सहित सभी मेला टांड में मेले लगे और सभी अखाड़ों के द्वारा आकर्षक झांकी निकाली गयी। वहीं इस अवसर पर पुलिस प्रशासन भी चौकस रहा। सीओ रामरतन बर्णवाल और थाना प्रभारी लगातार मेला क्षेत्र का दौरा कर विधि व्यवस्था का जायजा लेते रहे देर शाम तक जुलुश चलता रहा औरपूरी रात रामभक्त झूमते रहे। वहीं विधायक रोशनलाल चौधरी ने भी विभिन्न अखाड़ों का दौरा कर रामनवमी की बधाई दी।

## आर्ष कन्या गुरुकुल का नवमी जुलूस, तलवारबाजी और लाठी के करतब देख गदगद हुए लोग

### नन्हें हाथों में दिखा तलवार और खुद बजा रहे थे ड्रम

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग में महिला सशक्तिकरण का अद्भुत नजारा रामनवमी के दौरान देखने को मिला। जहां महिलाएं हाथ में तलवार और लाठी के साथ करतब दिखाया। परंपरा के अनुसार आर्य समाज द्वारा संचालित आर्ष कन्या गुरुकूल की ओर से नवमी का शौर्य शोभायात्रा निकाला गया। इस दौरान आर्ष कन्या गुरुकूल की ब्रहमचारी और ब्रहमचारिणियों ने शानदार तलवार बाजी, लाठी और अन्य साहसिक खेलों का प्रदर्शन कर लोगों को दांतों तले अंगुलियां दबाने को मजबूर कर दिया। लाठी के साथ साथ बालक और बालिकाओं का बैंड दस्ता भी चल रहा था। गुरुकुल के बच्चों ने इस दौरान मुख्य सड़क पर जमकर लाठियां भांजी। जुलूस में रथ और घोड़े भी शामिल किये गये। रथ पर आर्य समाज के प्रतिनिधि सवार थे। आर्ष कन्या गुरुकुल में पिछली एक माह से रामनवमी को लेकर तैयारी चल रही थी। गुरुकुल की छोटी-छोटी बच्चियों को परंपरागत हथियार चलाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा था। प्रशिक्षण पूरा होने पर जब ब्रह्मचारिणियों ने सड़क पर अपना प्रदर्शन दिखाया तो सभी कोई चकित भी हो गये। इस आयोजन के पीछे का मकसद यही है कि समाज को यह संदेश देना कि बेटियां भी बेटों से काम नहीं है। जब बेटे रामनवमी में तलवार और लाठी भांज सकती हैं तो बेटियां भी इसे पीछे नहीं रह सकती है। गुरुकुल के आचार्य ने भी कहा कि हर बेटी को रानी लक्ष्मीबाई बनने की जरूरत है। बेटियां तैयार हो रही है कल देश की रक्षा भी करेंगे। जुलूस में कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह, बिनोद कुशवाहा, समाजसेवी बटेश्वर मेहता समेत शहर के कई जनप्रतिनिधि और समाजसेवी भी शामिल हुए।



# हजारीबाग की रामनवमी की विकास यात्रा

भवेश मिश्रा

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** ऐतिहासिक मान्यताओं के अनुसार हजारीबाग की रामनवमी का शुभारंभ अंग्रेजी हुकूमत के समय हुआ था जब इसका प्रारंभ चंद धर्म रक्षकों ने की थी उन्होंने कभी सोचा भी नहीं होगा कि उनका यह सामान्य एक धार्मिक उत्सव मनाना एक दिन इसका स्वरूप महोत्सव में जैसा प्रतीत होने लगेगा ।

माना जाता है कि हजारीबाग के कुछ धर्म प्रेमी मित्रों ने रामनवमी मनाने का निश्चय किया और अपने संकल्प के अनुसार रामनवमी के दिन महावीरी झंडा की पुजा अर्चना कर नगर में जय श्री राम जय वीर हनुमान के गगन भेदी जय घोष लगाते हजारीबाग में भ्रमण कर भक्ति भाव के साथ यथा स्थान महावीरी झंडा को खड़ा किया था तब से श्रीराम भक्ति की अविरलधारा अनवरत चलायमान है।

शोभायात्रा के दुसरे वर्ष से ही इसकी विकास गाथा प्रारंभ हो गया दूसरे वर्ष इन्हें समाज का सहयोग मिला इसके स्वरूप बदने प्रारंभ हो गये जो वर्तमान रामनवमी तक जारी है अब आधुनिकता का समावेश भी हो चुका है इस सामान्य से उत्सव का रूप अब इतना व्यापक हो गया है कि अब इसकी मांग पुरजोर तरीके से हर तरफ से हो रही है कि हजारीबाग की रामनवमी को राष्ट्रीय महोत्सव का दर्जा दिया जाये। हजारीबाग के सनातन धर्मावलंबियों का तर्क है कि इस प्रकार के सामुहिक और वृहद धार्मिक आयोजन जिसमें लाखों की संख्या में भक्त भाग लेते हैं तीन ही ऐसा आयोजन देव भर में होता है पहला कुंभ महोत्सव दूसरा गणपति महोत्सव महाराष्ट्र का और तीसरा हजारीबाग का रामनवमी उत्सव जिसमें लाखों भक्त भाग लेते हैं।



हजारीबाग में आजादी से पहले निकाली गयी रामनवमी का दृश्य।

कुंभ और गणपति उत्सव को महोत्सव का दर्जा पहले से ही है इसलिए हजारीबाग की रामनवमी को महोत्सव का दर्जा दिया जाना चाहिए।

हजारीबाग की रामनवमी उत्सव के विकास यात्रा 1918 से प्रारंभ होती है जब तत्कालीन हजारीबाग शहर के कुम्हार टोली मोहल्ला में रहने वाले गुरु सहाय ठाकुर ने अपने मित्रों, टिभरी गोप, हीरा लाल महाजन, पाचु गोप, जादो बाबू, और अन्य के साथ मिलकर योजना बनायी और एक अखाड़ा बनाकर रामनवमी शोभायात्रा निकालना प्रारंभ किया था। प्रारंभ में महावीरी झंडा साथ लेकर पारंपरिक अस्त्र-शस्त्रों का प्रदर्शन करते हुए जय श्रीराम जय वीर हनुमान का जय घोष करते हुए पारम्परिक वाद्ययंत्रों के साथ झुमते नाचते नगर के चौक चौराहों पर भ्रमण कर किया था। अगले वर्ष इनका अनुसरण करते हुए, बड़ी बाजार ग्वालटोली, ओकनी झंडा चौक महावीर स्थान चौक पंचमंदिर आदि स्थानों से रामनवमी शोभायात्रा निकाली गयी। यह वह दौर था जब हिन्दू स्थान में अंग्रेजी हुकूमत की सरकार थी जैसे जैसे रामनवमी शोभायात्रा का कारवां बढ़ता गया। इसके स्वरूप में बदलाव होने लगे चुनौतियां भी बढ़ने लगी रामनवमी शोभायात्रा उस काल में हुआ था जब स्वतंत्रता आंदोलन तेज हो चुका था क्रांतिकारीयों की गतिविधियां लगातार बढ़ रही थी अंग्रेजी हुकूमत की क्रूरता चरम पर थी लेकिन इस धार्मिक आयोजन पर किसी प्रकार का अवरोध उत्पन्न होने की बात अभी तक सामने नहीं आयी है। देश आजाद होने तक इसकी ख्याति हजारीबाग से निकालकर देश के कोने-कोने तक पहुंच चुकी थी, हजारीबाग में मिली सफलता से प्रेरित होकर अगले बगल के जिलों में भी रामनवमी झंडा शोभायात्रा निकाला जाने लगा कहा जाता है कि रामनवमी झंडा शोभायात्रा के संस्थापक सदस्यों को रांची के नागरिकों ने से सम्मान अपने यहां बुलाकर रांची में रामनवमी यात्रा का प्रारंभ सन 1927 में किया गया था और पगड़ी बांध कर सम्मानित किया गया थ, जब अखाड़ों की संख्या साल दर साल बढ़ने लगी विधि-व्यवस्था दुरुस्त रखने में काफी कठिनाइयों का सामना संस्थापकों को होने लगा स्थानीय बड़ा अखाड़ा के तत्कालीन महंथ की सहयोग और संस्थापकों के देखरेख में रामनवमी झंडा यात्रा लगातार जारी रहा देश को आजाद मिली हमारे विधिवेत्ताओं ने देश को अपना संविधान दिया, रामनवमी शोभायात्रा भी धीरे-धीरे कई चुनौतियों का सामना करते हुए 32 वर्षो का सफर तय कर चुका था उस समय के आयोजकों ने सर्वसम्मति से समिति का गठन कर सन 1950ई में श्री चैत्र रामनवमी महासमिति हजारीबाग का गठन किया। सर्वसम्मति से प्रथम अध्यक्ष रामनवमी शोभायात्रा के संस्थापक गुरु सहाय ठाकुर मनोनीत हुए इतिहास कारों और लब्ध प्राप्त लेखकों विश्लेषणकों कि माने तो देश की आजादी वर्ष 1947 में इस शोभायात्रा में बदलाव हुआ रामनवमी शोभायात्रा जो नवमी को निकाला जाता था , वह दशमी को निकाला जाने लगा इतिहासकार मानते हैं कि जब रामनवमी झंडा शोभायात्रा अपने शैशव काल में था उसी समय बंगाली समाज के द्वारा हजारीबाग में बासंती दुर्गा पूजा होती थी जिसका मुर्ती विसर्जन दशमी तिथि को होती थी बंगाली समाज की प्रेरणा से सनातन धर्म प्रेमी कुम्हार टोली में बांसति दुर्गा पूजा प्रारंभ हो चुके थे दोनों उत्सवों को समाहित कर शोभायात्रा दशमी को निकालने की परंपरा प्रारंभ हुई हालांकि कुछ अखाड़ा धारियों ने नवमी को भी शोभायात्रा निकालकर रामनवमी के दिन निकलनेवाली शोभायात्रा को जिवंत रखा जो वर्तमान समय तक जारी है। 1970 में पहली बार झांकी निकाली गयी और कलकत्ता से तशा पार्टी को बुलाया गया जिससे शोभायात्रा की चकाचौंध बढ़ने लगी आधुनिकता का प्रयोग शोभायात्रा में होने लगा रंग बिरंगी लाईट अब इसकी शोभा बढ़ाने लगी।

## डीसी-एसपी ने जुलूस मार्ग का किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** एक माह से जारी रामनवमी पर्व की तैयारी अब अंतिम चरण में है। आज रात हजारीबाग की सड़कों पर सौ से अधिक झांकियां उतरेगी। रविवार शाम हजारीबाग जिला प्रशासन के पदाधिकारियों ने सुरक्षा के मद्देनजर जुलूस मार्ग का निरीक्षण किया। हजारीबाग डीसी नैंसी सहाय एसपी अरविंद कुमार सिंह के अगुवाई में जुलूस मार्ग का निरीक्षण किया गया। पदाधिकारी का काफिला पुलिस कंट्रोल रूम से निकला। कंट्रोल रूम में वरीय पदाधिकारी के साथ डीसी नैंसी सहाय और एसपी अरविंद कुमार सिंह ने कई अहम मुद्दों पर चर्चा की। इसके बाद जिस रास्ते से जुलूस गुजरती है उस रास्ते से उनका काफिला गुजरा। पंच मंदिर चौक से जामा मस्जिद रोड तक सभी पदाधिकारी ने पैदल मार्च किया। नैंसी सहाय ने कहा कि रामनवमी को लेकर पुख्ता इंतजाम किया गया है। 108 अखाड़े को लाइसेंस दिया गया है। सभी जुलूस झंडा चौक के पास से कतार बद्ध होंगे। सभी महत्वपूर्ण जगहों पर बैरिकेडिंग भी किया गया है। हजारीबाग एसपी अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि 5000 अतिरिक्त सुरक्षा बल की उपस्थिति में रामनवमी जुलूस संपन्न कराया जायेगा। पूरे जुलूस पर सीसीटीवी कैमरे से निगरानी रखी जा रही है। जहां भी संवेदनशील जगह है वहां बैरिकेडिंग किया गया है। उन्होंने हजारीबाग वासियों को अस्वस्थ किया है की सुरक्षा को लेकर व्यापक इंतजाम किये गये हैं। उत्साहपूर्वक रामनवमी पर्व मनाये। साथ ही साथ सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों को भी उन्होंने हिदायत दिया है कि इसके लिए अलग टीम काम कर रही है।

## एनटीपीसी मैती ने प्रतियोगिता में पहला पुरस्कार जीता



बड़कागांव (आजाद सिपाही)। एनटीपीसी मैती ने एएनआरएफ (एसइआरबी) – आइएनएइ कॉन्क्लेव 2025 में आयोजित इनोवेटिव प्रोडक्ट प्रोटोटाइप प्रतियोगिता में पहला पुरस्कार हासिल किया। यह प्रतियोगिता 21–22 मार्च, 2025 को नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस मैन्युफैक्चरिंग टेक्नोलॉजी, रांची में आयोजित की गयी थी, जिसमें खनन और संबंधित तकनीकों में उत्कृष्ट नवाचारों को उजागर किया गया। एनटीपीसी मैती की टीम को उनके प्रैक्टिकल और इनोवेटिव प्रोटोटाइप के लिए सम्मानित किया गया, जिसने उन्हें प्रतियोगिता में शीर्ष पुरस्कार दिलवाया। यह प्रोटोटाइप खनन क्षेत्र में तकनीकी नवाचार और व्यावहारिकता को दर्शाता है, और इसका उद्देश्य इस क्षेत्र में सुधार और विकास को बढ़ावा देना है। पुरस्कार वितरण समारोह 5 अप्रैल 2025 को एनआइएएमटी, हटिया–रांची में आयोजित किया गया, जहां केंद्रीय राज्य मंत्री (रक्षा मंत्रालय) संजय सेठ ने टीम को पुरस्कार दिया गया। यह क्षण एनटीपीसी मैती के लिए गर्व और सम्मान का था, और इसे टीम की अद्वितीय सफलता और उनके निरंतर नवाचार के प्रयासों के रूप में देखा गया। इस अवसर पर संजय सेठ का उपस्थित होना छात्रों और फैकल्टी के लिए एक प्रेरणा का स्रोत था, जिन्होंने खनन और प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में नवाचार के लिए अपनी सीमाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। एनटीपीसी मैती के फैकल्टी और स्टाफ के निरंतर समर्थन और नेतृत्व ने इस सफलता को संभव बनाया, जिससे एक सकारात्मक वातावरण और नवाचार के प्रति प्रतिबद्धता को बढ़ावा मिला। मौके पर प्रशांत सिंह, एजीएम (एलए, आरआर और सीएसआर) एनटीपीसी, मैती के प्रधानाचार्य और शिक्षक भी उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 07 अप्रैल, 2025
www.azadsipahi.in


# रामनवमी का त्योहार हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मना


हैरतअंगेज कला का प्रदर्शन करते रामभक्त व उमड़ी लोगों की भीड़।


दस हजार लोगों ने मेला का लिया आनंद।

## 'जय जय श्री राम' के नारे से गूंजा रामगढ़

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** रामनवमी का त्यौहार रामगढ़ में हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। जय श्री राम के नारे से पूरा रामगढ़ जिला गूंज उठा। भगवाधारी पारंपरिक अस्त्र-शस्त्र के साथ सड़क पर निकले। भक्ति गानों पर कलाकारों ने भी युद्ध कौशल का जलवा दिखाया। इस त्योहार को लेकर सभी मंदिरों में विशेष पूजा भी की गयी। रामगढ़ शहर के वैष्णो देवी मंदिर, मां विघ्नेश्वरी मंदिर, पंचमुखी हनुमान मंदिर, चैती दुर्गा मंदिर, राधा कृष्ण किला मंदिर, जलाराम मंदिर, काली मंदिर, खाटू श्याम मंदिर, हनुमंत लला मंदिर में विशेष पूजन का आयोजन किया गया था। राम भक्तों ने श्री राम के जन्मोत्सव पर पूजा के बाद अपने घरों में भगवा ध्वज भी लगाया। विभिन्न मंदिरों और घरों में नौ कन्याओं को भोजन भी कराया गया। विभिन्न स्थानों पर भंडारे का भी आयोजन किया गया।



### झांकी देखने के लिए उमड़ी लोगों की भीड़

रामगढ़ शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर रामायण पर आधारित झांकी का भी आयोजन किया गया, जिसे देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी। श्री बजरंग क्लब के द्वारा समुद्र मंथन की झांकी लोगों के आकर्षण का केंद्र रही। झंडा चौक में ताड़कासुर वध की लीला दिखायी गयी। वीर शिवाजी युवा सेवा संघ लोहार टोला के द्वारा आयोजित शिव तांडव इन लोगों का मन मोह लिया। इस मंच पर अन्य भक्ति गानों पर भी नृत्य प्रस्तुत किये गये। किला मंदिर में नन्हे बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। यहां चलचित्र के माध्यम से भी झांकी प्रस्तुत हुई। चट्टी बाजार सत्यनारायण मंदिर, बाजारटांड़ युवा सेवा संघ, सुभाष चौक हनुमान मंदिर में भी झांकी की प्रस्तुति हुई।

**मुस्लिम समुदायों ने किया राम भक्तों का फूलों से स्वागत:** रामनवमी जुलूस को लेकर जहां भगवाधारियों में उत्साह था, वही मुस्लिम समुदाय के लोगों ने भी जुलूस में शामिल होकर उत्साह को बढ़ाया। रामगढ़ शहर के सौदागर मोहल्ला और गोलपार में भगवाधारियों का स्वागत फूलों से मुस्लिम समुदाय के लोगों ने किया। अंजुमन कमेटी सौदागर मोहल्ला, नई सराय अंजुमन कमेटी और गोलपार अंजुमन कमेटी के द्वारा पुष्प वर्षा कर राम भक्तों का स्वागत किया गया। इस दौरान जुलूस में शामिल लोगों के लिए जलपान की व्यवस्था भी की गयी थी।

## जय श्रीराम-जय हनुमान के जयकारों से गूंजा भुरकुंडा कोयलांचल

**रामनवमी मैदान लक्ष्मी टॉकीज भुरकुंडा में आस्था व विश्वास का उमड़ा जन सैलाब**

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुरकुंडा।** श्रीश्री रामनवमी पर्व को लेकर रविवार को जय श्रीराम, जय हनुमान, भोले बाबा की जय आदि भक्ति उद्घोषों से भुरकुंडा कोयलांचल, भुरकुंडा, बासल सहित आसपास का ग्रामीण इलाका गूंजता रहा। पर्व को ले श्रीश्री रामनवमी पूजा समिति लक्ष्मी टॉकीज भुरकुंडा के तत्वावधान में ऐतिहासिक रामनवमी मैदान में आयोजित मेला में हजारों की संख्या में श्रीराम-हनुमत भक्त महावीरी पताकों व आकर्षक झांकियों के साथ शामिल हुए। रामनवमी मेला का शुभारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर किया। रामनवमी पर्व भुरकुंडा, भदानीनगर, लपंगा, बासल, सौंदा डी, सेंट्रल सौंदा, रिवर साईड सहित ग्रामीण इलाको में हर्षोल्लास, धूमधाम व एकता-भाईचारगी के साथ मनाया गया। लक्ष्मी टॉकिज भुरकुंडा स्थित ऐतिहासिक रामनवमी मैदान में रामनवमी का भव्य मेला लगा। जिसमें आस्था का जन सैलाब देखने को मिला। जुलूस के शक्ल में दर्जनो अखाड़े व समितियों की टीम गाजे-बाजे व महावीरी झंडे के साथ आयोजन स्थल तक पहुंचे। इस दौरान कई झांकियां आकर्षण का केंद्र बनी रही। खिलाड़ियों ने पारंपरिक अस्त्र-शस्त्र का हैरत अंगेज प्रदर्शन कर सबको रोमांचित कर दिया। वहीं रामनवमी मेले में उच्चे झंडे की होड़ लगी रही। रामनवमी मेला में आये विभिन्न समितियों व अखाड़ों के विजेता टीमों को अतिथियों द्वारा मेडल-ट्रॉफी व प्रमाण-पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। निर्णायक मंडली में सीसीएल के अभियंता अंकुर विश्वनाथ, प्रिस सिंह, अभिनव कुमार और रंजन साहु शामिल थे। मेला में बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग सांसद मनीष जयसवाल, विशिष्ट अतिथि बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी, कौशल्य देवी, बबीता पांडेय, मनोज कुमार चौरसिया, राधेश्याम अग्रवाल, कुमेल उरांव, सतीश मोहन मिश्रा, विजयंत कुमार, दर्शन गंझू, रामफल बेदिया, रामाशंकर पांडेय उर्फ नूनू पांडेय, सीताराम मुंडा, सुनील सोनी, राणा प्रताप सिंह, जयलाल सिंह सहित दर्जनों गणमान्य लोग मुख्य रूप से मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष सह पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम व संचालन कोषाध्यक्ष योगेश दांगी, मीडिया प्रभारी रितेश मिश्रा व उपाध्यक्ष मुकेश राउत ने संयुक्त रूप से किया। जुलूस व मेला के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने में पतरातू एसडीपीओ गौरव गोस्वामी, भुरकुंडा ओपी निर्भय कुमार गुप्ता, भदानीनगर ओपी प्रभारी ब्रहमव्रत कुमार, बासल थाना प्रभारी कैलाश कुमार, एसआई दिनेश्वर प्रसाद मेहता, एएसआई नेपाल महतो व एएसआई गोपाल रजक के नेतृत्व में सशस्त्र बल मुस्तैदी से तैनात दिखें। हजारीबाग सांसद मनीष जयसवाल ने समस्त क्षेत्रवासियों को रामनवमी पर्व की बधाई देते हुए क्षेत्र में हमेशा अमन-चैन व एकता-भाईचारगी का माहौल बनाये रखने की अपील की। मेले में आये ग्रामीणों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि रामनवमी पर्व आपसी भाईचारगी और एकता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन वास्तव में भुरकुंडा में आपसी सौहार्द को बढ़ाता है। रामनवमी के अवसर पर 16 अखाड़ों द्वारा अखाड़ों द्वारा आकर्षक झांकियां निकाली गयी।



## श्री राम जन्मोत्सव धूमधाम संपन्न



मांडू (आजाद सिपाही)। मांडू व इसके आसपास के क्षेत्रों रविवार को श्री राम जन्मोत्सव धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मौके पर मांडू चट्टी स्थित श्री श्री रामनवमी पूजा समिति द्वारा आयोजित पूजा पंडाल में संकट मोचन वीर हनुमान जी की प्रतिमा स्थापित कर विधिवत पूजा-अर्चना की गयी। वहीं दुर्गा मंदिरों और पूजा पंडालों में स्थित पूजा पंडालों में महानवमी के दिन मां दुर्गा के नौवें स्वरूप मां सिद्धिदात्री की पूजा पुरे विधि विधान के साथ किया गया। वहीं हवन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हवन किया। इसके उपरांत कन्याओं को भोजन कराया गया। पूजा, हवन और आरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। समितियों के प्रसाद और महा भोग खिचड़ी का वितरण किया। श्री श्री पड़ाव दुर्गा मंदिर और सार्वजनिक दुर्गा पूजा मंदिर मांडू बस्ती में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की जा रही है। समिति के सदस्यों के अनुसार विजयदशमी की संध्या को गाजियाबाद के साथ मां दुर्गा और वीर बजरंगबली की भव्य शोभायात्रा निकल जायेगी। इसमें हजारों की संख्या में राम भक्त मौजूद रहेंगे।

## कुजू में जीवंत झांकी रहा आकर्षण का केंद्र



कुजू (आजाद सिपाही)। कोयलांचल कुजू व आसपास के क्षेत्रों में ऐतिहासिक रामनवमी पर्व के मौके पर रामनवमी भव्य जुलूस निकाला गया। वहीं, जुलूस में शामिल जीवंत झांकी, हनुमान जी प्रतिमा आर्कषक का केंद्र रहा। क्षेत्र के महावीर मंडल कुजू बस्ती द्वारा रामनवमी भव्य शोभायात्रा में नगाड़ा व कलाकारों द्वारा करतब की धूम रही। जबकि रामनवमी पूजा समिति लालबंगला कुजू कोलियरी और कुजू बस्ती के जुलूस में भगवान राम, सीता, लक्ष्मण और हनुमान की जीवंत झांकी आर्कषक केंद्र रहा। वहीं, शोभायात्रा के दौरान हैरतअंगेज तलवारबाजी को देखने को मिला। क्षेत्र के छोटकीडुंडी कपरफुटवा बेडवा में भी जश्न दिखा। वहीं, करमा, तोपा, आरा सारुबेडा, दिगवार समेत कई जगहों में रामनवमी की धूम रही। मौके पर कुजू कोलियरी मे सीसीएल जीएम राजीव कुमार सिन्हा, राम कुमार सिंह, श्याम सिंह, अशोक कुमार, राकेश कुमार मेहता, प्रभु दयाल महतो, कपरफुटवा में अध्यक्ष भोलेश्वर महतो,।सचिव पवन कुमार, कोषाध्यक्ष अशोक साव, संरक्षक मनोज सोरेन, सदस्य प्रभु दयाल महतो, कुजू बस्ती में अध्यक्ष बिनोद प्रसाद, धर्मराज राम, जगेश्वर प्रजापति, संतोष प्रसाद, चिंटू सिंह, अर्जुन मेहता, संजय गुप्ता, विकास प्रसाद, अमित केशरी, प्रकाश प्रसाद, दशरथ प्रसाद दासो, रवि ठाकुर, सम्मी साहू, आनंद ठाकुर समेत कई धर्मप्रेमी शामिल रहे।

## रामनवमी में बाइक संग निकली शोभायात्रा

बरकाकाना (आजाद सिपाही)। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामनवमी त्योहार के उपलक्ष्य में नया नगर बरकाकाना सहित विभिन्न क्षेत्रों के युवाओं ने बाइक से निकाली शोभायात्रा। शोभायात्रा के दौरान सैकड़ों बाइक के साथ शामिल हुए युवा रामभक्त। शोभायात्रा के दौरान मुख्य रूप से बड़कागांव विधायक रौशन लाल चौधरी उपस्थित रहे। सीसीएल कॉलोनी स्थित हनुमान मंदिर से निकाली गयी। शोभायात्रा दुर्गी बस्ती, हेहल, घुटुवा, चैनगड्डा, बरकाकाना सहित विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर पुनः हनुमान मंदिर परिसर पहुंच कर शोभायात्रा का समापन किया गया। शोभायात्रा के दौरान जय श्री राम के उदघोष से गुंजमान हुआ बरकाकाना ओपी क्षेत्र। शोभायात्रा के दौरान बरकाकाना ओपी पुलिस मुस्तैद दिखी। बरकाकाना ओपी प्रभारी उमा शंकर वर्मा ने स्वयं निकाली गयी शोभायात्रा पर पैनी नजर बनाये रखी थी। मौके पर भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष कुश श्रीवास्तव, आजसू नेता हरिरत्नम साहू, सुदर्शन महतो, भाजपा नेता संजय लाला, अजीत कुमार गुप्ता, श्याम सिंह, राज कुमार, मूंगालाल करमाली सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।




## राम जन्मोत्सव पर घर-घर में हुई भगवान राम की पूजा

चतरा(आजाद सिपाही)। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव का पर्व रामनवमी रविवार को जिले में धुमधाम से मनायी गयी। घर-घर में भगवान श्रीराम की पूजा अर्चना की गयी। नवमी को लेकर सुबह से ही पूजा अर्चना का दौर शुरू हो गया। जो देर शाम तक चला। सार्वजनिक पूजा समिति के द्वारा अपने-अपने अखाड़ों में भगवान श्रीराम की पूजा अर्चना की गई। इसके अलावा लोगों ने अपने-अपने घरों में महावीरी पताके लगाकर भगवान श्रीराम और राम भक्त हनुमान की अराधना की। सभी जगह हो रहे भगवान श्रीराम और है बजरंग बली के जयकारें से माहौल भक्तिमय हो गया है। शहर से लेकर गांव तक श्रद्धालु श्रीराम, हनुमान और नवरात्र होने के कारण शक्ति स्वरूपा माता दुर्गा की भक्ति में डूबे रहे। रामनवमी के मौके पर शहर के 27 पूजा समितियों और अखाड़ों के द्वारा झांकियां निकाली जा रही है। रात लगभग 11 बजे तक झांकियों के अखाड़ों से निकलने की उम्मीद है। रामनवमी जुलूस में इस बार पूजा समितियों के द्वारा कई आकर्षक मठ मंदिर का स्वरूप झांकी में दिखाया जा रहा है। शिव शक्ति क्लब बींड मुहल्ला के द्वारा झांकी में अंगद रावण प्रसंग का जीवंत प्रस्तुती किया जायेगा। न्यू स्नेही क्लब लाइन मोहल्ला के द्वारा झांकी में भगवान कृष्ण के द्वारा समुंद्र मंथन की प्रस्तुति शामिल किया गया है। शांति क्लब की झांकी में माता दुर्गा विशालकाय शेर पर सवार दिखाई देंगे। डॉन क्लब पेट्रोल पंप के द्वारा झांकी में विशालकाय शेर का स्वरूप दिखाया गया है। त्रिशूल क्लब की झांकी में 20 फीट उंचे हनुमान जी की प्रतिमा बनायी गयी है। रामनवमी जुलूस को लेकर प्रायः सभी पूजा क्लबों ने कोलाकाता से तासा पार्टी मंगाया है। शाम से ही क्लबों में डीजे व तासा की धुन शुरू हो गयी। क्लबों के सदस्य डीजे की धुन शुरू होते ही अपने हाथों में अस्त्र-शस्त्र लेकर सड़कों पर निकलना शुरू कर दिया। चप्पे-चप्पे पर पुलिस जवान तैनात। स्वर्णकार संघ के द्वारा रामनवमी का जुलूस चांदी के झंडे के साथ निकाला गया। संघ के लोग 15 किलो चांदी से बने झंडे के साथ बिंड मुहल्ला से जुलूस निकाला। यह जुलूस दोपहर 12 बजे शुरू हुआ और शाम छह बजे संपन्न हो गया। इस जुलूस में शहर के सभी स्वर्णकार समुदाय के लोग शामिल हुए।



## चितरपुर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में रामनवमी का निकाला गया जुलूस

रजरप्पा(आजाद सिपाही)। रजरप्पा क्षेत्र के ग्रामीण इलाको मे श्री श्री रामनवमी पर मयार्दा भगवान पुरुषोत्तम श्री राम की विधि विधान पूर्वक पूजा धूमधाम से किया गया, इस दौरान रजरप्पा, चितरपुर, कुंदरू कला, माइल, बड़की पोना, सांडी, लारी, सुकरीगड़ा, लोधमा बारलोंग, छोटकी पोना, मारगमरचा, सहित कई ग्रामीण क्षेत्र में महा रामनवमी की पूजा धूमधाम से मनायी गयी। पूरे क्षेत्र में राम हनुमान की भक्ति मे लोग डूबे रहें। विभिन्न दर्जनों जगह पर राम नवमी मे रामभक्तों द्वारा अस्त्र-शस्त्र का परिचालन किया, एक से बढ़कर एक हैरत अंगेज खेल का बेहतर प्रदर्शन किया गया। पूजा-अर्चना के पश्चात छोटकी पोना महाबीर मंदिर परिसर मे अमृतूल्य महाभोग प्रसाद का भी वितरण किया गया, रामनवमी के अवसर पर दोपहर के बाद ग्रामीण इलाकों मे ग्रामीण बजरंगी महाबीरी झंडा को कंधे से लगाकर गांव टोला का भ्रमण किया गया। जय श्री राम जय हनुमान, राम लखन जानकी, जय बोलो हनुमान की जोरदार उद्घोष से भक्ति मय रहा, दुलमी प्रखंड क्षेत्र के कई गांव के बजरंगबली मंदिरो मे श्रद्धालुओं नें विधि विधान से पूजा अर्चना किया गया। देर शाम तक जय श्रीराम के नारों से गूंजता रहा। इस मौके पर कई अखाड़ों मे अस्त्र शस्त्र व लाठी डंडा से राम भक्तों द्वारा खेल आकर्षक मनमोहक अद्भुत हैरत अंगेज खेल का प्रदर्शन किया, दुलमी बाजार टांड सोसो उसरा, कोरचे, कुलही, पोटमदगा, सिकनी, होन्हे, प्रियातु, सिरु मदगी, ईदपारा आदि कई गांव मर्यादा भगवान पुरुषोत्तम की हर्ष और उल्लास के साथ श्रद्धालुओं श्री श्री रामनवमी पूजा किया गया, राम नवमी को लेकर रजरप्पा पुलिस पूरी तरह से चौकस रही विधि व्यवस्था बनाये रखने हेतू रजरप्पा पुलिस के कई पुलिस बल के जवान तैनात किया गया था।



## सुरक्षा में मुस्तैद रहे रामगढ़ के अधिकारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** रामनवमी के जुलूस में किसी प्रकार से सामाजिक सौहार्द ना बिगड़े इसके लिए पहले से ही अधिकारी मुस्तैद थे। कहीं भी हिंसा न हो और जान माल की क्षति न हो इसके लिए भी सुरक्षाकर्मी तैनात रहे। चप्पे-चप्पे पर जवानों की मुस्तैदी यह बता रही थी कि रामनवमी का त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से ही संपन्न करने का प्रयास है। डीसी चंदन कुमार, एसपी अजय कुमार, एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, एसडीओ अनुराग कुमार तिवारी, अंचल अधिकारी सुदीप एक्का सभी क्षेत्रों में भ्रमण करते हुए नजर आये। इसके अलावा एंबुलेंस और पुलिस की अन्य गाड़ियां भी हर चौक चौराहे पर मौजूद थी। जिन स्थानों पर अंजुमन कमेटी के द्वारा भगवाधारियों का स्वागत किया जा रहा था वहां भी वरीय अधिकारी मौजूद रहे। श्री श्री रामनवमी महासमिति ने डीसी चंदन कुमार और एसपी अजय कुमार का स्वागत किया। अधिकारियों की टीम जब वहां पहुंची, तो महासमिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र साहू उर्फ भोपाली ने पगड़ी पहनकर सभी अधिकारियों को रामनवमी की बधाई दी। साथ ही उन्हें मोमेंटो भी प्रदान किया गया। रामनवमी के जुलूस में बेहतर सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरे और जवानों को तैनात करने के लिए धन्यवाद दिया गया।

## महाष्टमी को पूजा अर्चना करने वाले श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**मांडू (आजाद सिपाही)।** मांडू और इसके आसपास के क्षेत्रों स्थित पूजा पंडालों और मंदिरों में महाष्टमी पूजा के लिए सुबह से ही भीड़ लगी रही। मंदिरों और पूजा पंडालों में आये श्रद्धालुओं को आचार्यों ने विधिवत पूजा-अर्चना करवाया। पूजा पंडालों व मंदिरों में शनिवार को धार्मिक अनुष्ठान के साथ महाष्टमी पूजा, और नवरात्र के आठवें दिन मां के आठवीं स्वरूप मां महागौरी की पूजा पूरे विधि विधान से की गयी। श्री श्री पड़ाव दुर्गा मंदिर और सार्वजनिक दुर्गा पूजा मंदिर मांडू बस्ती में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना की जा रही है। श्री श्री पड़ाव दुर्गा मंदिर के आचार्य निरंजन पांडेय और मांडू बस्ती दुर्गा मंदिर के आचार्य वीरेंद्र पांडेय ने बताया कि मां दुर्गा के आठवें स्वरूप, महागौरी की पूजा-अर्चना करने से भक्तों को सुख, समृद्धि, शांति और मानसिक शुद्धता की प्राप्ति होती है, साथ ही सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और जीवन में आने वाली बाधायें दूर होती हैं। रविवार को महानवमी की पूजा होगी। महाअष्टमी पूजा के उपरांत पुष्पांजलि के पश्चात सभी पूजा समिति के द्वारा पंडाल में आये श्रद्धालुओं के बीच महाभोग प्रसाद का वितरण किया गया। पूजा को सफल बनाने में पूजा समिति के पदाधिकारी जुटे हुए हैं। वहीं शांति



व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस प्रशासन संयुक्त रूप से गस्त करते देखे गये।

## माता वैष्णों देवी मंदिर में नवरात्र संपन्न

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। शहर के झंडा चौक स्थित माता वैष्णों देवी मंदिर में बासंती नवरात्रा रविवार को भंडारा के साथ संपन्न हुआ। इस भंडारे में रामगढ़ सहित आस-पास क्षेत्रों के लगभग बारह हजार अधिक श्रद्धालुओं ने मां वैष्णों देवी का प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर में बासंती नवरात्रा बीते 30 मार्च को कलश स्थापना से शुरू हुआ था, जो रविवार को माता के अटूट भंडारा के साथ संपन्न हुआ। भंडारा सुबह 8 बजे से शुरू हुआ, जो शाम तक चला। इस भंडारे में श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर माता का जयकारा लगाते हुए प्रसाद ग्रहण किया। इस भंडारे को सफल बनाने में पंजाबी हिन्दू बिरादरी और माता वैष्णों देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरत चंद्र वासुदेव, महासचिव महेश मारवाह सहित बिरादरी के सभी सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

**CHANGE OF NAME**

I, No. JC-251698N, Rank- NB/RIS, Name Sri Lal Gupta, R/o Village- Jamu, P.O.- Jamu, P.S.- Markacho, Dist-Koderma, State of Jharkhand, Pin Code No-825318 have changed my Daughter name **SHAREYA GUPTA** to **SHREYA GUPTA** vide affidavit dated 05.04.2025 before Koderma court, Jharkhand.

I, No. JC-251698N, Rank- NB/RIS, Name Sri Lal Gupta, R/o Village- Jamu, P.O.- Jamu, P.S.- Markacho, Dist-Koderma, State of Jharkhand, Pin Code No-825318 have changed my Daughter name **SHREYSI GUPTA** to **SHREYSHI GUPTA** vide affidavit dated 05.04.2025 before Koderma court, Jharkhand.

I, No. JC-251698N, Rank- NB/RIS, Name Sri Lal Gupta, R/o Village- Jamu, P.O.- Jamu, P.S.- Markacho, Dist-Koderma, State of Jharkhand, Pin Code No-825318 have changed my Son name **SRIAANSH GUPTA** to **SHREYANSH GUPTA** vide affidavit dated 05.04.2025 before Koderma court, Jharkhand.

**AFFIDAVIT**

I Sri Lal Gupta, S/o Harish Chandra Prasad, aged about 42 years, by Faith Hindu, by Profession Government Service, by Nationality Indian, Resident of Village Jamu, P.O-Jamu, P.S- Markacho, Dist- Koderma, Pin Code 825318, State Jharkhand, do here by solemnly affirm/ swear as follows:- 1. That I am permanent resident above mentioned place and my Aadhar no. 4170 91873345.

2. That my actual name is Sri Lal Gupta whereas my name is wrongly mentioned in the school record as Shri Lal Gupta. 3. That my daughter name is **Shreyshi Gupta** in her school record, That is correct and true. 4. That my daughter Aadhar No. 2808 3958 0169.

5. That this affidavit is made for recertification of my name in the school record.

Sl. No. 36 Date 05.04.2025

# कमजोर पड़ रही रिश्तों की डोर

हमारे देश में पिछले कुछ वर्षों से अनेक अनैतिक और अमानवीय कृत्य हो रहे हैं। यहां तक कि सात जन्मों का बंधन कहलाने वाले पति-पत्नी के रिश्तों पर भी अनैतिकता का साया मंडराने लगा है। यहां दी जा रहीं लगभग 1 माह की घटनाएं देख कर बरबस ही मन में यह प्रश्न उठता है कि आखिर हमारे भारत देश में क्या हो रहा और यह क्या कर रहे हो। 3 मार्च को गुडगांव में अंकित नामक एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी रेणु के साथ मामूली बात पर हुई बहस के बाद उसकी हत्या कर दी और अपने पैतृक जिले बलिया चला गया। पुलिस ने 23 मार्च को आरोपी को बलिया से गिरफ्तार कर लिया। 4 मार्च को मेरठ (उत्तर प्रदेश) में मर्चेंट नेवी अधिकारी सौरभ राजपूत की पत्नी मुस्कान ने अपने ब्वायफ्रेंड के साथ मिल कर न सिर्फ अपने पति को मौत के घाट उतार दिया, बल्कि उसके शव के 15 टुकड़े करके उन्हें एक ड्रम में फैंक कर उसे सीमेंट से सील कर दिया। 16 मार्च को जयपुर में सब्जी बेचने वाले धन्ना लाल सैनी की उसी की पत्नी गोपाली ने अपने प्रेमी दीनदयाल के साथ मिल कर हत्या कर दी और उसकी लाश को बोरे में भर कर किसी सुनसान जगह पर ले जाकर आग लगा दी, लेकिन पुलिस को इसकी भनक लग गयी और दोनों पकड़े गये। 19 मार्च को मोतीहारी के गढ़हिया थाना क्षेत्र में अफरीदा खातून नामक महिला ने अपने प्रेमी के साथ मिल कर एक सुपारी किलर के जरिए अपने पति को अपनी आंखों के सामने मरवा दिया। 20 मार्च को झांसी कोतवाली थाना क्षेत्र के लक्ष्मी गेट मोहल्ले में एक शराब पार्टी के दौरान बैडरूम में अपने पति रविंद्र और प्रेमी रोहित के साथ बैठ कर शराब पी रही संगीता नामक महिला की किसी बात को लेकर हुए विवाद के चलते रविंद्र और रोहित ने हत्या कर दी। 20 मार्च को ही मुंबई के गोरेगांव में रंजू चौहान नामक महिला ने अपने प्रेमी के साथ शादी करने के लिए अपने पति चंद्रशेखर चौहान की गला घोंट कर हत्या कर दी। 20 मार्च को ही उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की बेरहमी से पिटाई करने के बाद गला दबाकर लकड़ी का टुकड़ा उसके मुंह में ठूंस कर मार डाला। 21 मार्च को पूर्वी दिल्ली के सत्यम एन्क्लेव में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की ईंट मार कर हत्या कर दी। 26 मार्च को बेंगलूर में राकेश राजेंद्र नामक एक व्यक्ति ने मामूली बात पर हुई बहस के बाद घर में ही अपनी पत्नी गौरी अनिल की हत्या कर दी और उसके शव को सूटकेस में डाल दिया। 28 मार्च को महाराष्ट्र के सांगली जिले के मंगले गांव में मंगेश नामक एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी प्राजक्ता की हत्या के बाद शव के टुकड़े करके इलेक्ट्रिक पंप बॉक्स में ठूंस दिये। उक्त घटनाएं साक्षी हैं कि आज पति-पत्नी जैसे पवित्र रिश्तों की डोर भी किस कदर कमजोर होती जा रही है। इससे देश का माहौल खराब हो रहा है।

**सात जन्मों का बंधन कहलाने वाले पति-पत्नी के रिश्तों पर भी अनैतिकता का साया मंडराने लगा है। यहां दी जा रहीं लगभग 1 माह की घटनाएं देख कर बरबस ही मन में यह प्रश्न उठता है कि आखिर हमारे भारत देश में क्या हो रहा और यह क्या कर रहे हो।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**वेव्स (विश्व दृश्य श्राव्य एवं मनोरंजन, वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट), जो मुंबई में 1 से 4 मई तक हो रही है, में भारत का लक्ष्य है अपनी क्रिएटिव सॉफ़्ट पावर की शक्ति से दुनिया को एकजुट करना, जिससे हम सभी देशों के बीच आपसी सद्भाव बढ़ा सकें। वहीं, मीडिया और मनोरंजन उद्योग के स्तर पर, नयी दिल्ली के हमारे नीति निर्माता वेव्स 2025 के माध्यम से रचनाकारों को जोड़ने का भागीरथ कार्य देश की मनोरंजन राजधानी मुंबई में इस आयोजन के रूप में पहली बार कर रहे हैं। वेव्स न सिर्फ भारत बल्कि दुनिया भर के रचनाकारों के लिए एक शानदार अवसर है। इस समिट का व्यापक उद्देश्य है कनेक्टिंग कंट्रीज, कनेक्टिंग क्रिएटर्स।**

# वेव्स: रचनात्मक कंटेंट सृजन की वैश्विक क्रांति में भारत का नेतृत्व



**धर्मेंद्र तिवारी**




रचनात्मकता की सीमा नहीं होती। अनादि काल से, रचनाकारों ने इस दुनिया को विकास की वो दिशा दी है, जिसने हमारा जीवन संवारा है। ऐसे अनेकों महान रचनात्मक विचार थे, जिन्होंने हमें सभी वैश्विक सभ्यताओं में, एक आधुनिक सभ्य समाज के रूप में आकार दिया। हमारे पूर्वजों के रचनात्मक दृष्टिकोण ने न सिर्फ अंधकारमय युग से लेकर अब तक, अपना भविष्य संवारा बल्कि हमारी आज की पीढ़ी का वर्तमान भी। 21वीं सदी में बेबी बूमर्स पीढ़ी से लेकर जेन जी तक, हम जिस प्रगति का लाभ उठा रहे हैं, वो हमारे पूर्वजों की रचनात्मकता ही तो है। आज के इंटरनेट युग में यदि तकनीक से लैस रचनात्मक युवा सोच को कुशल अनुभवी पीढ़ी का दिग्दर्शन मिल जाय तो आने वाली पीढ़ियों के लिए भी मानव बेहतर जीवन जी सकेगा। इस लिहाज से, रचनाकारों की पहचान करना, उन्हें समसामयिक अनुभवी विद्वानों का कुशल मार्गदर्शन देना, पारंपरिक समझ साझा करना और रचनाकारों की उत्कृष्ट सामग्री, क्रिएटिव कंटेंट के लिए उन्हें बाजार उपलब्ध कराना, ये हर पीढ़ी के नीति निमार्ताओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है।

आधुनिक इंटरनेट युग में, दुनिया की रचनात्मक संभावनाओं को युवा सोच के लिए खोलते हुए, भारत सचमुच रचनात्मकता की वेव्स पर सवार है। वेव्स (विश्व दृश्य श्राव्य एवं मनोरंजन, वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट), जो मुंबई में 1 से 4 मई तक हो रही है, में भारत का लक्ष्य है अपनी क्रिएटिव सॉफ़्ट पावर की शक्ति से दुनिया को एकजुट करना, जिससे हम सभी देशों के बीच आपसी सद्भाव बढ़ा सकें। वहीं, मीडिया और मनोरंजन उद्योग के स्तर पर, नयी दिल्ली के हमारे नीति निर्माता वेव्स 2025 के माध्यम से रचनाकारों को जोड़ने का भागीरथ कार्य देश की मनोरंजन राजधानी मुंबई में इस आयोजन के रूप में पहली बार कर रहे हैं। वेव्स न सिर्फ भारत बल्कि दुनिया भर के रचनाकारों के लिए एक शानदार अवसर है। इस समिट का व्यापक उद्देश्य है कनेक्टिंग कंट्रीज, कनेक्टिंग क्रिएटर्स।

**वेव्स 2025 केवल एक समिट मात्र नहीं है; अपितु यह एक अधिक संबद्ध, रचनात्मक और सहयोगपूर्ण दुनिया के लिए एक विजन भी है।**

चाहे वह प्राचीन काल से चला आ रहा योग एवं आयुर्वेद का भारतीय ब्रांड हो या बोलती फिल्मों के अस्तित्व में आने के बाद पिछले 100 वर्षों में बॉलीवुड का मनोरंजक संगीत, हमारे रचयिता या क्रिएटर्स, सभी पीढ़ियों के क्रिएटर्स के लिए ज्ञान को सुलभ कराते हुए दुनिया को आकार दे रहे हैं। इसी प्रकार से, दुनिया भर के क्रिएटर्स के लिए अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने और सही मायनों में स्वयं का भविष्य संवारने की खुद की रचनात्मक यात्रा में अपना नाम और यश कमाने हेतु वेव्स हम सभी के लिए एक शानदार अवसर है। फिल्में हों, संगीत हो, गेम्स हों, कॉमिक्स हो या फिर शिक्षा व स्वास्थ्य जैसी सेवा को अधिक किफायती बनाने के लिए तकनीकी नवाचार, क्रिएटर्स को मीडिया और मनोरंजन उद्योग को भविष्य में आकार देने की क्षमता रखने वाले उपकरण विकसित करके सदैव आगे बने रहने का लाभकारी अवसर #वेव्स 2025 का मंच प्रदान करता है। उच्च गुणवत्ता की रचनात्मक प्रतिभाओं की पहचान करने की दिशा में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा किए गए प्रयासों के अच्छे परिणाम सामने आ रहे हैं। 32 क्रिएट इन इंडिया, क्रिएट फॉर द वर्ल्ड चैलेंज के माध्यम से दुनिया भर से चुने गये करीब 750 शॉर्टलिस्टेड क्रिएटर्स अब मुंबई के जियो कन्वेंशन सेंटर में अपना जलवा दिखायेंगे। पूरा देश और दुनिया देखेगी, इन क्रिएटर्स के उन कामों को जो सही मायनों में नवाचार हैं। उद्योग जगत के विशेषज्ञों तथा बाजार के पेशेवरों द्वारा जूरी-आधारित चयन की प्रक्रिया के माध्यम से भारत सरकार द्वारा पहचाने गये क्रिएटर्स के बेहतरीन काम मीडिया के सामने आने लगे हैं, जिसमें अभिनव तरीकों का प्रयोग कर हमारे जीवन को बदलने की एक बड़ी क्षमता परिलक्षित होती है।

अगली बार जब आप पर्यटक के तौर पर पोर्ट ब्लेयर स्थित सेलुलर जेल जायेंगे, तो आपको स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर से बातचीत करने का बेहतरीन अनुभव प्राप्त होगा। महज एक क्रिएटिव फर्म द्वारा इसे संभव बनाने के लिए अपने एक्सटेंडेड रियलिटी टैलेंट का इस्तेमाल किए जाने की बदौलत ऐसा होगा। वे०?स के वैश्विक मंच से क्रिएटर्स ऐतिहासिक गाथाओं व लोककथाओं का वर्णन करते हुए भारत या विदेश में अन्य ऐतिहासिक स्थलों तक भी खुद की पहुँच कायम करने की इच्छा शक्ति रखते हैं। अपने एक्सटेंडेड रियलिटीऔर वर्चुअल रियलिटी, कौशल का प्रदर्शन करते हुए न सिर्फ नए युवा बल्कि अनुभवी टेक्नोमेडिया कंपनियाँ दोनों को ही क्रमशः बाजार और मनोरंजक व रचनात्मक सामग्री वेव्स के मंच के माध्यम से मिल रही है। मीडिया व मनोरंजन जगत के साथ साथ देश दुनिया की स्ट्रीमिंग तथा प्रसारण जैसी तकनीक आधारित फर्म्स के लिए भी भविष्य के अनोखे क्रिएटर्स की परख मील का पत्थर है।

क्रिएटर्स की एक और टीम ने हमारी ऑनलाइन खरीदारी में वास्तविक दुनिया के वाणिज्य का अहसास देने के लिए वीआर का उपयोग किया है, ताकि आप को मात्र कुछ तस्वीरों से उत्पाद का त्रिविमीय अनुभव कराया जा सके। प्रौद्योगिकी से प्रेरित एक अन्य क्रिएटिव प्रतियोगी कम्पनी ने योगाभ्यास करने वालों की दोषपूर्ण मुद्राओं के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता समाधान के रूप में एक्सआर का उपयोग करके फिटनेस फ्रीक लोगों की योग मुद्राओं को दुरुस्त करने का एक समाधान, पोजपर्फेक्ट, निकाला है। ये क्रिएटिव प्रयास है, जो वास्तविक समय की एक समस्या है का समाधान देकर आपकी हमारी जीवनशैली सुधारता है। उचित सहायता और मार्गदर्शन के साथ युवा रचनात्मकता भारत को वर्ल्ड कॉन्टेंट हब के रूप में स्थापित कर सकती है। हमारी अर्थव्यवस्था को बढ़ा सकती है। साथ ही वेव्स दुनिया भर में रोजगार के अवसरों का सृजन कर सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'क्रिएट इन इंडिया, क्रिएट फॉर द वर्ल्ड' के विजन को वेव्स के माध्यम से साकार किया जा सकता है।

भारत के दूरदराज के इलाकों के कोडर भी वेव्स के तहत सीआइसी चैलेंज से लाभान्वित हो रहे हैं। वेव्स के मंच पर अपने कोडिंग कौशल की पहचान की बदौलत कश्मीर के एक 16 वर्षीय लड़के ने खुद का स्टार्टअप बनाने के सपनों को आकार देना शुरू कर दिया है। ये सिर्फ कश्मीर के एक युवा की कहानी नहीं है, बल्कि दुनिया भर में अनेक क्रिएटिव युवा हैं, जो वेव्स के टैलेंट हंट फोरम, क्रिएटोस्फेयर पर अपने कौशल का प्रदर्शन करके अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। कलात्मक सृजन के साथ प्रौद्योगिकी का संगम अपने चरम पर होने के कारण मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र में अपनी सॉफ्ट पावर के माध्यम से आने वाले समय में भारत रचनात्मक कंटेंट सृजन की वैश्विक क्रांति में नेतृत्व कर सकता है।

हमारी कहानी सुनाने की एक समृद्ध विरासत है, जिसमें यदि कोडिंग का कौशल भी मिल जाये तो हम भारतीय अपनी रचना को न केवल पारंपरिक रूप से उत्कृष्ट, बल्कि नैतिक रूप से भी मनोरंजक के साथ शिक्षाप्रद बना सकते हैं।

वह भी एक ऐसे समय में जब पारंपरिक ज्ञान व आधुनिक तकनीक को सभी को सुलभ कराने के लिए सच बोलना बहुत महत्वपूर्ण है। वेव्स दुनिया के सामने यह दिखाने के लिए पूरी तरह से तैयार है कि क्रिएटर्स ने किस प्रकार से सभी पीढ़ियों में मानवीय समझ को कुशाग्र बनाया है। इसलिए चाहे रील मेकिंग प्रतियोगिता हो या टेल द ट्रूथ हैकथॉन, रचनात्मकता के सभी स्वरूपों में सृजनात्मक प्रतिभा की पहचान अनिवार्य है। शीर्ष कॉमिक निर्माताओं की क्रिएटिव कॉमिक एनीमेशन वेव्स के माध्यम से इन दिनों मीडिया में क्रिएटिव वेव्स बना रही है। शास्त्रीय संगीत की दुनिया में भी, दूरदर्शन पर दिल्ली घराने का टैलेंट हंट शो, वाह उस्ताद रचनात्मकता के पारंपरिक स्वरूपों को पुनर्जीवित कर रहा है। इसके अलावा, अगर हमारी आधुनिक जेन जी पीढ़ी के क्रिएटर बच्चों की बात करें, जो अपने मोबाइल ऐप पर पियानो या कोई अन्य संगीत वाद्ययंत्र बजाते हैं, तो इलेक्ट्रॉनिक डांस और म्यूजिक एंड डीजेइंग कॉम्पिटिशन (इडीएम) भी नए दौर के प्रतिभाशाली क्रिएटर्स को आकर्षित कर रहा है। भारत दुनिया भर के लगभग 160 देशों से संपर्क कर चुका है, ताकि वे अगले महीने आयोजित होने वाले क्रिएट इन इंडिया चैलेंजेस के सीजन 1 के ग्रैंड फिनाले के दौरान दुनिया के शीर्ष क्रिएटर्स द्वारा पहचाने ग्लोबल क्रिएटिव टेलेंट को देख सकें।

पहला वेव्स समिट मीडिया और मनोरंजन (एमएंडइ) क्षेत्र के लिए एक उपलब्धि है। यह ऐतिहासिक समिट ग्लोबल लीडर्स, मीडिया पेशेवरों, कलाकारों, नीति निमार्ताओं और उद्योग जगत के हितधारकों को एक साथ लाएगा। यह समिट भारत को दुनिया का कॉन्टेंट हब बनने की दिशा में प्रयास है। रचनात्मक क्षेत्र में प्रौद्योगिकी के आगमन के साथ, सामने आने वाली प्रमुख चुनौतियों पर भी इस समिट में खुले मन से चर्चा होगी।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के दुरुपयोग, डीपफेक की समस्या जिसमें चित्रों व आवाज में फेरबदली की जाती है, जैसी कई समस्याओं पर निदान निकालने के लिए भारत वेव्स डिक्लेरेशन की पहल करेगा। गलत सूचना का खतरा और अनुभवी पारंपरिक मीडिया की स्थिरता जैसे वास्तविक समाधान भी वैश्विक मीडिया संवाद की विषय वस्तु के रूप में उभर कर सामने आ सकते हैं। अपनी तरह के पहले आयोजन के रूप में, वेव्स 2025 इन मुद्दों पर विमर्श करेगा और ऐसे समाधान तलाशेगा, जो सांस्कृतिक विविधता, नवाचार और मीडिया प्लेटफॉर्म तक समान पहुंच को बढ़ावा दें। वेव्स 2025 केवल एक समिट मात्र नहीं है; अपितु यह एक अधिक संबद्ध, रचनात्मक और सहयोगपूर्ण दुनिया के लिए एक विजन भी है।

**(लेखक : सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के पीआइबी के एडीजी हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

### झारखंड हैंडबॉल टीम ओड़िशा पहुंची



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** ओड़िशा के क्योंझर में पांच दिवसीय 39वीं सब-जूनियर बॉयज नेशनल हैंडबॉल चैंपियनशिप 2025 का आयोजन (8 से 12 मार्च)होना है। रविवार को प्रतियोगिता भाग लेने के लिए झारखंड हैंडबॉल संघ के राज्य स्तरीय सब-जूनियर बॉयज हैंडबॉल टीम को रवाना किया गया। झारखंड हैंडबॉल संघ के सचिव इमरान मसूद खान ने बताया ओडिशा के क्योंझर में 39वीं सब-जूनियर बॉयज नेशनल हैंडबॉल चैंपियनशिप 8 अप्रैल से 12 अप्रैल तक चलेगी।झारखंड टीम के लिए रांची,जामताड़ा,गोड्डा,बोकारो, सरायकेला,पूर्वी सिंहभूम सतीश कुमार,क्रिश,ओम,संस्कार,हर्ष, अक्षय, पंकज,सूर्यांशु,पुरसोतम,अफान, प्रिंस,देव शामिल है। टीम का नेतृत्व बिरजू कुमार (कप्तान) और राज कुमार (उपकप्तान) करेंगे। टीम में कुल 14 खिलाड़ी शामिल हैं।टीम के मुख्य कोच के रूप में हसन इमाम (मानेगर स्पोर्ट्स, जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स) को नियुक्त किया गया। वहीं टीम प्रबंधन की जिम्मेदारी अभिषेक को दी गई। जो इस टूनार्मेंट के लिए टीम मैनेजर होंगे। इस प्रतियोगिता में झारखंड से इम्तियाज अहमद को बतौर रेफरी चयनित किया गया। जो राज्य के लिए गर्व की बात है।झारखंड हैंडबॉल संघ के सचिव इमरान मसूद खान ने कोच, मैनेजर और रेफरी को शुभकामनाएं दी।उन्होंने कहा उमीद है झारखंड की टीम राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राज्य का नाम रोशन करेगी।

### श्रीश्री सार्वजनिक चैत्र नवरात्र पूजा का समापन



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** सोनारी मरार पारा स्थित शीतला माता मंदिर में आयोजित आठ दिवसीय श्री श्री सार्वजनिक चैत्र नवरात्रि जवांरा पूजा का नवमी तिथि को समापन हुआ। रविवार को पूजा स्थल से विसर्जन के लिए विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया गया।इस अवसर पर एम.पी. युवक संघ एवं महिला समिति के संयुक्त तत्वावधान में छत्तीसगढ़ी पारंपरिक वेशभूषा और सांस्कृतिक ढोल-नगाड़ों के साथ विशाल विसर्जन शोभायात्रा सैकड़ों महिला,पुरुष के साथ बच्चे बुजुर्ग भी शामिल रहे।मौके पर प्यारेलाल साहू ने कहा प्रतीक वर्ष की इस वर्ष भी जवांरा पूजा धूमधाम से हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया।रविवार को शोभायात्रा में कुल 17 ज्योति कलश शामिल किए गए। जिसे पूरे श्रद्धा भाव से धूमधाम के साथ न्यू कपाली घाट में विसर्जित किया गया।

## श्रीलक्ष्मीनारायण मंदिर में श्रद्धा और भक्ति के साथ संपन्न हुआ धार्मिक अनुष्ठान

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** श्रीलक्ष्मीनारायण मंदिर में जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने पारंपरिक श्रद्धा और भक्तिभाव से माता सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना की। रविवार को श्रीराम नवमी के पावन पर्व पर भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया। मंदिर में विगत नौ दिनों से चल रहे श्रीरामचरितमानस के नवाहपरायण पाठ की पूणार्हुति भी रविवार को संपन्न हुई। कार्यक्रम के तहत विधायक के द्वारा मंदिर परिसर में विशाल महावीरी ध्वज की स्थापना की गई। मां काली के समक्ष परंपरागत रूप से कुष्मांड (भतुआ) बलि दी गई। श्री राय ने मानव कल्याण की कामना करते हुए कन्या पूजन किया। कन्याओं को अपने हाथों से भोजन परोसा एवं उपहार का वितरण किया। प्रख्यात पुजारी पं. विनोद पांडेय ने देवी सिद्धिदात्री सहित श्रीगणेश और माता गौरी की विधिपूर्वक पूजा कराई। पूजन के उपरांत हवन, आरती व पुष्पांजलि की गई। महावीरी झंडा पूजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में भोग वितरण किया गया जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर आशुतोष राय, शिवशंकर सिंह, सुबोध श्रीवास्तव, नीरज सिंह, अमृता मिश्रा, इंद्रजीत सिंह, चंद्रशेखर राव, विवेक पांडेय, धर्मेंद्र प्रसाद, दीपू सिंह, राजन सिंह राजपूत, साकेत गौतम, हरेराम सिंह, निखार सबलोक सहित अन्य शामिल रहे।

## पोटका विधायक की पहल पर ग्वालकाटा में बनेगा पुल

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर/ पोटका।** आजादी के बाद पहली बार पोटका विधायक के ऐतिहासिक पहल पर प्रखंड के अति सुदूरवर्ती क्षेत्र ग्वालकाटा पंचायत के शाहरजुड़ी गांव स्थित सुतामटांडी नदी घाट पर अब पुल का निर्माण होगा।रविवार को विधायक संजीव सरदार ने ग्रामीणों की उपस्थिति में मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के तहत 2 करोड़ 06 लाख की लागत से बनने वाले पुल का विधिवत शिलान्यास किया। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र में उत्सव का माहौल बनी रही। ग्रामीणों ने मांदर, ढोल और नगाड़ों की धुन पर पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत करते हुए विधायक संजीव सरदार का भव्य स्वागत किया।सभी ने पुल निर्माण के लिए राज्य के सीएम व विधायक के प्रति आभार जताया।

**पुल निर्माण से पोटका और डुमरिया प्रखंड का होगा सीधे जुड़ाव : संजीव सरदार**

विधायक संजीव सरदार ने कहा ग्वालकाटा पंचायत कई वर्षों से विकास से वंचित रहा है। श्री सरदार ने बताया मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में अबुआ सरकार बीते पांच वर्षों में क्षेत्र की विकास को प्राथमिकता दी है। पहले क्षेत्र की सड़कों को दुरुस्त किया गया। अब यह बहुप्रतीक्षित पुल बनने जा रहा है। पुल के निर्माण से पोटका प्रखंड का सीधा संपर्क डुमरिया प्रखंड से स्थापित होगा। जिससे हजारों ग्रामीणों को दैनिक आवागमन में राहत मिलेगी।

**बच्चों को स्कूल और ग्रामीणों को कार्यालय पहुंचना होगा आसान**

श्री सरदार ने कहा पुल बनने से विद्यार्थियों को स्कूल और कॉलेज जाने में सुविधा होगी।वहीं ग्रामीण पंचायत और प्रखंड कार्यालय समेत अन्य जरूरी स्थानों तक आसानी से पहुंच सकेंगे। यह पुल क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक विकास का माध्यम बनेगा। इस अवसर पर पूर्व जिला परिषद सदस्य हीरामनी मुर्मू, पंचायत समिति सदस्य सीताराम हांसदा, ग्राम प्रधान भद्र मोहन हेंब्रोम, प्रखंड अध्यक्ष सुधीर सोरेन, सचिव भुवनेश्वर सरदार सहित हीतेश भकत, पिंटू भंज, पिनाकी नायक, जुरा हेंब्रोम, शुरू सरदार, रविता मार्डी, उदय सामद, उदय हेंब्रोम,निमाई हेंब्रोम, जगन्नाथ सोरेन,सुनाराम हांसदा, विनोद सरदार, जुगाई सोरेन,गार्दी सामद, दामो मार्डी सहित सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### भाजपा का स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मना




**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी के 46वें स्थापना दिवस पर जमशेदपुर महानगर के कार्यकर्ताओं ने विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया। रविवार को साकची स्थित भाजपा जिला कार्यालय में उत्साह और जोश के साथ भाजपा का 46वें स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यालय में महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। मौके पर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पं. दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर राष्ट्र प्रथम और अंत्योदय के संकल्प को दोहराया गया। महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने सभी कार्यकताओं को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा जनसेवा और सामाजिक सशक्तिकरण के पथ पर निरंतर अग्रसर है।आज भाजपा की पहचान देश ही नही बल्कि वैश्विक मंच पर भी बनी है।उन्होंने कहा भाजपा सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र के साथ काम कर रही है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पार्टी ने सामाजिक न्याय और सशक्तिकरण को हमेशा अपने विचारों और कार्यशैली में सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा पार्टी का स्थापना दिवस जमशेदपुर के सभी 28 मंडलों में भी मनाया गया। मंडल स्तर पर लड्डू वितरण व श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किए गए।

### फर्जी पुलिस बन कर अवैध वसूली करनेवाले गिरोह का खुलासा, बोलेरो जब्त, आरोपी फरार

**आदित्यपुर (आजाद सिपाही)।** सरायकेला-खरसावां जिले के आदित्यपुर थाना क्षेत्र में फर्जी पुलिस बनकर अवैध वसूली करने वाले एक गिरोह का पुलिस ने खुलासा कर दिया।पुलिस के अनुसार बीते 4 अप्रैल की रात गश्ती के दौरान ऑटो क्लस्टर ट्रैफिक पोस्ट के पास एक संदिग्ध बिना नंबर प्लेट वाली बोलेरो गाड़ी को रोकने का प्रयास किया,लेकिन वाहन तेज रफ्तार में भागने लगा।गश्ती दल में शामिल एसआई जयराज कुमार सोनी,एसआई रणजीत कुमार सिंह, आरक्षी नन्दलाल प्रसाद वर्मा और चालक आरक्षी इन्द्रजीत प्रसाद ने तत्परता दिखाते हुए पीछा कर बोलेरो को पकड़ लिया। लेकिन वाहन में सवार आरोपी मौके से फरार होने में सफल हुए। वाहन की जांच के दौरान विंडशील्ड पर ह्यपुलिसह्न लिखा हुआ था और काली फिल्म लगी थी। जिससे इसका इस्तेमाल लोगों को डराने-धमकाने के लिए किया जाने का अनुमान है। वाहन की तलाशी में पुलिस ने एक वॉकी-टॉकी सेट, उसका चार्जर, कई पहचान पत्र (ड्राइविंग लाइसेंस, आधार, पैन कार्ड), दो वाहन रजिस्ट्रेशन कार्ड, 18 से 20 डेबिट/क्रेडिट कार्ड, एयरगन के छर्रे और एक छिपा हुआ नंबर प्लेट बरामद किया। गिरोह में कुणाल कुमार उर्फ बिट्टू नंदी, उसके भाई बिक्की नंदी (जो हत्या के मामले में पहले से जेल में है) और गौतम कुमार को आरोपी बनाया गया।

# गढ़वा में धूमधाम से मनायी गयी रामनवमी, निकली भव्य शोभायात्रा

## भगवान श्री राम के आदर्शों पर चलकर ही जीवन सफल होगा : मिथिलेश ठाकुर

आजाआद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** रामनवमी के मौके पर गढ़वा में जगह-जगह भंडारा का आयोजन किया गया। झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने विभिन्न स्थानों पर कन्या पूजन कर, भगवान श्री राम एवं मां दुर्गा की पूजा अर्चना कर, दीप जलाकार एवं फीता काटकर भंडारा का उद्घाटन किया। साथ ही श्री ठाकुर ने प्रसाद वितरण कर भंडारा की शुरूआत की। व्यवसायी संघ बाजार समिति, युवा शक्ति संघ रंका मोड़ गढ़वा, झुगी झोपड़ी दुकानदार संघ सहिजना मोड़ गढ़वा आदि स्थानों पर आयोजित भंडारा का उद्घाटन किया। साथ ही श्री ठाकुर ने रामनवमी के मौके पर स्टेशन रोड स्थित श्री रामलला मंदिर में आयोजित कार्यक्रम, सत्संग समिति लगमा के तत्वावधान में आयोजित भंडारा, सनातनी हिंदु जागरण मंच मां काली मंदिर ग्राम सोह लोटो में आयोजित मां काली प्राण प्रतिष्ठा सह शतचंडी महायज्ञ, कमलापुरी वैष्य समाज गढ़वा की ओर से आयोजित प्रसाद वितरण समारोह, लक्की क्लब पचपड़वा की ओर से आयोजित रामनवमी जुलूस, वीर कुंअर सिंह अखाड़ा आदर्ष नगर सुखबाना, श्री रामनवमी पूजा समिति मंगल भवन फॉरेस्ट कॉलोनी गढ़वा, श्री राम सेना समिति की ओर से चिनियां प्रखंड के बरवाडीह में आयोजित नवाह्न परायण यज्ञ कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मौके पर पूर्व मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि हम सभी मयार्दा पुरूषोत्तम भगवान श्री राम के जन्मोत्सव को रामनवमी के रूप में मनाते हैं। भगवान श्री राम के आदर्शों पर चलकर ही हम सभी का जीवन सफल होगा। उन्होंने कहा कि हमारे गढ़वा, झारखंड सहित पूरे देश में राम राज्य की स्थापना हो।

## एक ही नारा एक ही नाम, जय श्री राम-जय श्री राम से गूंजा मेराल



**मेराल (आजाद सिपाही)।** प्रखंड भर में हषोर्लाश के साथ सौहार्द पूर्ण वातावरण में रामनवमी का पर्व मनाया गया। प्रखंड मुख्यालय सहित सभी पंचायत क्षेत्रों में महावीरी झंडा के साथ भव्य जुलूस निकाला गया, साथ ही राम दरवार की झांकी निकाली गयी। प्रखंड मुख्यालय में मुडल टोला, पूवार्रा टोला आदि जगहों से भव्य जुलूस के साथ राम दरबार की झांकी निकाली गयी। इसी तरह हासनदाग, श्रीराम सेना लगमा, पतहरिया, दलेली, पचफेड़ी, हासनदाग, बाना, दुलदुलवा, अटौला, बंका सहित कई अन्य जगहों पर विभिन्न अखाड़ों द्वारा राम लक्ष्मण जानकी जय बोलो हनुमान की जयकारे के साथ भव्य जुलूस निकाली गयी। मेराल का जुलूस थाना चौक, बस स्टैंड, पुरानी बाजार होते प्राचीन शिव मंदिर, मां शायर देवी धाम मंदिर पहुंचकर समाप्त हुई। जुलूस का नेतृत्व सभी टोलों के प्रमुख तथा गणमान्य लोग कर रहे थे। जुलूस शांतिपूर्ण तथा समय से विसर्जन करने के लिए थाना प्रभारी विष्णुकांत के नेतृत्व में पुलिस बल के जवान जुलूस में शामिल थे।

## भवनाथपुर में धूमधाम से मनाया गया राम जन्मोत्सव



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में रामनवमी पर्व के साथ ही नौ दिवसीय चैत्र नवरात्र पूजा संपन्न हो गया। मंदिरो में सुबह से ही पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालुओ भीड़ लगी रही। चैत रामनवमी को लेकर टाउनशिप दुर्गा मंदिर, भवनाथपुर टाउनशिप मुख्य मार्ग स्थित देवी धाम मंदिर, नटवा बाबा धाम, अधौरा स्थित मांडर महारानी मंदिर, सिंघिताली स्थित मंदिर, अरसली उतरी दुर्गा मंदिर, टाउनशिप स्थित महावीर मंदिर में नवरात्रि के नवमी के दिन सुबह से ही लोगों की भीड़ उमड़ने लगी थी।**

## केतार में राम भक्तों ने निकाला बाइक जुलूस और भव्य शोभा यात्रा



**केतार (आजाद सिपाही)।** श्री मां चतुर्भुजी शक्तिपीठ धाम से राम भक्तों ने सांय चार बजे से विशाल बाइक जुलूस और भव्य शोभा यात्रा मंदिर विकास समिति के नेतृत्व में निकली गयी। इस शोभायात्रा में राम, लक्ष्मण सीता जी की झांकी निकाली गयी। राम भक्तों ने सैकड़ों बाइक पर शामिल हुए। इस शोभा यात्रा में जय श्रीराम, रामजी की निकली सवारी, रामजी की लीला है न्यारी, एक तरफ लक्ष्मण एक तरफ सीता बीच में हैं जगत के पालनहारी, रामजी की निकली सवारी, रामजी की लीला है न्यारी..। समेत कई भक्ति गीत से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। मोटर साइकिल जुलूस मां चतुभुर्जी मंदिर शक्तिपीठ से शुरू होकर केतार मुख्य बाजार से चलाकर कर्पूरी चौक पहुंचा। कपूर्री चौक के पास समाजसेवी मिथलेश प्रसाद के द्वारा शीतल पेय का व्यवस्था किया गया।उसके प्रखंड कार्यालय के रास्ते नावाडीह हनुमान मंदिर पर रुककर हल्का विश्राम किया। तत्पश्चात बेलाबार से कोल रोड से पालनगर होते हुए पुनः मां चतुभुर्जी शक्तिपीठ में पहुंचने के बाद समापन हुआ।

## कसौधन महिला मंच ने श्रद्धालुओं के लिए शीतल जल की व्यवस्था की

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** कसौधन वैश्य समाज महिला मंच के तत्वावधान में श्रीराम नवमी पूजा जन्मोत्सव के अवसर पर श्री राम भक्तों के लिए मेन रोड में शीतल पेय जल मुरब्बा, गुड़ और चना की व्यवस्था किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष कंचन कश्यप के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गढ़वा महिला थाना प्रभारी अलीसा कुमारी, वैश्य महासम्मेलन के अध्यक्ष रविंदर जयसवाल के द्वारा संयुक्त रूप से दीपप्रज्वलित कर उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का संचालन उमेश कश्यप के द्वारा किया गया। मौके पर मुख्यरूप से उपस्थित जेनरल के संस्थापक अध्यक्ष मुरली श्याम सोनी उपस्थित थे। मौके पर बोलते हुए अलीसा कुमारी ने कहा कि महिला मंच के द्वारा यह कार्यक्रम किया गया। कशौधन महिला मंच के अध्यक्ष कंचन कश्यप ने कहा कि महिला मंच सामाजिक कार्य में हर समय बढ़ चढ़कर हिस्सा लेती है। मौके पर उपस्थित सचिव अर्चना कश्यप, उपाध्यक्ष नमिता कश्यप, कोषाध्यक्ष निधि कश्यप, संगठन मंत्री सीमा कश्यप, ममता कश्यप, गुड़िया कश्यप, प्रतिमा कश्यप, ललिता, सोनी वंदना, पूजा, शोभा, सुरेंद्र, संतोष, दिनेश, मनोज, विवेक, ईश्वर कश्यप सहित कई लोग उपस्थित थे।

## बंशीधर में धूमधाम से निकला महावीरी झंडा जुलूस



**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। श्री रामनवमी का त्योहार रविवार को श्री बंशीधर नगर अनुमंडल मुख्यालय समेत ग्रामीण क्षेत्रों में शांतिपूर्ण तरीके से धूमधाम से मनाया गया। रामनवमी के दिन अनुमंडल मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में महावीरी झंडा के साथ भव्य जुलूस निकाली गयी। श्री राम जन्मोत्सव को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखा गया। जुलूस में रामजी की निकली सवारी, राम जी की लीला है न्यारी, जय श्रीराम, जय हनुमान के जयकारे से श्री बंशीधर नगर गुंजायमान रहा। वहीं पारंपरिक शस्त्रों के साथ लोगों ने करतब दिखाये। श्री राम सेना, अंजुमन कमेटी समेत विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं समाज सेवियों के द्वारा जुलूस में शामिल लोगों के लिए भंडारा, शरबत एवं पेयजल की व्यवस्था की गयी थी। जुलूस में विधायक अनंत प्रताप देव, नपं की उपाध्यक्ष लता देवी, विधायक के पुत्र मानवेंद्र प्रताप देव, झामुमो नेता मुक्तेश्वर पांडेय, सूर्यदेव मेहता, अमरनाथ पांडेय, तस्लीम खां, राकेश जायसवाल उर्फ बबलू जायसवाल, अशोक जायसवाल, मिक्की जायसवाल, प्संजीत कुमार उर्फ छोटू, राजेश जायसवाल, श्रीराम सेना के अध्यक्ष रजनीकांत मधुर, वीरेंद्र अग्रहरी, ओमप्रकाश चौबे, आनंद जायसवाल समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।**

## भक्ति जागरण का भव्य आयोजन



आजाद सिपाही संवादाता

**कांडी।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम नवमी और देवी धाम मंदिर के जीर्णोद्धार अवसर पर शनिवार रात्रि देवी धाम प्रांगण में भक्ति जागरण का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन कांडी थाना प्रभारी अविनाश राज, जिप सदस्य प्रतिनिधि दिनेश कुमार, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि अजीज अंसारी, वर्तमान मुखिया प्रतिनिधि अरुण राम व गांव के वरिष्ठ नागरिकों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। अपने संबोधन में थाना प्रभारी ने शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व मनाने की अपील की एवं सोशल मीडिया पर संयम बरतने को कहा। दिनेश कुमार ने धार्मिक आयोजनों के सामाजिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी को शुभकामनाएं दीं। भजन गायिका पूजा कैमूरी ने 'जो भी आ जाए माता जी के दरबार में' जैसे भजनों से माहौल भक्तिमय कर दिया। सूरज तहलका व शक्तिमान राज की प्रस्तुतियों ने भी श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। इस अवसर पर संतोष बैठा, गोपाल सिंह, चंद्रिका बैठा, राहुल राज, रविशंकर, आलोक, कमलेश, विकेश, अंकित, राजा सिंह, सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## डंडई में निकली भव्य झांकी और शोभायात्रा



**डंडई (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय सहित विभिन्न क्षेत्रों में रामनवमी को लेकर रविवार को शांतिपूर्वक और हर्षोल्लास के साथ संपन्न हो गया। प्रखंड मुख्यालय के हरिहर मंदिर, हनुमान मंदिर, लवाही के मनगरदह मंदिर, रारो, जरही, करके, जर्दे, सोनेहारा, पचौर समेत विभिन्न मंदिरों में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा। हरिहर मंदिर डंडई में श्री राम सेवा समिति के पदाधिकारी और भक्तजन मंदिर परिसर में ध्वजारोहण कर भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम और पवन पुत्र हनुमान की पूजा अर्चना की। इधर प्रखंड मुख्यालय डंडई में श्री राम सेवा समिति के अगुवाई में राम भक्तों द्वारा भव्य जुलूस सह शोभा यात्रा निकाली गयी। इस दौरान शोभा यात्रा हरिहर मंदिर से शुरू होकर देवी धाम, मुख्य बाजार, अंबेडकर चौक, हनुमान मंदिर होते हुए बगीचा घाट पहुंचा। शोभा यात्रा में शामिल भक्त जय श्री राम, राजतिलक की करो तैयारी, आ रहे हैं भगवाधारी, जय रघुनंदन, जय सियाराम के नारे लगा रहे थे। शोभा यात्रा में मुख्य रूप से श्री राम सेवा समिति के राजेश गुप्ता, ऋषि राज कुमार, दीनानाथ पांडेय, भाजपा जिला अध्यक्षा अनीता गुप्ता, डॉ बीडी चौधरी, चंद्रशेखर प्रसाद सहित काफी संख्या में रामभक्त शामिल हुए।**

## 'ध्यानाकर्षण रैली' का आगाज आज से



**गढ़वा (आजाद सिपाही)। झारखंड ऑफिसर्स टीचर्स एंड एंप्लॉई फेडरेशन के प्रांतीय अध्यक्ष विक्रांत कुमार सिंह के निर्देशानुसार सोमवार को झारोटेफ जिला ईकाई गढ़वा के जिलाध्यक्ष सुशील कुमार के नेतृत्व में एक अत्यावश्यक बैठक आयोजित कर प्रखंड स्तरीय 'ध्यानाकर्षण रैली- सह- ज्ञापन कार्यक्रम' को आयोजित करने हेतु सर्वसम्मति से प्रखंडवार तिथि निर्धारित किया गया। इस बाबत जिलाध्यक्ष सुशील कुमार ने विस्तार रूप से बताया कि झारखंड ऑफिसर्स टीचर्स एंड एंप्लॉईज फेडरेशन के तत्वाधान में राज्य के सरकारी कर्मचारियों के ज्वलंत मांगों की पूर्ति हेतु आहूत आन्दोलन के प्रथम चरण में 'हस्ताक्षर महाअभियान' की सफलता के उपरांत आंदोलन के द्वितीय चरण में जिला अंतर्गत समस्त प्रखंडों में प्रखंड के समस्त सरकारी शिक्षकों, कर्मियों और पदाधिकारियों के द्वारा प्रखंड मुख्यालय में राज्य सरकार का उपर्युक्त मुद्दों के प्रति 'ध्यानाकर्षण रैली' का आयोजन क्रमशः दिनांक 04 अप्रैल से 23 अप्रैल 2025 के मध्य किया जायेगा। उक्त ध्यानाकर्षण रैली के अंतर्गत जिले के सभी प्रखंडों के कर्मचारी अपने न्यायोचित मांगों के निमित प्रखंड विकास पदाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव, झारखंड सरकार को ज्ञापन पत्र सौंपेंगे। जिसमें ज्ञापन पत्र के साथ कर्मचारियों के द्वारा की गई हस्ताक्षर की प्रति भी संलग्न किया जायेगा। संगठन के प्राथमिक मांगों के अंतर्गत अन्य राज्य कर्मियों की भांति शिक्षक संवर्ग को MACP का लाभ देने, वाला राज्य कर्मियों की सेवानिवृत्ति की उम्र 62 वर्ष करने एवं केंद्रीय कर्मचारियों की भांति राज्य कर्मियों को शिशु शिक्षण भत्ता प्रदान करने सहित 11 सूत्री मांग शामिल हैं।**

## आदर्श मध्य विद्यालय मेराल से चोरी के सामान के साथ एक युवक गिरफ्तार

- एचबीएल कंपनी के 12 वाट का 4 बैटरी, मॉनिटर 5 पीस, जैब्रान कंपनी का 9 पीस हेडफोन तथा एक समरसेबल मोटर पंप बरामद किया गया है

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल।** थाना पुलिस ने प्रखण्ड मुख्यालय के आदर्श मध्य विद्यालय बाजार टोला से चोरी किये गये समान के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में थाना प्रभारी विष्णु कांत ने बताया कि आदर्श मध्य विद्यालय बाजार टोला में समरसेबल चोरी किये जाने को लेकर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष संतोष कुमार और सचिव के द्वारा लिखित आवेदन दिया गया था। इसके बाद पुलिस चोर को पकड़ने के फिराक में लगा हुआ था। इसी दौरान दूसरे दिन शनिवार के रात्रि में स्मार्ट क्लाश रूम का ताला तोड़कर सामान को चोरी कर रहा था। विद्यालय प्रबंधन समिति तथा पुलिस की तत्परता से क्लाश रूम के प्रोजेक्टर को खोलते हुए आरोपी को पकड़ा गया। पकड़ा गया युवक का नाम सुमंत कुमार गुप्ता पिता दिनेश प्रसाद गुप्ता जो मेराल पुरबारा टोला का निवासी है। पकड़े गए युवक के निशानदेही पर स्कूल का एचबीएल कंपनी के 12 वाट का 4 बैटरी, मॉनिटर 5 पीस, जैब्रान कंपनी का 9 पीस हेडफोन तथा एक समरसेबल मोटर पंप बरामद किया गया है। बरामद सामान को थाना में लाया गया। मामले में प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तार युवक को रविवार को जेल भेज दिया गया।

## मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम हम सभी के प्रेरणास्रोत हैं : अनंत प्रताप देव



**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। विधायक व श्री राम सेना के मुख्य संरक्षक अनंत प्रताप देव ने कहा कि मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्री राम हम सभी के प्रेरणास्रोत हैं। वे शुक्रवार की शाम श्री राम सेना की ओर से रामनवमी के मौके पर शहर के गोसाईबाग के मैदान में आयोजित भजन संध्या के उद्घाटन के पश्चात उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हम सभी के आदर्श भगवान श्री राम के जीवन चरित्र को अपनाकर समाज को आगे ले जा सकते हैं। विधायक ने कहा कि श्री बंशीधर नगर श्री बंशीधर जी के नाम से जाना जाता है। यहां बंशीधर महोत्सव का आयोजन किया जाता है। प्रदेश की हेमंत सोरेन की सरकार ने महोत्सव को राजकीय महोत्सव का दर्जा देकर श्री बंशीधर जी की ख्याति देश दुनिया में दिलाने का काम किया है। उन्होंने उपस्थित लोगों को रामनवमी की शुभकामनाएं देते हुये कहा कि श्री बंशीधर नगर के लोग काफी शांतिप्रिय हैं। श्री राम सेना के संरक्षक दीपक प्रताप देव ने कहा कि दुनिया में कोई धर्म है तो वो एकमात्र सनातन धर्म है। श्री देव ने उपस्थित लोगों से कहा कि अगर आप भगवान श्री राम को मानते हैं तो आपको मर्यादा का पालन करना होगा। उस मौके पर एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह, चिरंजीव मंडल, पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह, भवनाथपुर के गुलाब सिंह, थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक, झामुमो के जिला उपाध्यक्ष मुक्तेश्वर पांडेय, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।**

## महाभंडारा के साथ नवाह्न पारायण महायज्ञ संपन्न, भक्ति जागरण आज



- पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार कुमार ठाकुर और विधायक नरेश सिंह कार्यक्रम का करेंगे उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेराल।** प्रसिद्ध मां शायर देवी धाम मंदिर का पांचवा वार्षिक महोत्सव के 9वें दिन श्री रामचरित्र मानस नवाह्न पारायण महायज्ञ का समापन पूणार्हुति के पश्चात भव्य भंडारे के साथ हो गया। रामनवमी सह वार्षिकोत्सव के अवसर पर आयोजित महाभंडरा का शुभारंभ प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी, मुखिया उर्मिला देवी, रामसागर महतो समाजसेवी मुन्ना राम, देवी धाम संचालन समिति के अध्यक्ष संजय भगत, प्रेमचंद प्रसाद, वीरेंद्र साव आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर संचालन समिति के नवनिर्वाचित अध्यक्ष विजय प्रसाद गुप्ता, कृष्णा प्रसाद कुशवाहा, विनोद प्रसाद, प्रमोद महाजन, सूर्य प्रकाश, डॉ लालमोहन, नवीन जायसवाल, महेंद्र, मनोज, विनोद कुशवाहा, अनुज सहित आयोजन समिति के कई पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में लोग थे। अध्यक्ष संजय भगत ने बताया कि महोत्सव के अंतिम दिन सोमवार की रात्रि में भोजपुरी सिनेमा के उभरते स्टार आर्यन बाबू और सुप्रसिद्ध भोजपुरी गायिका खुशबू शर्मा एवं उनकी टीम द्वारा भव्य भक्ति जागरण का आयोजन होगा, जिस कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर और विधायक नरेश प्रसाद सिंह करेंगे।

## चैता दुगोला का फीता काटकर मुखिया ने किया उद्घाटन



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। पंडरिया पंचायत स्थित अधौरा गांव में मांडर महारानी परिसर में शनिवार को चैता दुगोला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन पंडरिया पंचायत मुखिया गायत्री देवी, थाना प्रभारी रंजनी रंजन, जिला परिषद सदस्य रजनी शर्मा, समाजसेवी अनिल चौबे, अजय वर्मा, जेएमएम नेता लल्लू राम, पूर्व बीससुत्री अध्यक्ष ब्रजेश सिंह, भाजपा नेता लक्ष्मण राम ने संयुक्त रूप से फिता काट कर व दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर मुखिया गायत्री देवी ने कहा आज बड़े ही हर्ष का दिन है कि हम सभी लोग भगवान राम के जन्मोत्सव मनाने को लेकर एकत्रित हुए हैं। कहीं हम सभी को भगवान राम के आदर्श को अपने जिवन मे उतारें तभी हमलोग का जिवन सफल होगा। मंदिर परिसर में चैता दुगोला का आयोजन किया गया है जिसमें सभी लोग मिलकर सौहार्द के साथ एकजुटता का परिचय दे। चैता दुगोला का महामुकाबला बिहार के दो जिला के ब्यास के बिच हुआ। अरवल जिला के कांत ब्यास तथा आरा जिला के श्याम बाबू के बिच हुआ। दोनों के बीच कड़ा मुकाबला के पश्चात निर्णायक सपा नेता उमेन्द्र यादव व सरैया गांव निवासी महेंद्र दुबे ने संयुक्त रूप से अरवल जिला व्यास श्रीकांत को विजेता घोषित किया। इस अवसर पर मांडर महारानी पुजा कमेटी के अध्यक्ष सह भाजपा नेता अनिल कुमार चौबे, अमित यादव, शुक्ला कुमार, राजेंद्र यादव, अरूण गुप्ता, महेंद्र पासवान, भानु गुप्ता, मनोज यादव सहित सभी सदस्य कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया।**

## अगलगी में 1400 सौ गेहूं का बोझा सहित अन्य सामान जलकर राख, सरकार से मुआवजे की मांग

- मौके पर फायर ब्रिगेड के जवानों ने आग पर पाया

आजाद सिपाही संवाददाता



खलिहान में लगी आग को बुझाते ग्रामीण और फायर बिग्रेड के जवान।

**सगमा।** खलिहान में लगी आग से चौदह सौ गेहूं का बोझा सहित अन्य सामान जलकर राख हो गया जिसमें लाखों का नुकसान हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार धुरकी थाना क्षेत्र के बीरबल गांव में रविवार को साढ़े बारह बजे खलिहान में आग लग गया जिस कारण किसान गोविंद साह का चार सौ सत्तर बोझा गेहूं, उसी खलिहान में रखे ललित साह का सात सौ बोझा गेहूं, पचास बोझा सरसो, चालीस बोझा अरहर के साथ, गोविंद साह का तेल मिल जलकर राख हो गया ।

आग का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है की आधा दर्जन मोटर चलाकर पानी डाला जा रहा था बावजूद आग पर काबू नहीं पाया जा सका। सगमा प्रमुख अजय साह ने फायर ब्रिगेड को फोन कर बुलाया गया तब जाकर आग पर काबू पाया गया, तबतक भारी नुकसान हो चुका था। मौके पर धुरकी थाना एसआई शैलेंद्र कुमार ने आग लगी का मुआयना किया। साथ ही गोविंद साह का गेहूं के साथ ही तेल मिल तथा घरेलू सामान भी आग के हवाले हो चुका है। पीड़ित किसान का पूरा परिवार सड़क पर आ चुका है, स्थिति यह है कि भोजन के लाले पड़ गये हैं। पीड़ित गोविंद साह ने बताया कि बगल के सीताराम साह के घर के लोग खलिहान के नजदीक अपने खेत में कूड़ा जला रहे थे, इसी समय हवा का झोंका इतना तेजी से आया की उनके खलिहान में आग पकड़ लिया, जिस कारण भारी नुकसान हुआ है। इस घटना के बाद प्रमुख अजय साह, मुखिया इंद्रजीत कुशवाहा ने पीड़ित किसान के घर जाकर सांत्वना देते हुए हर संभव सहायता का आश्वासन दिया है।

## तक्कूशाह दाता के उर्स के मौके पर कव्वाली का आयोजन



**रंका (आजाद सिपाही)। पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने शनिवार को रंका अनुमंडल मुख्यालय स्थित श्री रघुनाथ अखाड़ा हनुमान मंदिर श्री रामनवमी यज्ञ भूमि में माथा टेका और आशिर्वाद प्राप्त किया। श्री ठाकुर को श्री रामनवमी पूजा समिति रंका अध्यक्ष सुलपानी सिंह ने अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। वहीं हनुमान मंदिर प्रांगण से सटे बाबा तक्कूशाह दाता के मजार पर चादर पोसी की और दुआ मांगी। तत्पश्चात रंका अंजुमन कमेटी के द्वारा आयोजित कव्वाली मुकाबला का मुख्य अतिथि के रूप में फीता काट कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर क्व्वाली गायक रेहान अली, दिल्ली और अजमत आफताब वारसी,मेरठ यूपी के बीच शानदार क्व्वाली मुकाबला हुआ जिन्होंने एक से बढ़कर एक धार्मिक, सामाजिक एवं राष्ट्रीय एकता संगीत प्रस्तुत कर श्रोताओं को रातभर खूब मनोरंजन किया। मौके पर रंका एसडीपीओ रोहित रंजन सिंह, अंचलाधिकारी शिवपूजन तिवारी, थाना प्रभारी चेतन कुमार सिंह, झामुमो नेता रौशन पाठक, तनवीर आलम खान, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष जैनुल्लाह अंसारी सहित हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे।**

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 07 अप्रैल, 2025
www.azadsipahi.in



# लोहरदगा और लातेहार में शोभायात्रा में उमड़े रामभक्त

## 'राम लखन जानकी जय बोलो हनुमान की' जैसे गगन भेदी नारों से गुंजायमान रहा लोहरदगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** जिले में रविवार को भव्य तरीके से श्री रामनवमी की शोभायात्रा निकाली गयी। हर ओर जय श्री राम जय हनुमान के नारे लगाए जा रहे थे। पूरा शहर भगवामय हो गया। शहरी क्षेत्र सहित कई ग्रामीण इलाकों में पारंपरिक रूप से रामनवमी की शोभायात्रा निकाली गयी। जिसमें पारंपरिक अस्त्रों और महावीरी पताकों के साथ शामिल होकर हर आयु वर्ग के लोग रामभक्ति की धुन पर खूब झूमे। जुलूस में पारंपरिक अस्त्र शस्त्र के खेल का भी प्रदर्शन हुआ। भगवामय शोभा यात्रा में बजरंगियों ने जय श्रीराम के खूब नारे लगाए। रामायण, श्रीराम और हनुमान पर आधारित झांकिया भी निकाली गयी। महिलाएं व युवतियों ने भी जुलूस में शामिल होकर नारी शक्ति की मिशाल पेश की। इस दौरान श्री राम, लखन जानकी जय बोलो हनुमान की... जैसे गगन भेदी नारों से शहर पूरी तरह गुंजायमान रहा।



अखाड़ों के लोगों ने अस्त्र और शस्त्रों के साथ कलाबाजियों का प्रदर्शन किया। परंपरागत रूप से थाना टोली अखाड़ा से आरंभ हुई। शोभा यात्रा की अगुवाई केंद्रीय महावीर मंडल के संरक्षकों, पदाधिकारियों व गणमान्य लोगों ने की। केंद्रीय महावीर मंडल पदाधिकारी और काफी संख्या में सनातन धर्मावलंबी ने अपनी भागीदारी दी। रामनवमी जुलूस को लेकर विशेषकर युवाओं में जबरदस्त उत्साह देखा गया। शोभायात्रा में शामिल दर्जनों अखाड़ा दलों के युवाओं ने केसरिया वस्त्र धारण कर पारंपरिक हथियारों के साथ जुलूस में शामिल हुए। पूरा शहर भगवामय में तब्दील हो गया। इधर पुलिस प्रशासन की ओर से ड्रोन से निगरानी सहित सुरक्षा की अभूतपूर्व व्यवस्था की गयी थी। सुरक्षा व्यवस्था में खुद उपायुक्त वाघमारे प्रसाद कृष्ण, एसपी हारिस बिन जमां की अगुवाई में एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा, एसडीओ अमित कुमार, सदर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रत्नेश मोहन ठाकुर, नप पदाधिकारी, आदि घंटो विभिन्न संवेदनशील क्षेत्रों में कैंप किये थे। जुलूस में विधि व्यवस्था बनाये रखने को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आये। इधर रामनवमी की शोभायात्रा में रामायण काल पर आधारित निकली झांकियां रामायण काल की याद दिला रही थी। अशोक वाटिका में पेड़ के नीचे बैठी माता सीता व भगवान श्री राम की आकर्षक प्रतिमा ने सभी का मन मोह लिया। महिलाएं व युवतियों की टोली भी हाथों में अस्त्र शस्त्र लिए आगे चल रही थी। कोई हाथों में गदा लिए तो कोई हाथों में तलवार लेकर शोभायात्रा में शामिल हुए थे। हर हाथ में भगवा ध्वज और हाथों में पारंपरिक अस्त्र शस्त्र था। लोग शांतिपूर्ण तरीके से कतारबद्ध होकर नियत रास्ते से शोभायात्रा में चल रहे थे। इधर रामनवमी जुलूस का जगह जगह स्वागत किया गया। वही शहर के अन्य हिस्सों में हिन्दू संगठनों और आम जनता के द्वारा स्टॉल लगाकर फ्रूट सलाद, जूस, पानी आदि बांटा जा रहा था।

## पारंपरिक हथियार और ढोल के साथ जुलूस में शामिल हुए रामभक्त

**सेन्हा/ लोहरदगा।** रामजन्मोत्सव के पावन अवसर पर सेन्हा मुख्यालय में शनिवार रात्रि रामभक्तों द्वारा आयोजित हुआ शोभायात्रा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न अखाड़ा के लोग ढोल, नगाड़ा और बैंड तासा तथा पारंपरिक अस्त्र शस्त्र के साथ सैकड़ो सनातनी भक्त गण शोभायात्रा में शामिल हुए। विदित हो कि सेन्हा प्रखंड मुख्यालय ग्राम में रामजन्मोत्सव पर केंद्रीय रामनवमी समिति द्वारा शोभायात्रा आयोजित किया गया। शोभायात्रा के दौरान राम भक्त व हिन्दू संगठन के लोग शोभायात्रा कार्यक्रम में शामिल भगवान श्री राम एवं हनुमान जी का गगनभेदी उद्‌घोष लगा रहे थे। जिसे क्षेत्र गूंजायमान हो रहा था। सेन्हा प्रखंड मुख्यालय ग्राम में शोभायात्रा का भव्य आयोजन को लेकर साज सज्जा के साथ ग्रामीण इलाकों में भी शोभयात्रा और मेला



आयोजन के लिये जनसंपर्क किया जा रहा है। शोभायात्रा का सफल आयोजन के लिये सभी सनातनियों ने बढ़ चढ़ कर सहयोग किया। वही रामजन्मोत्सव पर रामनवमी का शोभायात्रा शनिवार रात्रि में सती मंदिर प्रांगण से पारम्परिक वाद्य यंत्र एवं ध्वनि यंत्र के साथ प्रारंभ हुआ जो महतो मुहल्ला, ठाकुरबारी, होते हुए लोहरदगा गुमला मुख्य मार्ग के रास्ते मेन चौक स्थित हनुमान मंदिर के समीप पंहुच विभिन्न अखाड़ा दल के भक्तों द्वारा अस्त्र शस्त्र खेल का प्रदर्शन किया गया। गौरतलब हो कि रामनवमी के त्यौहार पर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में रविवार को मेला का आयोजन किया जायेगा। वही दशमी को यानी सात अप्रैल को सेन्हा में प्रखंड स्तर पर मेला आयोजन की तैयारियां आरंभ कर दिया गया है। शोभायात्रा में केंद्रीय रामनवमी पूजा समिति, विहिप कार्यकर्ता सहित विभिन्न संगठन एवं सनातनी भक्त गण शामिल थे।

## मसमानो में राम जन्मोत्सव के अवसर पर मेला का आयोजन

**भंडरा (आजाद सिपाही)।** आस्था का महापर्व रामनवमी के अवसर पर भंडरा प्रखंड क्षेत्र के मसमानो गांव में रामजन्मोत्सव के अवसर पर भव्य मेला सह अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान सुबह से ही राम भक्त श्री राम व भक्त हनुमान की पूजा अर्चना में मग्न दिखे। वहीं दोपहर बाद शाम में मेला आयोजन महावीर मंडल मसमानो के बैनर तले भव्य मेला का आयोजन किया गया। वहीं डीजे व बैंड बाजा के साथ जुलूस में बच्चे बूढ़े व युवक हाथ में लाठी डंडा व पारम्परिक हथियार लेकर नाचते थिरकते नजर आये। वहीं जय श्री राम, जय बजरंगबली, रामलखन जानकी जय बोलो हनुमान की नारा से क्षेत्र गुंजायमान हो रहा। वहीं मेला टांड़ में शामिल लोगों के लिए चना, गुड़, पानी व शरबत की व्यवस्था की गयी थी। मेला में मिठाई,



खिलौना, श्रृंगार सहित अन्य चीजों की खूब बिक्री हुई। इधर के त्योहार शांति व सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हो इसके लिए दंडाधिकारी नितलेंद्र सिंह के साथ भंडरा थाना पुलिस प्रशासन चौकस नजर आये। वहीं मेला में आए 15 अखाड़ों के लोगों ने एक से बढ़कर एक खेल प्रस्तुत किए। खेल प्रदर्शन में शामिल सभी अखाड़े के लोगों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मेला सह अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता में अतिथि के रूप में मसमानो पंचायत की मुखिया ममता कुमारी, सामाजिक कार्यकर्ता रीना देवी, विश्व हिंदू परिषद मार्गदर्शक मंडल के प्रदेश संयोजन स्वामी कृष्ण चैतन्य ब्रह्मचारी, बालकेश्वर साहू, लाल देशकुमार नाथ शाहदेव सहित अन्य अतिथि शामिल हुए। मेला कार्यक्रम को सफल बनाने में महावीर मंडल मसमानो के अध्यक्ष देवेंद्र सिंह, सचिव कलेश्वर साहू, कोषाध्यक्ष आशुतोष राम, अंकित शाहदेव, अंकुर राम, अंकित राम, मनोज राम, आनंद साहू, मनोज राम, अनुज राम, भरत राम, नंदलाल बहुत, शनिचरवा उरांव, राजा शाहदेव, रामेश्वर साहू, देवराज भगत, सालिकराम शाहदेव सहित अन्य लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## जुलूस में जय श्रीराम का जयकारा लगा



**कुडू / लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कुडू प्रखंड क्षेत्र में मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान रामजी का प्रकटोत्सव रामनवमी पर्व रविवार को धार्मिक उत्साह और हर्षोल्लास के साथ शांतिपूर्वक संपन्न हो गया। इस दौरान जुलूस में शामिल भक्तों ने पारंपरिक हथियार लाठी-डंडे, तलवार के साथ जय श्री राम के पट्टी सर पर बांधे जय श्री राम, रामलखन जानकी, जय बोलो हनुमान की आदि जयकारा लगा रहे थे। इससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया था। यह सिलसिला दोपहर दो बजे से ही प्रारंभ हो गया था। प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव के अखाड़ों के साथ कुडू पहुंचे लोग जमा होते गये और एक बड़ा अखाड़ा का रूप ले लिया। जुलुस शहर भ्रमण के पश्चात कुडू बाजार टांड़ पहुंचा जहां खिलाडियों ने एक से बढ़कर एक कला का प्रदर्शन किया। जिन्हें अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। इधर त्योहार सकुशल संपन्न कराने के लिए प्रशासन की ओर से भी सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद व्यवस्था की गयी थी। बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात थे। हर चौक चौराहों पर तैनात अधिकारी जुलूस की निगरानी करते रहे। सीओ मधुश्री मिश्रा, थाना प्रभारी मनोज कुमार खुद प्रखंड क्षेत्र की एक-एक गतिविधियों पर कड़ी नजर रखे हुए थे।

## रामनवमी के अवसर पर ठाकुरबाड़ी में अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता आयोजित

**भंडरा (आजाद सिपाही)।** महावीर मंडल भंडरा के तत्वावधान में रविवार को ठाकुरबाड़ी प्रांगण में अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता सह रामनवमी मेला का आयोजन किया गया। जिसमें भंडरा, भौंरो, भैंसमुंदो, अंबेरा, कसपुर, बिछिया टोली, नवाटोली, कुम्हरिया आदि गांवों के महावीर मंडल के अखाड़े शामिल हुए। मेला सह अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा अनुसूचित जनजाति के प्रदेश महामंत्री बिंदेश्वर उरांव ,विशिष्ट अतिथि अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा,बीडीओ प्रतिमा कुमारी, सीओ दुर्गा कुमार, थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह, डॉ संजय कुमार ने संयुक्त रूप से भगवान श्रीराम व बजरंग बली के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर किया। अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री बिंदेश्वर उरांव ने महावीर मंडल अध्यक्ष ईश्वरी शर्मा ने लाठी



भांजकर किया। तत्पश्चात डॉ संजय कुमार और थाना प्रभारी ने तलवार से करतब दिखाते हुए लोगों का मनोरंजन किया। इस दौरान अपर समाहर्ता ने लाठी का अजब गजब करतब से लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि भगवान राम को मयार्दा पुरुषोत्तम कहा जाता है उन्होंने अपने जीवन में कभी मयार्दा का उल्लंघन नहीं किया. भगवान राम ने करुणा, दया, सत्य, सदाचार, और धर्म के मार्ग पर चलते हुए राज किया. उन्होंने अपनी कोई भी दैवीय शक्तियों का इस्तेमाल नहीं किया और एक साधारण मनुष्य की तरह जीवन जिया । उन्होंने कहा कि श्रीराम भरत के लिए आदर्श भाई, हनुमान के लिए स्वामी, प्रजा के लिए नीति-कुशल व न्यायप्रिय राजा, सुग्रीव व केवट के परम मित्र और सेना को साथ लेकर चलने वाले व्यक्तित्व के रूप में भगवान राम को पहचाना जाता है। उनके इन्हीं गुणों के कारण उन्हें मयार्दा पुरुषोत्तम राम के नाम से पूजा जाता है। अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता में सफल महावीर अखाड़ों को अतिथियों द्वारा पुरुष्कृत किया गया । कार्यक्रम का संचालन अनित कुमार कुंदन ने किया। इस मौके पर ईश्वरी मोहन शर्मा,आनंद साहू, दिनेश साहू,डॉ ओम कुमार सिंह, अवध कुमार, प्रकाश प्रजापति, संजय साहू, रामप्रसाद साहू ,जयप्रकाश साहू, राजेश साहू सहित अन्य मौजूद थे।

## पंचमुखी शिव मंदिर में भंडारा का आयोजन



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह बाजार स्थित पंचमुखी शिव मंदिर में रामनवमी का विशेष आयोजन किया गया। चैत्र नवरात्रि के समापन के बाद आयोजित इस भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कमेटी की ओर से आयोजित इस भंडारे की शुरूआत दोपहर मंदिर प्रांगण में हवन-पूजन से हुई। कार्यक्रम में विशेष रूप से कन्याओं को दक्षिणा भेंट की गयी। इस सम्बंध में कमेटी के सुरेंद्र कुमार ने बताया कि पंचमुखी शिव मंदिर के प्रांगण में दोपहर से शाम तक चले इस भंडारे में कस्बे के लोगों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन रामनवमी के पावन अवसर पर किया गया।

## हनुमान मंदिरों में सुबह से ही उमड़ी भीड़, अखाड़ों के करतब ने बटोरी तालियां

**बारियातू (आजाद सिपाही)।** बसंती नवरात्र और महा रामनवमी के शुभ अवसर पर रविवार को बारियातू प्रखंड मुख्यालय समेत संपूर्ण क्षेत्र का माहौल दिनभर भक्तिमय बना रहा। सुबह से ही हनुमान मंदिरों में भक्तों की लंबी कतारें देखी गयी। चैती नवरात्र को लेकर मंदिरों और पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।

पूजा-अर्चना और हवन के साथ नवरात्र की पूणार्हुति हुई। घर-घर माता की आराधना के साथ श्रद्धालुओं ने नौ कन्याओं का पूजन कर हलवा, पूड़ी और चना का भोज कराया। उपहार देकर सुख, समृद्धि और वैभव की कामना की गई। मान्यता है कि कन्या पूजन के बिना नवरात्र की पूजा अधूरी मानी जाती है। रामनवमी को लेकर मुख्यालय सहित अमरवाडीह, टोंटी, शिबला, साल्वे, गोनिया, डाढा, फुलसू, बालुभांग पंचायत के



दर्जन से अधिक स्थानों पर शोभायात्रा निकाली गयी। अखाड़ा समितियों की ओर से निकाली गयी झांकियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। वहीं, बारियातू दुर्गा बाड़ी परिसर में पूजा समिति द्वारा मेला आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न अखाड़ों ने भाग लिया और रामनवमी झंडा का मिलान समारोह धूमधाम से संपन्न हुआ। विशेष झांकियों और करतबों ने दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। रामनवमी को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार पासवान, अंचलाधिकारी नंद कुमार राम और थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार दिनभर सह दलबल क्षेत्र में गश्त करते रहे। जगह-जगह पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की भी तैनाती की गयी थी। मुख्यालय में जिप सदस्य रमेश राम, सदर मुखिया सरिता देवी, इटके में मुखिया शांति देवी, अंजुमन सदर मो. सलीम तथा साल्वे में मो. कय्यूम अंसारी व मुन्ना खान, गोनिया में मो ऐनुल अंसारी, फुलसू में जेएमएम प्रखंड उपाध्यक्ष लाल आशिष नाथ शाहदेव की ओर से श्रद्धालुओं के बीच चना, गुड़ और शरबत का वितरण किया गया।

## मनिका प्रखंड में शांतिपूर्ण माहौल में रामनवमी संपन्न

**मनिका/ लातेहार (आजाद सिपाही)।** मनिका प्रखंड क्षेत्र में जय श्री राम उद्घोष के साथ शांतिपूर्ण तरीके से रामनवमी का त्यौहार मनाया गया। प्रखण्ड क्षेत्र के बरवईया, नहीरा,बंदुआ, पलहैया , बड़काडीह, नामुदाग भटकों समेत कई गांवों में हर्षोल्लास एवं भक्तिमय होकर शोभायात्रा निकाली गई। रामनवमी के अवसर पर रामभक्त सुबह से ही मंदिरों में जाकर विधि विधान के साथ पूजा अर्चना व महावीरी पताका लगाया। विभिन्न जगह



निकाले गये रामनवमी जुलुस में जय श्री राम, जय सनातन के नारों के बीच जुलुस शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। रामनवमी त्यौहार को ध्यान में रखकर बरवाडीह डीएसपी भरत राम, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी संदीप कुमार, थाना प्रभारी शशि कुमार, मजिस्ट्रेट आत्मा सिंह, विक्की कुमार, अमित कुमार, राजकमल प्रसाद व पुलिस बल जवान विभिन्न चौक चौराहों पर तैनात रहे।

## चंदवा में अखाड़े अपनी शोभा यात्रा के साथ देवी मंडप पहुंचे



**चंदवा (आजाद सिपाही)।** लातेहार जिला के चंदवा प्रखंड में सुबह से ही शहर में रामनवमी को लेकर धूम रही। कई अखाड़े अपनी शोभा यात्रा के साथ देवी मंडप पहुंचे। जुलूस में महिलाओं की अच्छी खासी संख्या रही। इस वर्ष रामनवमी के अवसर पर रामनवमी पूजा समिति चंदवा ने एक विशेष आयोजन किया जिसमें सभी अखाड़ों के साथ समन्वय स्थापित किया गया और सभी को सम्मानित किया गया। पूजा समिति के तरफ से प्रशासनिक अधिकारियों और समाजसेवियों को पगड़ी तथा अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया जो चंदवा में एक नई पहल है। रामनवमी पज्ज समिति चंदवा ने शरबत और पेयजल की व्यवस्था की तथा ऐसी सुविधाओं का ध्यान रखना भी श्रद्धालुओं के प्रति समिति की संवेदनशीलता को दर्शाता है।

यह आयोजन निश्चित रूप से समुदाय की एकता और सहयोग की भावना को मजबूत करने वाला रहा। रामनवमी पूजा समिति चंदवा के मंच पे सभी जाती धर्म और हर वर्ग के लोग शामिल थे । कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह, उपाध्यक्ष मंटू केसरी, आरएन पांडेय, मनीष गुप्ता, अमित साहू, केतन गुप्ता, सचिन सोनी, मन्नू कुमार गुप्ता, श्याम नंदन पासवान, सचिव उत्कर्ष दुबे (सनी दुबे), उप सचिव सौरभ साहू (गोलू), अश्विनी मिश्रा, संटु गुप्ता, किशोर गिनोडिया, अंकित तिवारी, गिरधर गोपाल तिवारी आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## भाजपा का 46वां स्थापना दिवस मना

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** भाजपा का 46वां स्थापना दिवस रविवार को लोहरदगा के अटल भवन में गरिमापूर्ण माहौल में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा नगर अध्यक्ष सचिन कुमार साहू ने की। समारोह की शुरूआत ध्वजारोहण के साथ हुई, जिसके बाद सामूहिक रूप से 'वंदे मातरम' का गायन किया गया। कार्यक्रम स्थल को भगवा ध्वज और पार्टी के आदर्शों को दशार्ते नारों से सजाया गया था। इस अवसर पर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। वक्ताओं ने उनके विचारों को आज के सामाजिक और राजनीतिक परिप्रेक्ष्य में अत्यंत प्रासंगिक बताया। भाजपा नगर अध्यक्ष सचिन कुमार साहू ने कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक संगठन नहीं, बल्कि यह एक ऐसी विचारधारा है जो



राष्ट्रवाद, सेवा और विकास के मूल सिद्धांतों पर आधारित है। उन्होंने कहा कि भाजपा का उद्देश्य केवल सत्ता प्राप्ति नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण है। पार्टी के हर कार्यकर्ता को समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा पहुंचाने के संकल्प के साथ काम करना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा का स्थापना दिवस केवल एक तिथि नहीं, बल्कि एक संकल्प है जो हमें अपने मूल विचारों की याद दिलाता है। भाजपा की जड़ें भारतीय जनसंघ से जुड़ी हैं, जिसकी स्थापना 1951 में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने की थी। विचारधारात्मक दृढ़ता और संगठनात्मक प्रतिबद्धता के साथ 6 अप्रैल 1980 को भाजपा की स्थापना हुई। तब से लेकर आज तक पार्टी ने अनेक संघर्षों और सफलताओं के माध्यम से देश की राजनीति में एक सशक्त और निर्णायक स्थान बनाया है। भाजपा की विचारधारा अंत्योदय, अर्थात समाज के सबसे अंतिम व्यक्ति के कल्याण, सुशासन, आत्मनिर्भरता, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और पारदर्शिता पर आधारित है।

## हेरहंज में रामनवमी पूजा हर्षोल्लास और भक्ति के साथ संपन्न

**हेरहंज (आजाद सिपाही)।** हेरहंज प्रखण्ड क्षेत्र में रामनवमी पूजा बड़े ही हर्षोल्लास, भक्ति और सौहार्दपूर्ण के साथ सम्पन्न हुआ। इस पवित्र माह के अवसर पर श्रीरामजानकी मन्दिर परिसर घुरे, बाजार टांड हेरहंज, सेरनदाग, चिरु, सलैया और आसपास के क्षेत्रों में भक्तों ने ध्वजा लेकर जय श्रीराम और जय हनुमान के गगनभेदी जयकारों से वातावरण को भक्तिमय और ऊर्जा से भर दिया।

वहीं हेरहंज बाजार टांड का अखाड़ा कार्यक्रम इस उत्सव का मुख्य आकर्षण रहा। बाजारटांड़ के बाद श्रीराम जानकी मंदिर परिसर में ध्वजा मिलन के साथ



साथ पारंपरिक खेलों और करतबों ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। इस आयोजन ने युवा पीढ़ी को हमारी संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य किया। कार्यक्रम में शामिल विशिष्ट अतिथियों को अंगवस्त्र व तलवार देकर सम्मानित किया गया। जो समुदाय के प्रति आयोजकों की कृतज्ञता और सम्मान को दर्शाता है। उत्सव की समुचित व्यवस्था और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी अमित कुमार,और थाना प्रभारी कृष्णपाल सिंह पवैया ने सभी अखाड़ों का निरीक्षण किया। उन्होंने आयोजन की व्यवस्थाओं और प्रतिभागियों की सुरक्षा का जायजा लिया। जिससे यह कार्यक्रम शांतिपूर्ण और व्यवस्थित रूप से संपन्न हो।

## बालूमाथ में आज निकलेगी रामनवमी की झांकी, तैयारी पूरी

**बालूमाथ (आजाद सिपाही)।** बालूमाथ में रामनवमी की तैयारी पूरी कर ली गई है। सोमवार (दशमी)को जुलूस को लेकर पूरा शहर महावीरी पताका से पट गया है। रामनवमी पर बालूमाथ के सभी आठ रामनवमी समिति के विभिन्न क्षेत्रों भामाशाह नगर (तेलीटोला), बाड़का बालूमाथ, मुरपा मोड़ चौक, चट्टीटोला, टमटमटोला, चेताग, कोमर, नगड़ा से शोभायात्रा निकाली जायेगी। जिसमें विशाल महावीरी झंडा, गाजे-बाजे के बीच अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन करते श्रद्धालु शामिल होंगे। इससे पहले



सोमवार को ही विभिन्न अखाड़ो में तलवारबाजी, लाठी, कराटे सहित अन्य खेलो की तैयारी की गयी है। वहीं बालूमाथ रामनवमी की विशेष झांकी निकाली जाएगी। बालूमाथ में इस बार रामनवमी पर निकलने वाली जुलूस का स्वागत करने के लिए विशेष तैयारी भी की गयी है। जहां पहुंचकर क्षेत्र के लोग करतब दिखायेंगे।

## आस्था का सैलाब : रेहला में निकला रामनवमी का भव्य जुलूस, राम रथ बना आकर्षण का केंद्र

# हर जुबां पर एक ही नाम जय श्री राम...

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** रेहला एवं आसपास के दर्जनों गांव में रविवार को रामनवमी का भव्य जुलूस निकाला गया। जिसमें राम भक्तो का शैलाब उमड़ पड़ा। इस दौरान जय श्रीराम के जयघोष से पूरा क्षेत्र गूंज रहा था। जुलूस रेहला महाबीर चौक से शुरू हुआ, जो ओवर ब्रिज होते हुए थाना चौक, रेलवे स्टेशन चौक, बाबा योगिबिर देवस्थल, बीमोड़, डंडिला खुर्द, ग्रासिम इंडस्ट्रीज मेन गेट होते हुए रेहला शुक्र बाजार पहुंच कर समाप्त हुआ। जुलूस में भव्य राम रथ और राम दरबार की झांकी आकर्षण का केंद्र रहा। रेहला के जुलूस में गुरहा कला, विशुनपुर, डंडिला खुर्द, गोदाराम और केतात सहित दर्जन भर गांवों के जुलूस का मिलान हुआ। इस दौरान रामनवमी पूजा कमेटी ने कई गण्यमान लोगों को तिलक लगाकर और पगड़ी बांधकर सम्मानित किया। जिसकी अध्यक्षता कमेटी के अध्यक्ष आलोक शुक्ला और संचालन प्रो नंदलाल शुक्ला ने किया। इधर, जुलूस के दौरान विधि व्यवस्था के लिए स्थानीय प्रसाशन एवं पुलिस निगरानी करती रही।



रामनवमी के जुलूस में शामिल रामरथ की झांकी।

वहीं, पुलिस निरक्षक रामशीष पासवान और रेहला थाना प्रभारी संतोष कुमार पुलिस के दर्जनों जवानों के साथ जुलूस में चल रहे थे। वहीं, विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की ओर से स्वास्थ्य शिविर लगाया गया था। इसके अलावा ग्रासिम मोड पर डांडिला नवयुवक संघ एवं बीमोड़ पर श्रीराम दल ने स्टॉल लगाया था। मौके पर पूर्व मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी, ग्रासिम इंट्रस्टीज के इकाई प्रमुख हितेंद्र अवस्थी, विधायक नरेश प्रसाद सिंह, पूर्व विस प्रत्याशी सुधीर कुमार चंद्रवंशी, वरीय भाजपा नेता, शुशील कुमार उर्फ टिकैत चौबे, कांग्रेसी नेता अमृत शुक्ला, विजय चौबे, अधिवक्ता सुधीर चौबे, संत पॉल कॉन्वेंट स्कूल के निदेशक एसएम एस्ले, ऋतुराम मिश्रा, रामचंद्र यादव, गोपाल राम, डॉ बीपी शुक्ला, डॉ डीपी शुक्ला, फिरोज खान, डॉ प्रकाश परिमाल, सीएसआर के नीतीश पांडेय, बीस सूत्री अध्यक्ष रामचंद्र दीक्षित, राजद प्रखंड अध्यक्ष सतेंद्र यादव, संजू सिंह, एमामूल हक गुड्डू, रविंद्र शुक्ला गुड्डू, संजय शुक्ला आदि मौजूद थे।

## ड्रोन से की गयी जुलूस की निगरानी

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के जन्म उत्सव पर हरिहरगंज में रविवार को रामनवमी पूजा समिति की ओर से भव्य झांकी-जुलूस निकाली गयी। विभिन्न समितियों द्वारा भगवान राम, सीता, लक्ष्मण, नारायण, राम भक्त हनुमान जी की झांकी सजाई गई थी। झांकी सतगांवा, अररुआ खुर्द, संडा, बेलौदार, झंडा चौक, हरिहरगंज सहित कई जगहों से निकाली गई थी। जुलूस महावीर मंदिर परिसर से शुरू होकर मुख्य सड़क से वन विभाग के चेकनाका होते हुए शहर भ्रमण किया। इस दौरान नवयुवक समिति अररूआ खुर्द कॉलेज मोड़ के अध्यक्ष संजीव कुमार, प्रीतम कुमार और प्रिंस कुमार की ओर भंडारा आयोजित किया गया। जिसमें हजारों राम भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। उधर, जुलूस को लेकर पुलिस और प्रशासन की विशेष तैनाती रही। सुरक्षा की दृष्टिकोण से जुलूस की ड्रोन कैमरे से निगरानी रखी गई, ताकि किसी तरह की कोई अप्रिय घटना ना हो सके। इस दौरान एसडीपीओ अवध कुमार यादव, पुनि सह थाना प्रभारी चंदन कुमार, बीडीओ पारितोष प्रियदर्शी, सीओ मनीष कुमार सिन्हा, एसआई राकेश सिंह, सतीश कुमार गुप्ता, विगेष राय, एएसआई रंजित सिंह, रमेश कुमार राम सहित कई पुलिस बलों की तैनाती रही। वहीं, राम जन्मउत्सव पर निर्दलीय नेता विनोद कुमार सिंह, भोला गुप्ता, कमलेश कुमार यादव, बल्लू बलराम, प्रमोद कुमार रवि,अशोक यादव, रविंद्र पासवान, अरुण मिश्रा, सूरजमल राम, सुशील रवि, राजीव रंजन, मुखिया सरोज प्रसाद, अमित सिंह,बुधन सिंह यादव, महेंद्र यादव,दीपक कुमार यादव, संजीव गुप्ता सहित हजारों राम भक्त शामिल हुए।



रामनवमी के जुलूस में निकली झांकियां।

## ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के दंगवार स्थित विद्या निकेतन पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा के परिणाम की घोषणा की गई। प्ले से कक्षा आठवीं तक का परीक्षा परिणाम की घोषणा की गई। विद्यालय के निदेशक सुशील कुमार ने परीक्षा परिणाम की घोषणा करते हुए कहा कि बच्चों के वर्ष भर के क्रियाकलापों एवं पठन-पाठन का सामूहिक परिणाम है। परीक्षा परिणाम पाकर बच्चों में काफी उत्साह था। इस अवसर पर विद्यालय में अभिभावक भी मौजूद थे। अभिभावकों ने विद्यालय प्रबंधन को धन्यवाद देते हुए कहा कि विद्यालय के शैक्षणिक और गैर शैक्षणिक कार्यक्रमों से वे संतुष्ट हैं। इस दौरान विद्यालय के निदेशक, प्रधानाचार्य और शिक्षकों ने परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया। वहीं, निदेशक ने अभिभावकों के सुझाव का स्वागत करते हुए कहा कि विद्यालय के नये सत्र से बच्चों को और भी बेहतर सुविधा प्रदान की जाएगी। मौके पर प्रधानाचार्य नंद किशोर कुमार, शिक्षक प्रदीप कुमार, अनिल कुमार, अरुण कुमार, सौरभ कुमार, मोनू कुमार, शिक्षिका प्रियंका कुमारी, नीता कुमारी, अनामिका कुमारी, सोनू कुमारी, नेहा कुमारी आदि उपस्थित थे।

## बंगाल के जीएसटी संग्रह में वृद्धि राष्ट्रीय औसत से अधिक: ममता

**कोलकाता (आजाद सिपाही)।** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को कहा कि राज्य अपने संसाधन जुटाने के प्रयासों में लगातार प्रगति कर रहा है और उसने वित्त वर्ष 2024-25 में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह में 11.43 प्रतिशत की वृद्धि हासिल की है, जो राष्ट्रीय औसत से दो प्रतिशत अधिक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 में पश्चिम बंगाल का जीएसटी संग्रह पिछले वर्ष की तुलना में 4,808 करोड़ रुपये अधिक रहा। बनर्जी ने इंटरनेट मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि यह बताते हुए खुशी हो रही है कि पश्चिम बंगाल अपने संसाधन जुटाने के प्रयासों में लगातार प्रगति कर रहा है, जो वित्त वर्ष 2024-25 के अंत में संकलित वित्तीय परिणामों से स्पष्ट है। 2024-25 में हमने पिछले वर्ष की तुलना में 4,808 करोड़ रुपये अधिक जीएसटी जुटाया है, जो 11.43 प्रतिशत की वृद्धि है। यह राष्ट्रीय स्तर (9.44 प्रतिशत वृद्धि) से दो प्रतिशत अधिक है और हमारी बढ़ती आंतरिक वित्तीय ताकत को दशार्ता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजीकरण और स्टाम्प शुल्क के मामले में संपत्ति बैनामा की संख्या में साठ हजार की वृद्धि हुई है, जो हमारे बाजार की गतिशीलता को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि इस संदर्भ में, 2024-25 में संग्रह पिछले वर्ष की तुलना में 1,908 करोड़ रुपये अधिक रहा है, जो 31.05 प्रतिशत की वृद्धि है। बनर्जी ने कहा कि यह सब दिखाता है कि हम आत्मनिर्भरता और वित्तीय अनुशासन में विश्वास करते हैं, और हमारा प्रशासन बंगाल के लोगों के कल्याण के लिए राज्य के वित्त को सुव्यवस्थित करने को लेकर गंभीर है।

## दंगवार में गाजे-बाजे के साथ निकली भव्य शोभा यात्रा

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के दंगवार पंचायत में गाजे बाजे के साथ रामनवमी का भव्य शोभा यात्रा निकाला गया, जो दंगवार देवी स्थान से शुरू होकर पूरे दंगवार बाजार क्षेत्र का भ्रमण करते हुए अम्बागढ़ शिव मंदिर होकर दंगवार ओपी होते नदियाईन तक ले जायी गई। इस जुलूस के दौरान जय श्रीराम, जय हनुमान सहित कई धार्मिक नारे से पूरा दंगवार क्षेत्र गूंज उठा। वहीं जूलूस को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए हुसैनाबाद एसडीएम गौरांग महतो, सीओ पंकज कुमार, थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी एवं दंगवार ओपी प्रभारी सोनू गुप्ता जवानों के साथ तैनात रहे।



थाना प्रभारी ने लोगों को शांतिपूर्ण ढंग से रामनवमी जुलूस निकालने और पर्व मनाने का आग्रह किया। कहा कि सोशल मीडिया पर भ्रामक खबर फैलाने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जायेगी। वहीं, मुखिया अमरेंद्र ठाकुर ने सभी को रामनवमी पर्व की हार्दिक बधाई दी। मौके पर अध्यक्ष गोविंद सिंह, सचिव संतोष राम, संतोष सिंह, उपाध्यक्ष दीपक गुप्ता के साथ आईपीएस दिव्यांश शुक्ला, इंस्पेक्टर सुरेश मंडल, बीडीओ सुनील वर्मा, महिला थाना प्रभारी पार्वती कुमारी, ओपी प्रभारी सोनू गुप्ता, मुखिया अमरेंद्र ठाकुर, मनोज गुप्ता, सुमंत बैठा, विवेक गुप्ता, पप्पू सिंह, अयोध्या सिंह टिकैत, अरविंद गुप्ता, दिवाकर चौधरी, लाल बहादुर सिंह, वकील सिंह, अखिलेश गुप्ता और नितेश सिंह सहित हजारों राम भक्त शामिल हुए।

## गायत्री परिवार ने किया कन्या पूजन



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** नौ दिवसीय चैती नवरात्रि रविवार को विशेष पूजा अर्चना के साथ संपन्न हो गया। हुसैनाबाद शहर के पटेल चौक के समीप पलामू मेडिकल के प्रो अजय कुमार और शिव पूरी स्थित समता स्कूल के निदेशक अक्षय कुमार चौहान के आवास परिसर में नवरात्रि का अनुष्ठान पूर्णाहुति के बाद संपन्न हुआ। इस दौरान गायत्री परिवार की ओर से विशेष पूजा-अर्चना की गई। शांतिकुंज हरिद्वार से आए रमेश कुमार दुबे द्वारा मंत्रों का उच्चारण कराकर हवन करवाया गया। इसके बाद भंडारा का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि हवन यज्ञ विगत 28 वर्षो से जारी है। नवमी के दिन मां सिद्धिदात्री की पूजा की गई। वहीं, गायत्री परिवार के सदस्य अजय कुमार ने बताया कि जपला गायत्री परिवार की ओ्र से प्रत्येक वर्ष भव्य पूर्णाहुति कार्यक्रम नवरात्रि के समापन पर आयोजित की जाती है। इ दौरान सामूहिक रूप से कन्या पूजन किया गया। मौके पर बीएन शर्मा, बिहारी लाल कांस्यकार, गायत्री अग्रवाल, मंजू देवी, रेखा गुप्ता, माधुरी देवी आदि मौजूद थे।

# बंगाल में कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्वक मना रामनवमी उत्सव

## सुरक्षा के रहे कड़े इंतजाम, राज्यभर में निकली 2,000 से अधिक शोभायात्राएं

- भाजपा के साथ तृणमूल नेता भी शोभायात्राओं में हुए शामिल
- कुछ जगहों पर शोभायात्रा में पुलिस पर बाधा देने का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** बंगाल में तनाव व अशांति की आशंका के बीच रविवार को कड़े सुरक्षा पहरे में रामनवमी उत्सव शांतिपूर्वक मना। रामनवमी पर राज्यभर में बड़ी संख्या में शोभायात्राएं निकाली गई, जिससे माहौल राममय हो गया। पिछले दो-तीन वर्षों से रामनवमी पर राज्य के कुछ हिस्सों में हुई हिंसा को देखते हुए इस बार राज्य प्रशासन की ओर से किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए कड़े सुरक्षा प्रबंध किए गए थे।

कड़ी सुरक्षा के बीच सुबह से ही राजधानी कोलकाता सहित राज्य के विभिन्न हिस्सों में शोभायात्राओं और जय श्री राम के नारों के साथ लाखों श्रद्धालु सड़कों पर उमड़ पड़े। भाजपा के साथ सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के नेताओं ने भी शोभायात्राओं में बढ़-चढ़कर भाग लिया। अगले साल राज्य में होने वाले विधानसभा चुनाव से ठीक एक साल पहले राजनवमी पर आयोजित कार्यक्रमों के राजनीतिक निहितार्थ स्पष्ट थे।

अकेले कोलकाता में 60 से ज्यादा शोभायात्राएं निकाली गई, जिसके लिए लगभग 5,000 पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई थी।

विभिन्न ड्ढूषहदू संगठनों व स्वयंसेवी संस्थाओं आदि की ओर से पूरे बंगाल में करीब 2,500 शोभायात्राएं निकाले जाने का दावा किया गया है। विश्व हिंदू परिषद (विहिप), हिंदू जागरण मंच सहित भाजपा से संबद्ध हिंदूवादी संगठनों ने बढ़-चढ़कर शोभायात्राएं आयोजित की। श्रद्धालु भगवा झंडे, भक्ति संगीत और रामायण के दृश्यों को दशार्ती झांकियों के साथ सड़कों पर उमड़ पड़े। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार हावड़ा के शिवपुर में अंजनी पुत्र सेना की शोभायात्रा में शामिल हुए। कलकत्ता हाई कोर्ट की अनुमति से हावड़ा के संवेदनशील शिवपुर से जीटी रोड होते हुए हावड़ा मैदान तक अंजनी पुत्र सेना और विश्व ड्ढूषहदू परिषद ने अलग-अलग शोभायात्रा निकाली। पिछले दो वर्षों से शिवपुर इलाके में रामनवमी शोभायात्रा के दौरान ड्ढूषहसा को देखते हुए हावड़ा सिटी पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे। वहीं, बिष्णुपुर से भाजपा सांसद सौमित्र खां ने बांकुड़ा में रामनवमी जुलूस में अपने लाठी खेल कौशल का प्रदर्शन किया। कई जगह शोभायात्रा में भक्तों को तलवार एवं अन्य शस्त्र लहराते देखा गया। दूसरी ओर, उत्तर हावड़ा से तृणमूल विधायक गौतम चौधरी सलकिया में विश्व हिंदू परिषद (विहिप) द्वारा आयोजित शोभायात्रा में शामिल हुए। इसी तरह तृणमूल विधायक शौकत मोल्ला दक्षिण 24 परगना जिले के भांगड़ में रामनवमी पर आयोजित शोभायात्रा में शामिल हुए।



रामनवमी जुलूस में शामिल बॉलीवुड अभिनेता सह भाजपा नेता मिथुन चक्रवर्ती और बंगाल भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार।

भाजपा की ओर से कई जगहों पर पुलिस पर शोभायात्राओं को रोकने का भी आरोप लगाया गया। हालांकि पुलिस ने कहा कि सुरक्षा के लिहाज से कुछ देर के लिए ऐसा कदम उठाया गया। कोलकाता के निकट न्यूटाउन में पूर्व भाजपा सांसद लाकेट चटर्जी की उस समय पुलिस के साथ बहस हो गई जब उसने अवरोधक लगाकर शोभायात्रा को रोक दिया और दूसरे मार्ग से जाने को कहा।

### शोभायात्रा पर ड्रोन से भी रखी गयी नजर

राज्य प्रशासन ने हिंसा की किसी भी घटना को रोकने के लिए इस बार कई कदम उठाए थे। इसमें जगह-जगह भारी पुलिस बल तैनात किए जाने के साथ सभी शोभायात्राओं की निगरानी के लिए ड्रोन और सीसीटीवी का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किया गया। संवेदनशील जगहों पर त्वरित प्रतिक्रिया दल (रैफ) व सशस्त्र पुलिस बल भी तैनात किए गए थे। कोलकाता में उपायुक्त और संयुक्त आयुक्त रैंक के अधिकारियों और जिलों में एसपी और आइजी रैंक के वरिष्ठ अधिकारियों को शोभायात्राओं के रास्तों पर सुरक्षा की निगरानी का काम सौंपा गया था। अधिकारियों ने लालबाजार स्थित कोलकाता पुलिस मुख्यालय से शोभा यात्राओं के लाइव फुटेज पर बारीकी से नजर रखा। इसी तरह राज्य सचिवालय नवान्न से राज्य पुलिस के एडीजी (कानून-व्यवस्था) जावेद शमीम आदि ने सुरक्षा की निगरानी की।

### मालदा में मुसलमानों ने बांटी मिठाई और पानी की बोतलें

मालदा में सांप्रदायिक सौहार्द का प्रदर्शन करते हुए मुसलमानों ने एक शोभायात्रा के दौरान मिठाई और पानी की बोतलें बांटी और श्रद्धालुओं को फूल भेंट किए। साथ ही शोभायात्रा में शामिल लोगों के साथ गले भी मिलाया। उत्तर बंगाल में भी कई स्थानों पर रामनवमी पर शोभायात्रा निकाली गई। विहिप ने कूचबिहार में रामनवमी जुलूस निकाला। रायगंज के इस्लामपुर में भाजपा नेता कार्तिक पाल ने एक शोभा यात्रा का नेतृत्व किया। पुलिस द्वारा अवरोधक लगाए जाने के खिलाफ पाल धरने पर बैठ गए। हालांकि बाद में पुलिस ने अवरोधक हटा लिए और शोभा यात्रा आगे बढ़ी। मेदिनीपुर में भाजपा नेता दिलीप घोष बुलेट पर सवार होकर बाइक जुलूस में शामिल हुए।

## निजी स्कूलों की मनमानी को लेकर अभिभावकों की बैठक, आठ से अनिश्चितकालीन धरना का निर्णय

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** निजी स्कूलों की मनमानी को लेकर मुग्मा डीएवी स्कूल के समीप अभिभावकों ने रविवार को बैठक की। जिसमें डीएवी प्रबंधन द्वारा री एडमिशन सहित अन्य बिंदुओं को लेकर चर्चा की गयी। कहा गया कि उनकी मांगें पूरी नहीं होने पर 8 अप्रैल से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करेंगे। बतातें चलें कि राज्य के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन द्वारा जारी आदेश के बावजूद स्कूल अतिरिक्त री एडमिशन और शुल्क वसूल रहे हैं। जिसको लेकर अभिभावकों ने वरीय पदाधिकारी, शिक्षा मंत्री और मुख्यमंत्री को पत्र लिखा, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। इससे हताश होकर आठ अपैल से अनिश्चितकालीन धरना शुरू करने का निर्णय लिया गया है।

## हवन और कन्या पूजन के साथ चैती दुर्गा पूजा संपन्न

**राजगंज (आजाद सिपाही)।** राजगंज में चल रहे चैती दुर्गा पूजा का नवरात्र पूजन रविवार को हवन और कन्या पूजन के साथ संपन्न हुआ। सुबह मां के नवम स्वरूप मां सिद्धिदात्री की पूजा की गई। इसके बाद आचार्य ने जजमान सहित समिति के अन्य सदस्यों के साथ हवन संपन्न कराया। इसके बाद कन्या पूजन हुआ जिसमें बड़ी संख्या में कन्याओं ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया। इधर, बजरंगबली मंदिर में रामनवमी पूजा भी की गई। जिसमें आचार्य मनोज पांडे ने यजमान उज्ज्वल कुमार, सुशील चौरसिया और विनोद दे के साथ पूजा संपन्न कराया। रामनवमी को लेकर बजरंगबली मंदिर में भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और पूजा में भाग लिया। शाम पांच बजे समिति की ओर से अखाड़ा जुलूस निकाला गया। इसमें मुख्य आकर्षण दुर्गा वाहिनी दल की ओर से खेल प्रस्तुति झांकियां आदि रही।

# सबानो मध्य विद्यालय को अपग्रेड कर उच्च विद्यालय करने की मांग

## आप्त सचिव ने शिक्षा सचिव को आवश्यक कार्रवाई का दिया निर्देश

सामाजिक कार्यकर्ता मो मुमताज ने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** प्रखंड अंतर्गत बेनिकला पंचायत के सबानो राजकीय कृत मध्य विद्यालय को अपग्रेड कर उच्च विद्यालय करने की मांग की जा रही है। सामाजिक कार्यकर्ता मो मुमताज ने इस बाबत मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन भी सौंपा है, जिसमें बताया कि यह विद्यालय सारी अर्हता पूरा करता है। सबानो मध्य विद्यालय को उच्च विद्यालय में अपग्रेड करने से बेनिकला पंचायत के छात्र-छात्राओं को काफी सुविधा होगी। वर्तमान में सबानो मध्य विद्यालय से हुसैनाबाद उच्च विद्यालय की दूरी करीब 10 किलोमीटर है। जिस कारण गरीब तबके के छात्र-छात्राओं को मैट्रिक तक शिक्षा ग्रहण करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। बताया कि मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपने के बाद उनके वरीय आप्त सचिव सुनील श्रीवास्तव ने स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव को पत्र देकर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। मो मुमताज ने बताया कि 10 किलोमीटर तक दायरे में एक भी उच्च विद्यालय नहीं है। मुख्यमंत्री और शिक्षा विभाग के वरीय पदाधिकारी से प्राथमिकता के आधार पर विद्यालय को अपग्रेड करने की मांग की गयी है। वहीं, प्रधानाचार्य जितेंद्र सिंह ने बताया कि सबानो मध्य विद्यालय गांव के बीच तीन एकड़ भूमि पर अवस्थित है। विद्यालय में 17 कमरा उपलब्ध है। विद्यालय परिसर में एक बड़ा खेल का मैदान भी है। इस विद्यालय में बेगमपुरा, झरी खुर्द, बेनिकला, बजरडीह और एकडरी सहित अन्य टोला के छात्र-छात्राए अध्ययनरत हैं।



## सिट एंड ड्रॉ प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** बांग्ला नव वर्ष से पूर्व इस वर्ष भी लिंडसे एंड लाइब्रेरी क्लब की ओर से रविवार को सीट एंड ड्रॉ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिभागियों को पांच वर्ग में बांटा गया था। इसमें यूकेजी से ओपन टू के बच्चों और युवा ने भाग लिया। अलग-अलग ग्रुप के लिए अलग-अलग विषय पर प्रतियोगिता संपन्न हुई। क्लब के अध्यक्ष उमरेंद्रु सिन्हा ने बताया कि इस चित्रांगन प्रतियोगिता में 200 से अधिक बच्चों ने भाग लिया।

## निकला रामनवमी का भव्य जुलूस

**चतरोचट्ट (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों मे चैत्र नवरात्रि के नौवें दिन श्रद्धालुओं ने मां सिद्धिदात्री की पूजा कर खुशहाली का आशीर्वाद मांगा। इसी के साथ नवरात्र व्रत का समापन भी हो गया। वहीं, रामनवमी भी धूमधाम से मनाया गया। कई जगहों पर कलाकरों ने लाठी-भाला और तलवारो के साथ करतब दिखाया।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 07 अप्रैल, 2025
www.azadsipahi.in



# जय श्रीराम के नारों से गूंजा गुमला, निकली शोभायात्रा

## कामडारा में विहिप और बजरंग दल ने निकाली आकर्षक झांकी

आजाद सिपाही संवाददाता



**कामडारा।** प्रखंड मुख्यालय के अलावे प्रखंड क्षेत्र के कई गांव में रामनवमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान पूरा प्रखंड जय श्री राम व बजरंग बली की जय के नारे से गूंज उठा। राम नवमी के अवसर पर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल कामडारा के द्वारा तासा और झांकी निकाली गयी। जिसमे देर शाम तक लोग जमकर थिरके। रामनवमी का त्योहार को कामडारा के विभिन्न क्षेत्रों में उत्साह और भक्ति के साथ शांति पूर्वक मनाया गया। बजरंग बली की पूजा कर हाथ में बजरंगबली का झंडा लेकर सड़क में जुलूस निकाला गया ये जुलूस कामडरा महादेव मांडातांड से होते हुए प्रिंस चौक गया फिर रांची सिमडेगा मुख्य पथ से ब्लॉक चौक होते कामडारा हॉस्पिटल बजरंग बली मंदिर में झंडा मिलन करा कर लाठी डंडे का खेल हुआ। जुलूस को राहत देने के लिए युवा सरना समिति,जमुना प्रसाद गुप्ता, प्रदीप बर्मा, राहुल टेंट हाउस और कामडरा थाना के लोग शर्बत गुड चना का वितरण किया गया। इस जुलूस को सफल बनाने में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की भूमिका काफी सराहनीय रही साथ ही शांति व्यवस्था व सुरक्षा हेतु कामडारा थाना प्रभारी शशि प्रकाश, बीडीओ जोसेफ कंडुलना एवं अंचलाधिकारी सुप्रिया एक्का भी जुलूस के साथ साथ रहे जिसमें अनिरुद्ध ठाकुर, राममोहन साहू, जमुना प्रसाद, तुलराज कांशी, बबलू रजक, बिनोद ठाकुर,अवध बिहारी गुप्ता, अनुप तिवारी,सुधीर महतो, तुला सिंह,सुनील साहू, रंजन साहू एवं थाना के अधिकारी और जवान उपस्थित थे।

## डुमरी के चिटमिटी झंडा मिलन स्थल पर झंडों का मिलान हुआ



**डुमरी (आजाद सिपाही)।** डुमरी प्रखंड सहित आसपास के क्षेत्रो में रविवार को रामनवमी पर्व शांति तरीके से बड़ी धूम से मनायी गयी। प्रखंड के लगभग सभी गांवों से रामनवमी शोभा यात्रा निकली गयी और एक जगह पर झंडा मिलान किया गया वही डुमरी दुर्गा मंदिर और ब्लॉक परिसर में स्थित शिव मंदिर में पूजा अर्चना कर रामनवमी शोभायात्रा निकली गयी, जो डुमरी से निकलकर डुमरी बस्ती, बेलटोली से होते हुए नवाडीह चौक से होते हुए चिटमिटी झंडा मिलन स्थल पहुंचे, जहां डुमरी के आसपास क्षेत्र के झंडा मिलना किया गया। वही डुमरी रामनवमी पूजा समिति के द्वारा भगवान राम, भगवान लक्ष्मण, माता सीता, अंगद जैसे झांकी निकाली गयी, जो देखने में काफी मन मोहक लग रहा था। पूरा माहौल जय श्री राम, जय बजरंग बली, प्रभु श्री राम चंद्र की जय की जय घोष से गूंज उठा वही डीजे में भक्ती गानों पर राम भक्त झुमते हुए नजर आये। सभी राम भक्तों ने अपने अपने हाथों में तलावार, लाटी, बलुआ के साथ जुलुश में सम्मिलित थे रामनवमी शोभायात्रा में शामिल लोगों के लिए बेलटोली और जिलिंग टोली के ग्रामीणों के द्वारा शरबत, पानी की व्यवस्था की गयी थी। वही सुरक्षा को लेकर डुमरी डुमरी थाना बल के जवान, एसएसबी के जवान, डुमरी प्रखंड विकास पदाधिकारी उमेश कुमार स्वांसी, अंचल पदाधिकारी रामप्रवेश कुमार, थाना थाना प्रभारी अनुज कुमार एसएसबी के सभाजीत सुरक्षा को लेकर शोभा यात्रा में उपस्थित थे। वहीं डमरी थाना के द्वारा सुरक्षा को लेकर हर चौक चौराहो पर पुलिस बल के जवान उपस्थित थे।

## लोगों ने घरों के आंगन-छतों पर महावीर पताके लहराये



**जारी (आजाद सिपाही)।** जारी प्रखंड मे रामनवमी का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। हिंदु श्रद्धालुओं ने अपने-अपने घरों के आंगन एवं छतो में विधिवत पूजा आर्चना कर महवीर पताके लहराये। वहीं हनुमान मंदिरों मे भी श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। वहीं प्रखंड में जारी, गौखर्रा, तिल्हौटोली, कोमड़ो, गोबिंदपुर, हूटार आदि जगहो पर झंडा मिलान का कार्यक्रम किया गया। झंडा मिलान कार्यक्रम में लोगों ने जमकर कीर्तन भजन किया और अपने कला का प्रदर्शन कर लोगों को मंत्रमुग्ध किया। वही दूसरी ओर रामनवमी का त्योहार शांति पूर्ण गुजरे इसके लिए जारी थानेदार आदित्य कुमार थाना क्षेत्र के विभिन्न झंडा मिलान जगहों पर निगरानी कर रहे थे। थानेदार आदित्य कुमार अपने पुलिस बल के साथ जुलूस का पैनी नजर रख रहे थे। सभी जुलूस जगहो पर किसी तरह का कोई अनहोनी न हो इसके लिए एसपी निर्देश पर थानेदार के द्वारा पुलिस तैनात कर दी गयी थी।

## केंद्रीय महावीर मंडल ने अखाड़ा दलों को सम्मानित किया



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में रामनवमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान घाघरा, आदर, देवाकी, अरंगी, सेहल, चपका, गम्हरिया सहित कई जगह पर पूजा के उपरांत एक दूसरे गांव से झंडा का मिलान किया गया। साथ ही घाघरा प्रखंड मुख्यालय में केंद्रीय महावीर मंडल के द्वारा विभिन्न अखाड़ों से आए दलों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वहीं जय भोले महावीर मंडल चांदनी चौक के द्वारा भव्य झांकी निकल गई जहां कई तरह के कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। इस दौरान कई दल पारंपरिक ढोल नगाड़ा और नये पोशाक धारण कर घाघरा पहुंचे। सभी दल घाघरा स्थित हाई स्कूल मैदान में एकत्रित हुए जहां सभी को सम्मानित किया गया। पूरा वातावरण जय श्री राम बजरंगबली की जय के नारे से गूंजता रहा।

## अलग-अलग जगह से आये झंडों का नवागढ़ वासुदेवकोना में मिलान हुआ

**रायडीह (आजाद सिपाही)।** रायडीह प्रखण्ड मुख्यालय समेत ग्रामीण ईलाको मे धुमधाम के साथ रामनवमी पर्व मनाया गया, जय श्री राम जय बजरंग बली का उदघोष किया गया। नावागढ़ पतराटोली मे महाअष्ठमी के अवसर पर मंगलवार रात्रि महावीरी जुलूस निकाल कर नगर भ्रमण किया गया। वही रामनवमी के अवसर पर लगने वाली पारंपरिक मेला नवागढ़ वासुदेवकोना, अरण्डा, सलकाया, कांसीर, केमटे समेत अन्य गांव मे मेला सह महावीर झंडा मिलान किया गया। नवागढ़ वासुदेवकोना मे महावीर झंडा मिलान हुआ, इसमे नवागढ़ पतराटोली, डुमरटोली, बजारडांर, खिराखांड, भलमंडा, कुकुरसेप्टा, हरिनाछापर, डांरटोली, गेतुपानी आदि गांव से महावीर झंडा मिलान किया गया, तत्पश्चात मेलाडांड़ मे खेल करतब



के साथ पारंपरिक चावर नृत्य का प्रदर्शन किया गया। वही बेहतर झांकी और खेल करतब प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियो को मेला अखाड़ा समिति के द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम स्थल पर रायडीह थाना प्रभारी कुन्दन कुमार सिंह दल बल के साथ सुरक्षा व्यवस्था को लेकर तैनात थे। इस मौके पर बीडीओ प्रधान हंसदाक, निरंजन सिंह, छत्रपाल सिंह, विरेन्द्र सिंह, विनित कुमार लाल, विश्वास भगत, बानेश्वर भगत, पुरोहित सुनील होता, चैतु नगेसिया, रामविलास सिंह, रमेश साह रितेश गुप्ता, सितेस गुप्ता, अर्जुन मल्लाह, कोमता प्रसाद, सुमित प्रसाद, प्रभु सिंह, सुनील पाठक, प्रमोद प्रसाद, विनोद गुप्ता, राजकेश्वर सिंह, जमाल ताज, असरफ लालो आदि धर्मवालंबी मौजूद थे।

## सिसई में नारी शक्ति का मोटरसाइकिल जुलूस आकर्षण का केंद्र रहा

**सिसई (आजाद सिपाही)।** रामनवमी के अवसर पर भक्ति से सराबोर राम भक्तों के जय श्री राम-बजरंग बली की जय के जयघोष के बीच प्रखंड में हर्षोल्लास से भगवान श्री राम का जन्मोत्सव मनाया गया। दूसरी ओर शोभा यात्रा में शामिल नारी शक्ति मोटरसाइकिल जुलूस आकर्षण का केंद्र रहा। इस दौरान पिलखी मोड़ स्थित पारंपरिक रामनवमी मिलन स्थल सत्ता सिल्ली महावीर मंडल मैदान में विभिन्न गांवों की कुल 35 आखड़ों की शोभा यात्रा मिलन स्थल पहुंची और ढोल नगाड़े के साथ मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान राम व बजरंग बली की पुजा अर्चना किया। मिलन स्थल से शोभा यात्रा मेन रोड़ होते हुए, थाना रोड़ शिव मंदिर परिसर और मेन रोड़ स्थित धर्मशाला के समीप पहुंची। जहां विभिन्न अखाड़ों के रामभक्त



कलाकारों द्वारा अपने मनमोहक कला-कौशल का प्रदर्शन कर लोगों और श्रद्धालुओं का भरपूर मनोरंजन किया। इसके पश्चात केंद्रीय महावीर मंडल सिसई के द्वारा कलाकरों और सभी अखाड़ा को पुरस्कृत और सम्मानित किया गया। वहीं अंजुमन कमिटि सिसई द्वारा मेन रोड स्थित जामा मस्जिद परिसर में रामनवमी शोभा यात्रा में शामिल लोगों के लिए शर्बत और पेयजल की व्यवस्था की गयी थी। रामनवमी शोभा यात्रा और मिलन समारोह में पुलिस-प्रशासन की ओर से चाक-चौबंद सुरक्षा इंतजाम देखने को मिला। विभिन्न मार्गों और मिलन स्थल में सीसीटीवी-ड्रोन कैमरों से निगरानी की जा रही थी। वहीं बीडीओ रमेश कुमार यादव, सीओ नितेश रौशन खलखो, सिसई थानेदार संतोष कुमार सिंह के द्वारा निगरानी के अलावा सिसई और पुसो थाना के दस विभिन्न जगहों पर दंडाधिकारियों और सुरक्षा बलों कि प्रतिनियुक्ति के गयी थी।

## गुमला पॉलिटेक्निक कॉलेज में रामनवमी उत्साह के साथ मनायी गयी

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला पॉलिटेक्निक कॉलेज आध्यात्मिक उत्साह और सांस्कृतिक भक्ति से जीवंत हो उठा जब छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने परिसर में भगवान राम के जन्म के पवित्र त्योहार रामनवमी को भक्ति और उत्साह के साथ मनाया।



हिंदू कैलेंडर में चैत्र महीने के नौवें दिन मनाया जाने वाला रामनवमी, भगवान विष्णु के सातवें अवतार भगवान राम के जन्म का प्रतीक है। सत्य, सदाचार और धर्म के अवतार के रूप में पूजे जाने वाले भगवान राम के जीवन और शिक्षाओं ने भारतीय संस्कृति, साहित्य और आध्यात्मिक अभ्यास को गहराई से प्रभावित किया है। उनका जन्म बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है और लाखों लोगों को अनुशासन, करुणा और न्याय का जीवन जीने के लिए प्रेरित करता है।

पूजा समारोह पूरी तरह से छात्रों द्वारा आयोजित किया गया था, जो आध्यात्मिक परंपराओं और मूल्यों के प्रति उनके समर्पण को दशार्ता है। इस कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. शिबा नारायण साहू, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी अजीत कुमार शुक्ल, संकाय सदस्य, कर्मचारी और बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित थे।

समारोह के मुख्य आकर्षण में अत्यंत भक्ति के साथ किया गया हवन समारोह शामिल था, जिसमें भगवान राम को शांति, समृद्धि और शैक्षणिक सफलता के लिए उनके दिव्य आशीर्वाद की कामना के लिए प्रसाद चढ़ाया गया। परिसर में पवित्र मंत्रों की गूंज से वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया, जिससे सभी उपस्थित लोगों में एकता और श्रद्धा की भावना जागृत हुई। अनुष्ठानों के बाद, सभी भक्तों को सम्मानपूर्वक प्रसाद वितरित किया गया, जिससे शुभ अवसर का समापन हुआ। कार्यक्रम का समापन हार्दिक प्रार्थनाओं और शांति, सद्भाव और धार्मिकता के संदेश के साथ हुआ, जो भगवान राम के जीवन और शिक्षाओं से गहराई से जुड़े मूल्य हैं।

## बिशुनपुर के ग्रामीण इलाकों में भाइचारे के साथ रामनवमी संपन्न



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में रामनवमी का त्योहार भाईचारे के साथ मनाया गया। मौके पर बिशुनपुर शिवालय मंदिर एवं नवागढ़ से थाना मैदान तक एवं बनारी में दुर्गा मंदिर परिसर तक शोभायात्रा निकाली गयी। जहां प्रभु राम हनुमान के स्वरूप बच्चे शामिल हुए इस दौरान जय हनुमान जय श्री राम का नारा से पूरा क्षेत्र गूंज उठा थाना मैदान में शोभायात्र में शामिल राम भक्तों ने अस्त्र-शस्त्र चालन का प्रदर्शन किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करनेवाले अखाड़ा कमेटी को रामनवमी पूजा समिति के द्वारा पुरस्कृत किया। अतिथियों का स्वागत कमेटी द्वारा अगंवस्त्र भेंट कर किया गया साथ ही शोभायात्रा के दौरान पुजा समिति के द्वारा स्टॉल लगाकर श्रद्धालुओं के बीच चना गुड़ शरबत पानी का वितरण किया। इस मौके पर सुबह से ही बिशुनपुर पुलिस चौक चौराहो पर अलर्ट दिखी। साथ ही जुलूस के दौरान बीडीओ सुलेमान मुंडरी सीओ शेखर वर्मा, थानेदार राकेश कुमार सिंह जुलूस में शामिल होकर जूलूस शातिं पूर्ण संपन्न कराया इधर महिला पुलिस एवं जैप और जिला पुलिस के जवान देर शाम तक गश्ती करते रहे। जुलूस में मुख्य रूप से विकास भारती संयुक्त सचिव महेंद्र भगत, केदार साहू, गणेश राम महतो, ओम सिंह, जगत ठाकुर, कमेटी के अनिश सिंह, प्रमोद सिंह, दीपक सिंह, मनीष अंबष्ट, विनय सोनी, सहित कई प्रबुद्ध एवं राम भक्त शामिल हुए।

## जारी की पांच पंचायतों से निकली शोभायात्रा


**जारी (आजाद सिपाही)।** जारी प्रखंड क्षेत्र के गोविंदपुर कमलपुर तिगरा छत्तीसगढ़ के पतरा टोली गांव के लोग शोभा यात्रा निकालकर झंडा मिलान किया। शोभायात्रा में सैकड़ो हिंदू समुदाय के लोग शामिल हुए जहां जय श्री राम बजरंगबली की जय का गगनभेदी नारा लगाया जा रहा था। जारी प्रखंड क्षेत्र के पांच पंचायत कटिम्बा बरवाडीह गुटार रूद्रपुर सहित विभिन्न स्थानों से शांतिपूर्ण तरीके से शोभायात्रा निकाली गयी। शोभायात्रा को देखते हुए जारी थाना प्रभारी सुरक्षा को लेकर स्वयं तैनात दिखे। वही कई चौक चौराहा पर पुलिस बल की तैनाती की गयी थी। लोग गाजे बाजे और अस्त्र-शास्त्र के साथ शोभायात्रा में शामिल हुए। वहीं एक से बढ़कर एक करतब का प्रदर्शन भी किया। शोभायात्रा में आगे आगे समिति के पदाधिकारी झंडा लेकर चल रहे थे वहीं पीछे गाजे बाजे के साथ लोग नाचते गाते हुए जयकारा लगा रहे थे। शोभायात्रा में राजेंद्र लोहार, राजू नायक, तिलकन लोहार, इंद्रर नायक, संजय कुमार, सत्येंद्र नायक, माही मल्हार सहित सैकड़ो हिंदू समुदाय के लोग उपस्थित थे।

## रामनवमी के अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ गुमला में पंच कुंडीय यज्ञ का आयोजन



**गुमला (आजाद सिपाही)।** 6 अप्रैल रविवार को लगातार नौ दिनों से चले आ रहे बासंतिक नवरात्र के आखिरी दिन एवं रामनवमी के अवसर पर बड़ाईक मुहल्ला स्थित गायत्री शक्तिपीठ गुमला में भव्य रुप से विश्व शांति के उद्देश्य से एवं गुमला जिला के सुख समृद्धि हेतु पंच कुंडीय यज्ञ कार्यक्रम एवं पूजन का आयोजन किया गया। इसमें ब्रह्मदेव के द्वारा हवन पूजन कार्यक्रम संपन्न कराया गया। हवन के पश्चात कलश में स्थापित जल को उपभोक्ता फोरम अध्यक्ष ओमप्रकाश पांडे, अशोक शाह, ब्रह्मदेव, सुरेंद्र साहू के द्वारा कलश का उठाव करते हुए स्वास्थ्य लाभ हेतु सभी भक्तों के ऊपर मंत्रोच्चार के साथ छिड़काव किया गया एवं प्रसाद के रूप में अमृतासन और खीर का सुस्वाद प्रसाद का आये हुए भक्तों के बीच में वितरण किया गया। हवन कार्यक्रम के पश्चात जिला परिषद सदस्य सरस्वती देवी द्वारा रामनवमी ध्वज फहराकर पूजन किया गया। इस कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में ब्रह्मदेव, प्रमोद सिंह, मीडिया प्रभारी सुनील कुमार दास, अशोक शाह, ओमप्रकाश पांडे, आशा देवी, राधा देवी, लक्ष्मी विश्वकर्मा, विश्वनाथ जयसवाल, मीना देवी, प्रतिमा देवी, नीरजा राय,गीता देवी,सुरेंद्र राय, ज्ञानदीप कुमार सिंह, सरस्वती देवी,लक्ष्मी देवी,बबीता देवी इत्यादि सहित सैकड़ों की संख्या में भक्तगण उपस्थित थे।

## स्पोर्ट्स



यह चैंपियनशिप 7 से 14 अप्रैल तक भुवनेश्वर के कलिंग स्टेडियम में आयोजित होने जा रही है।

# अखिल भारतीय पुलिस हॉकी चैंपियनशिप का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** 73वीं अखिल भारतीय पुलिस हॉकी चैंपियनशिप 2025 का उद्घाटन समारोह रविवार को भुवनेश्वर के पुलिस भवन में आयोजित किया गया है।

राज्य पुलिस महानिदेशक योगेश बहादुर खुरानिया इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि थे और उन्होंने 73वीं अखिल भारतीय पुलिस हॉकी चैंपियनशिप 2025 का लोगो और मास्कट-आशा का अनावरण किया।

'राज्य सरकार के वन विभाग के कर्मचारियों द्वारा क्योंझर जिले के एक जंगल से एक हाथी के बच्चे को बचाया गया। बाद में उन्हें वहां से नंदनकानन स्थानांतरित कर दिया गया। उनके इसी संघर्ष की कहानी पर आधारित है आशा। जो अब नंदनकानन में सुरक्षित और स्वस्थ हैं।' डीजीपी ने अपने भाषण में कहा कि मास्कट आशा दयालुता, साहस और पर्यावरण संरक्षण के प्रति ओडिशा की प्रतिबद्धता का प्रतिनिधित्व करता है।

श्री खुरानिया ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि ओडिशा पुलिस दूसरी बार इस चैंपियनशिप की आयोजन कर रही है और इसके लिए अखिल भारतीय पुलिस खेल नियंत्रण बोर्ड को धन्यवाद दिया। यह चैंपियनशिप 7 से 14 अप्रैल तक भुवनेश्वर के कलिंग स्टेडियम में आयोजित होने जा रही है। कुल 48 मैच खेले जायेंगे जबकि 26 पुरुष टीमें और 9 महिला टीमें इसमें हिस्सा लेंगी। डीजीपी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में सीआईएसएफ, सीआरपीएफ, बीएसएफ, आइटीबीपी और एसएसबी जैसे केंद्रीय सशस्त्र बलों की टीमें भी भाग ले रही हैं।

कार्यक्रम में अन्य लोगों के अलावा आयोजन समिति के उपाध्यक्ष और अतिरिक्त आरक्षी महानिदेशक (मुख्यालय) दयाल गंगवार, आयोजन समिति के उपाध्यक्ष और अतिरिक्त आरक्षी महानिदेशक (शस्त्र) राजेश कुमार, आयोजन समिति के संपादक और आइजी (प्रशिक्षण) अनुप कुमार साहू, सभी टीम के मैनेजर और कप्तान, पुलिस अधिकारी प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## रामनवमी जुलूस का गुमला चैंबर ने किया स्वागत




**गुमला (आजाद सिपाही)।** रविवार को गुमला केंद्रीय महावीर मण्डल समिति के आयोजन के अनुरूप पवित्र त्योहार रामनवमी के मौके पर सनातनी समाज के विभिन्न समितियों द्वारा कई शोभा यात्रा निकाला गया। इस शोभायात्रा का गुमला चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष राजेश सिंह के अध्यक्षता में मेन रोड में स्टॉल लगाकर स्वागत किया गया। शोभा यात्रा में शामिल लोगों को चना और शर्बत से स्वागत किया गया। शोभा यात्रा का नेतृतव कर रहे अगुवा लोगों का भी चैंबर पदाधिकारियों ने माला पहना कर अभिनंदन किया और बधाई दिया। मौके पर चैंबर अध्यक्ष राजेश सिंह के साथ क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी, उपाध्यक्ष अभिजीत जायसवाल, राजेश लोहानी, सचिव बबलू वर्मा सह सचिव प्रणय साहू, कोषाध्यक्ष अमित गोलू, निवर्तमान अध्यक्ष दामोदर कसेरा, पीआरओ आदित्य गुप्ता, मीडिया प्रभारी मोहम्मद इम्तियाज, पूर्व अध्यक्ष मो सब्बू, विनोद केशरी, कार्यकारिणी के मुन्नीलाल साहू बाबू गुडलक, गुरमीत सिंह, पंकज सोनी, शाहनवाज खान, रूपक कुमार आदि उपस्थित थे।

## केंद्रीय महावीर मंडल ने शहर में जुलूस निकाला



**गुमला (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय महावीर मंडल के तत्वाधान में रविवार को गुमला शहर में रामनवमी का भव्य जुलूस निकाला गया। इस जुलूस में विभिन्न मोहल्ले के अखाड़े ने ढोल बाजे के साथ रामनवमी मनायी। पूरा शहर जय श्री राम के गगनभेदी नारों से गूंजता रहा। जुलूस को आकर्षक बनाने के लिए लाइट और साज सज्जा की व्यवस्था की गयी थी। रामनवमी के अवसर पर विभिन्न मोहल्ला के लोगों ने रामायण से संबंधित कई झांकियां निकाली। रामनवमी पर कई अखाड़े के युवाओं ने लाठी डंडे बल्लम बरछे और पारंपरिक हथियारों के साथ कई प्रकार के करतबों का प्रदर्शन किया। केंद्रीय महावीर मंडल के मुख्य मंच में राज्यसभा सांसद समीर उरांव सहित कई गणमान्य लोगों ने शिरकत दी। मुख्यमंच में दामोदर कसेरा, निर्मल गोयल, शिवशंकर उरांव, सहित कई लोग उपास्थित थे।

### कोयलांचल में धूमधाम से मना भाजपा का स्थापना दिवस, विधायक ने नेताओं-कार्यकर्ताओं का मुंह मीठा कराया

# देश में विकास आधारित राजनीति की नींव भाजपा ने ही रखी है : राज सिन्हा

आजाद सिपाही संवाददाता




भाजपा के स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल धनबाद के विधायक राज सिन्हा कार्यकर्ताओं का मुंह मीठा करवाते हुए।

**धनबाद।** भाजपा के 46वें स्थापना दिवस पर राष्ट्रव्यापी कार्यक्रमों की श्रृंखला में बूथ स्तर से लेकर विधानसभा स्तर तक छह से 12 अप्रैल तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगें। इसी कड़ी में पहले दिन रविवार को भाजपा जिला कार्यालय में स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। जिसकी अध्यक्षता पार्टी के धनबाद महानगर अध्यक्ष सरवन राय ने की। सर्वप्रथम भाजपा के प्रेरणापुंज संस्थापक दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके बाद भाजपा के इतिहास पर प्रकाश डाला गया। उसके बाद कार्यालय में पार्टी का ध्वजारोहण भाजपा महानगर अध्यक्ष सरवन राय एवं ग्रामीण जिला अध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर ने किया। इस मौके पर विधायक राज सिन्हा भी उपस्थित रहे। उन्होंने सभी जिला पदाधिकारी-कार्यकर्ताओं के साथ पार्टी कार्यालय के छत पर भी झंडा लगाया। इसके बाद विधायक राज सिन्हा, महानगर अध्यक्ष श्रवण राय, ग्रामीण जिला अध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर, सिंदरी की प्रत्याशी रहीं तारा देवी आदि ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर पार्टी के स्थापना दिवस की बधाई दी। वहीं, कार्यकर्ताओं एवं आम लोगों के बीच मिठाई का वितरण किया गया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि भारत को एक समर्थ राष्ट्र बनाने के लक्ष्य के साथ भाजपा का गठन 6 अप्रैल 1980 को नई दिल्ली में की गयी थी। जिसके प्रथम अध्यक्ष भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी बने। स्थापना के साथ ही भाजपा ने अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय एवं लोकहित के विषयों पर मुखर रहते हुए भारतीय लोकतंत्र में अपनी सशक्त भागीदारी दर्ज की और भारतीय राजनीति को नया आयाम दिया। देश में विकास आधारित राजनीति की नींव भी भाजपा ने अपने सहयोगितों के साथ मिलकर रखी। कहा कि आज के दिन हम सभी के लिए गौरव और प्रेरणा का दिन है। भाजपा का यह सफर मात्र एक राजनीतिक यात्रा नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की महान साधना है। । डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जिस विचारधारा की नींव रखी उसे आगे बढ़ने का कार्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय जैसे महापुरुषों ने किया और फिर अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी और नरेंद्र मोदी जी जैसे महान नेताओं के नेतृत्व में यह पार्टी एक विश्व स्तरीय संगठन बन चुकी है। सबका साथ सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र को लेकर भाजपा ने देश-प्रदेश में सेवा सुशासन और समर्पण का नया कृतिमान स्थापित किया। विधायक ने सभी कार्यकर्ताओं को मिलकर संगठन को और सशक्त बनाने और देश हित में कार्य करने का आह्वान किया। उधर, महानगर अध्यक्ष सरवन राय ने कहा कि कार्यकर्ताओं के त्याग, तपस्या और बलिदान के कारण ही भाजपा विश्व की सबसे बड़े लोकतांत्रिक राजनीतिक दल बन पाई। तीनों विधानसभा धनबाद, झरिया एवं बाघमारा के सभी कार्यकर्ताओं ने इस दिन अपने-अपने आवास एवं कार्यालय पर भाजपा का झंडा लगा कर स्थापना दिवस मनाया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से केंद्र सरकार की उपलब्धियों को जनता के बीच ले जाने और जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभ लाभुकों को दिलाने की अपील की। इस अवसर पर तारा देवी, ग्रामीण जिला अध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर, वीरेंद्र हांसदा, महामंत्री मानस प्रसून, जिला मंत्री सह कार्यक्रम प्रभारी पंकज सिन्हा ने भी अपने-अपने विचार रखे। मौके पर जिला मंत्री प्रियंका देवी, रूपेश पासवान, रंजीत कुमार बिल्लू, मंडल अध्यक्ष राजाराम दत्ता, किशोर मंडल, हरेंद्र सिंह, मयूर शेखर झा, नीरज सिन्हा, इंद्रकांत झा और रंजय सिंह आदि उपस्थित थे।

## हनुमान मंदिर पहुंचे डीएसपी, पूजा के बाद शोभायात्रा की शुरुआत की



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** रामनवमी के अवसर पर धनबाद शहर रविवार को श्रीराम और जय हनुमान के जयकारों से गूंजमान रहा। हनुमान मंदिरों में पूजा अर्चना को लेकर सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी रही। जिले के अलग-अलग क्षेत्र से अखाड़ा निकाला गया। इसे लेकर प्रशासन पूरे जिले में अलर्ट मोड में नजर आयी। गोविंदपुर स्थित प्रताप अखाड़ा दल, लाल बाजार, वानी मंदिर में डीएसपी शंकर कांति एवं थाना प्रभारी मोहम्मद रुस्तम, नंदलाल अग्रवाल, राजू दास, विश्वजीत दास अन्य कई लोगों ने हनुमान मंदिर में फीता काटकर अखाड़ा का शुभारंभ किया। जो गोविंदपुर नीचे बाजार से लेकर ऊपर बाजार तक भ्रमण कराया और शांतिपूर्ण समापन किया।

## रामनवमी पर निकली भव्य शोभायात्रा झांकी, शामिल हुए मंत्री योगेंद्र प्रसाद



**कसमार (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में रामनवमी के शुभअवसर पर रविवार को भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। इसके पहले प्रखंड के सभी हनुमान मंदिरों में रामभक्त श्री हनुमान जी एवं प्रभु श्रीराम की पूजा की गई। भक्तों ने पूजन वंदन कर भगवान से सुखी जीवन के लिए आशीर्वाद मांगा। भक्तों की भीड़ मंदिरों में सुबह से ही देखी गई। प्रखंड के मधुकरपुर स्थित श्री हनुमान मंदिर में राम भक्तों ने पूजा अर्चना किए। यहां दोपहर बाद हनुमान जी का झंडा लेकर पूरे गांव और टोलों में शोभा यात्रा निकाली गई। साथ ही श्री राम, माता सीता, भैया लक्ष्मण और वीर हनुमान जी की सुंदर झांकी निकाली गई। जुलूस में भक्तों की संख्या हजारों में थी। जुलूस का नेतृत्व लाइसेंसधारी सिद्धेश्वर महतो, मुखिया राजेंद्र महतो, पंसस इंद्रजीत पांडेय, उपप्रमुख प्रतिनिधि कपलेश्वर रजक, उपमुखिया प्रतिनिधि संजय कुमार प्रजापति, वार्ड सदस्य रोहित रेड्डी, गौतम स्वर्णकार, राहुल स्वर्णकार, विकास कुमार प्रजापति के अलावे पूजा समिति के धीरेंद्र महतो, दिनेश चंद्र महतो, श्रीपति महतो, कैलाश महतो, राजेश कुमार पांडेय, रितेश रंजन तिवारी, तिलकधारी महतो, लिलमोहन महतो, प्रफुल महतो, अनिल कुमार महतो, अशोक कुमार महतो आदि ने की। इस बीच जुलूस में बसंत कुमार प्रजापति, रमेश कुमार प्रजापति, बलराम महतो, किशोरी कुमार महतो, प्रकाश कुमार प्रजापति, आशु कुमार प्रजापति, मनोज कुमार महतो, छूटन महतो, प्रदीप स्वर्णकार, प्रकाश स्वर्णकार, योगेन्द्र स्वर्णकार आदि ने अपना दम खम दिखाया। रामनवमी जुलूस के दौरान मंत्री योगेन्द्र प्रसाद भी पहुंचे और लोगों को रामनवमी की शुभकामनाएं दी। वहीं, कसमार थाना प्रभारी भजनलाल अपने दल बल के साथ मुस्तैद दिखे।

## गाजे-बाजे के साथ निकला रामनवमी का जूलूस

**पिछरी/बेरमो (आजाद सिपाही)।** पिछरी एवं अंगवाली सहित आसपास के क्षेत्र में रामनवमी धूमधाम से मनायी गयी। पिछरी पंचायत के कई मंदिरों से रविवार को रामनवमी का जुलूस निकाला गया, जो तय रूट के अनुसार भ्रमण किया। कई अखाड़ा दल के सदस्य लाठी-तलवार का कतरब दिखाये। वहीं सार्वजनिक दुर्गा मंदिर परिसर स्थित बजरंगबली मंदिर से निकला जुलूस पूरे गांव का भ्रमण करते हुए पुनः मंदिर पहुंच कर समाप्त हुआ। इस दौरान भक्तों ने धार्मिक जयकारे लगाये। जुलूस में कई मनमोहन झाकियां भी निकाली गयी। फुसरो-जैनामोड़ मुख्य मार्ग प्योर ढोरी मोड में विभिन्न अखाड़ों और जुलूस का मिलन हुआ। जहां सभी खिलाड़ियों ने खेल का प्रदर्शन किया। इस दौरान पेटरवार पुलिस मौजूद रही। मौके पर पूर्व मुखिया छत्रधारी मिश्रा, पूजा समिति के अध्यक्ष गणेश मिश्रा, गुलचंद मिश्रा, राकेश मिश्रा, मुकेश मिश्रा, बजरंगी मिश्रा, अशोक मिश्रा, धीरज मिश्रा, तपन मिश्रा, कामेश्वर मिश्र और रिंकू मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## महिलाओं की समुचित भागीदारी से संभव होगा सशक्त भारत का विकासः अनुपमा



**झरिया (आजाद सिपाही)।** जोड़ापोखर स्थित आवासीय कार्यालय में कांग्रेस नेत्री सह राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन की कार्यकारी अध्यक्ष अनुपमा सिंह की मौजूदगी में सैकड़ों महिलाओं ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की, जिनको पार्टी का पट्टा पहनाकर स्वागत किया गया। इसस अवसर पर अनुपमा सिंह ने कहा कि कांग्रेस महिलाओं के राजनीतिक नेतृत्व क्षमता को विकसित करना चाहती है। एक नए राजनीतिक युग की महिलाओं की समुचित भागीदारी से ही देश-प्रदेश में असली विकास एवं बदलाव आएगा। क्षेत्र की वंचित, दलित, पीड़ितो, महिलाओं को अधिकार दिलाना कांग्रेस की पहली प्राथमिकता है। कांग्रेस देशभर में 33 फीसदी महिला आरक्षण लागू करने, ओबीसी महिलाओं को आरक्षण कोटा देने और महिला सुरक्षा सुनिश्चित करने जैसी महत्वपूर्ण मांगों को लेकर लड़ाई लड़ रही है। कहा कि भाजपा सरकार में बहन-बेटियां सुरक्षित नहीं है। कहा कि झारखंड में गठबंधन की सरकार बहन-बेटियों को सम्मान दे रही है। महिला सशक्तिकरण की दिशा में झारखंड सभी राज्यों से आगे निकल चुका है। राज्य की गठबंधन सरकार अबुआ आवास के तहत राज्य के ऐसे गरीब परिवारों को पक्का मकान उपलब्ध कराने जा रही है जिससे हर गरीब नागरिकों को रोटी कपड़ा मकान की जरूरत को पूरा किया जा सके। उधर, नमिता दास के नेतृत्व में कांग्रेस और अनुपमा सिंह में आस्था रखते हुए सैकड़ों महिलाओं ने कांग्रेस का दामन थामा। इस मौके पर सतपाल सिंह ब्रोका, जिला युवा उपाध्यक्ष तबरेज खान, विक्की कुमार, राजमणि देवी, तारा देवी, आरती रवानी, मंजू दास, मीरा दास, मिट्ठू देवी, रशीदा बेबी, संता देवी, पार्वती देवी, रूपा देवी, कौशल्या देवी, देवंती देवी, सोनिया देवी, आशा देवी, कालो देवी, नीयती देवी, नूसरी देवी, देवगुना देवी, उषा देवी, पार्वती देवी, मालती बावरी, रूप महतो, शांति देवी आदि उपस्थित रहीं।

## संगठन विस्तार को लेकर झारखंड कांग्रेस प्रभारी से मिले संतोष सिंह



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** जिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह और कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी ने रविवार को दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्य कार्यालय में जाकर झारखण्ड कांग्रेस प्रभारी के राजू से मुलाकात की। जिसमें जिला, प्रखंड, नगर, मंडल कमेटी के पुनर्गठन को लेकर विस्कतृत चर्चा हुई। कांग्रेस प्रभारी से मिलकर जिलाध्यक्ष और कार्यकारी अध्यक्ष ने कार्यक्रम में उपस्थिती से अवगत कराया। कहा कि राहुल गांधी ने जिलाध्यक्षों की बैठक में कहा कि जो पदाधिकारी महीने में एक दिन बैठक में नहीं आ सकते वैसे लोगों को टाटा बाय-बाय कर दीजिए। देश में करोड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को जगह नहीं मिल पाती है, जो संगठन में काम करना चाहते हैं।

## महुदा में निकला रामनवमी का भव्य जुलूस

आजाद सिपाही संवाददाता



**महुदा।** महुदा में रामनवमी के अवसर पर धार्मिक उल्लास और उमंग का माहौल देखने को मिला। क्षेत्र के विभिन्न धार्मिक स्थलों पर पूजा-अर्चना के बाद विशाल जुलूस निकाले गये। जिसमें शामिल ग्रामीण और कस्बों के लोग 'जय श्रीराम' के उद्घोष के साथ समाज में धार्मिक संदेश फैलाते हुए चल रहे थे। इस अवसर पर दर्जनों अखाड़ों ने आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की। प्रमुख स्थलों में रेलवे कॉलोनी महुदा, सेवाग्राम, महुदा बाजार, ब्राह्मबाबा स्थान महुदा, भुरूंगिया, महुदा मोड़ और तेलमोचो बाजार स्थित पेट्रोल पंप क्षेत्र में लाठी खेलों का प्रदर्शन किया गया। इस दौरान छोटे-छोटे बाल कलाकारों और युवाओं ने राम, लक्ष्मण, सीता, हनुमान सहित अन्य देवी-देवताओं के आकर्षक सांकेतिक रूपों का अभिनय किया, जिसने लोगों का मन मोह लिया। तेलमोचो आयोजक मंडली के सदस्य आशा देवी (जिप सदस्य), शिबू महतो, जितेंद्र महतो, धनंजय महतो, मनभूल महतो, प्रहलाद महतो, युधिष्ठिर महतो, राजू महतो, गणेश महतो, संतोष महतो, नविन कुमार महतो, संजय कुमार महतो और डॉ. पी चक्रवर्ती सहित दर्जनों लोग इस कार्यक्रम में सक्रिय रूप से शामिल थे।

### अमृत योजना में आधुनिक बुनियादी ढांचा सुधार

# उत्तर ओड़िशा के रेलवे स्टेशनों का होगा पुनर्विकास

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** भारतीय रेलवे अपनी अमृत स्टेशन योजना के तहत ओड़िशा के उत्तरी भाग में विभिन्न रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास कर रही है। पुनर्विकास का उद्देश्य प्रमुख रेलवे स्टेशनों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित करना, यात्रियों के लिए समग्र यात्रा अनुभव को बेहतर बनाना तथा क्षेत्रीय स्तर पर आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है। इस पुनर्विकास का उद्देश्य बुनियादी ढांचे में सुधार, सुविधाओं का आधुनिकीकरण तथा यात्रियों के लिए आरामदायक सेवाएं प्रदान करने और वाणिज्यिक विकास को समर्थन देने के लिए सुचारू रेल संपर्क सुनिश्चित करना है। इससे ओड़िशा के उत्तरी क्षेत्र के चयनित स्टेशनों पर डिजाइन, प्रौद्योगिकी और यात्री सेवाओं में उल्लेखनीय सुधार होने की उम्मीद है। यह पहल भारतीय रेलवे नेटवर्क को आधुनिक बनाने तथा सभी के लिए कुशल और उपयोगकर्ता-अनुकूल यात्रा अनुभव प्रदान करने के चल रहे प्रयासों के अनुरूप है।

### पुनर्विकास की मुख्य विशेषताएं

**आधुनिक बुनियादी ढांचाः** स्टेशनों पर आधुनिक प्लेटफार्म, बेहतर टिकट सुविधाएं, प्रतीक्षा क्षेत्र और बेहतर स्वच्छता मानक होंगे, जिससे सभी यात्रियों के लिए सुविधा और आरामदायक रेल सेवाएं सुनिश्चित होंगी।

**बेहतर पहुंचः** स्टेशन पुनर्विकास में वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांग यात्रियों और बच्चों और परिवार के सदस्यों के साथ यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए पहुंच में सुधार के लिए फुट ओवर ब्रिज (एफओबी) के साथ लिफ्ट और एस्केलेटर शामिल होंगे।

**टिकाऊ और पर्यावरण अनुकूल डिजाइनः** टिकाऊ विकास के प्रति भारतीय रेलवे की प्रतिबद्धता के अनुरूप, स्टेशनों पर हरित भवन नीतियां अपनाई जा रही हैं और नवीकरणीय ऊर्जा समाधान, जल संरक्षण प्रणाली और अपशिष्ट प्रबंधन प्रणालियों को एकीकृत किया जा रहा है।

**परिसर में बेहतर परिसंचारी क्षेत्रः** इस पुनर्विकास के माध्यम से, स्टेशन के परिसंचारी क्षेत्र में सुधार करने की योजना बनायी गयी है जिसमें पर्याप्त पार्किंग स्थलों के साथ ड्रॉप-इन और ड्रॉप-आउट लेन शामिल होंगे।

**अत्याधुनिक यात्री सुविधाएंः** वाई-फाई, डिजिटल डिस्प्ले, उन्नत सुरक्षा प्रणालियां, बेहतर खानपान सेवाएं और आधुनिक प्रतीक्षालय जैसी सुविधाएं समग्र यात्रा अनुभव को बेहतर बनाएंगी।

**आर्थिक विकासः** इस पुनर्विकास परियोजना का लक्ष्य पर्यटन को बढ़ाकर, कनेक्टिविटी में सुधार करके और क्षेत्र में रोजगार के अवसर पैदा करके स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना है।

अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और विविध परिदृश्य के कारण उत्तरी ओडिशा क्षेत्र को इस विकास से काफी लाभ होगा। रायरंगपुर, बारीपदा और क्योंझर जैसे प्रमुख स्थानों पर रेलवे स्टेशन जल्द ही बेहतर यात्रा अनुभव प्रदान करेंगे, जिससे यात्रियों और पर्यटकों को क्षेत्र की विशाल विरासत और पारिस्थितिकी पर्यटन क्षमता को बढ़ावा देने में सुविधा होगी। भारतीय रेलवे इन परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है और इनका निर्माण चरणबद्ध तरीके से किया जा रहा है। इस पुनर्विकास परियोजना के अगले कुछ वर्षों में पूरा होने की उम्मीद है। इस पुनर्विकास पहल में शामिल स्टेशनों में केंदुझारगढ़, बारबिल, जरोली, बारीपदा, रायरंगपुर, बेतनोटी, बादामपहाड़ शामिल हैं।

## उत्तर चौक पर बस पलटने से एक की मौत, 15 से अधिक घायल

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** उत्तर चौक पर एक पर्यटक बस पलट गयी। इसमें एक व्यक्ति की मौत हो गयी और 15 से अधिक घायल हो गये। सभी घायलों को कैपिटल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बांग्लादेश से करीब 160 यात्री दो बसों से कलकत्ता से पुरी जाते समय भुवनेश्वर-पुरी राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 316 में उतरा चौक सिफा के पास बस पलट गयी। जानकारी के मुताबिक इस हादसे में 15 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए और एक शख्स की मौत हो गयी। ये हादसा रात करीब 2:30 बजे हुआ।

सूचना मिलने पर पिपिली, भुवनेश्वर और बालकाटी अग्निशमन सेवा और पिपिली पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से बचाव अभियान शुरू किया। गंभीर रूप से घायलों को अलग अलग एंबुलेंस से कैपिटल अस्पताल ले जाया गया। प्रशासन ने बचाव कार्य के लिए रोड को रात 3 बजे से सुबह तक बंद कर दिया। पिपिली पुलिस ने घटनास्थल पर बचाव अभियान जारी रखा, पिपिली पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बस को रास्ता के किनारे क्रेन के द्वारा साइट किया।

वहीं, पिछले महीने की 17 तारीख को बांग्लादेश चट्टोग्राम से करीब 160 तीर्थयात्री दो बसों में बृंदावन से पुरी आ रहे थे। उनमें से आधे से अधिक वरिष्ठ नागरिक थे और लगभग 17 छोटे बच्चों थे। ये तीर्थयात्री अयोध्या, द्वारका जैसे स्थानों की यात्रा कर के अंत में महाप्रभु जगन्नाथ को दर्शन करने के लिए पुरी जा रहे थे। गाड़ी चलाते वक्त अचानक बस ड्राइवर को नींद आ गयी और बस बायीं और खाई में पलट गयी

## अनिल अग्रवाल फाउंडेशन के पहल 'नंद घर' ने 15 राज्यों में 8000 का आंकड़ा किया पार

**राजस्थान में 20,000 और आंगनवाड़ियों से 2 मिलियन लोगों को लाभ मिलेगा**

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** अनिल अग्रवाल फाउंडेशन (एएएफ) की प्रमुख पहल नंद घर ने 8044 आंगनवाड़ियों को महिलाओं और बच्चों के समग्र विकास के आधुनिक केंद्रों में बदल कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। भारत के 15 राज्यों में फैले इस विस्तार से ग्रामीण विकास के प्रति वेदांता की प्रतिबद्धता को बल मिलता है, जिससे 3 लाख से अधिक बच्चों और 2 लाख महिलाओं को प्रारंभिक बचपन शिक्षा, पोषण, स्वास्थ्य सेवा और कौशल विकास से लाभ मिलेगा।

नंद घर आधुनिक आंगनवाड़ियों हैं, जिनमें अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। उन्नत बुनियादी सुविधाओं के अलावा नंद घर में 3-6 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए सीखने को रोचक बनाने के लिए स्मार्ट शिक्षा उपकरण, इंटरेक्टिव ई-लर्निंग मॉड्यूल, BaLA डिजाइन और स्मार्ट टीवी शामिल हैं। प्रत्येक केंद्र बच्चों के अनुकूल फर्नीचर, बिजली की सुविधा, सुरक्षित पेयजल और स्वच्छता सुविधाओं से सुसज्जित है, जो एक सुरक्षित और पोषण वातावरण को बढ़ावा देता है। शिक्षा से परे नंद घर बच्चों को पौष्टिक भोजन और गर्भवती और स्तनपान कराने वाली माताओं के लिए आवश्यक पोषण सहायता की सुविधा देकर कुपोषण से लड़ते हैं। टीकाकरण अभियान और नियमित जांच सहित एकीकृत स्वास्थ्य सेवाएं समुदाय की भलाई को और मजबूत करती हैं। नंद घर समुदाय की महिलाओं को हस्तशिल्प,खाद्य प्रसंस्करण और खुदरा जैसे कौशल निर्माण गतिविधियों में शामिल करके महिला सशक्तिकरण को भी मजबूत कर रहे हैं, जिससे उन्हें 10,000 रुपये तक की औसत मासिक आय अर्जित करने में सक्षम बनाया जा रहा है। पिछले साल कार्यक्रम के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धियां दर्ज की गयीं। कुपोषण से निपटने के लिए, नंद घर ने प्रोटीन युक्त बाजरा शेक का दो-चरणीय वितरण शुरू किया, जिससे छह राज्यों के बच्चों को लाभ हुआ।

# अंगुल में हुई मुठभेड़, कुख्यात अपराधी खिरोद नायक घायल

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** अंगुल में पुलिस और अपराधियों के बीच मुठभेड़ हुई। इसमें एक कुख्यात अपराधी खिरोद नायक घायल हो गया। उसे अंगुल मुख्य अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अंगुल टाउन थाना पुलिस ने शनिवार की देर रात कुरोडोल हनुमान बाटिका के आम के बगीचे के पास मुठभेड़ हुई। अपराधी के दाहिने पैर में एक गोली लगी है। शनिवार देर रात जब छेंडिपदा पुलिस ने खिरोद नायक को पकड़ने की कोशिश कर रही थी, तब क्षीरोद कुरोडोल हनुमान बाटिका के आम के बगीचे में घुस गया। छेंडिपदा पुलिस, अंगुल टाउन पुलिस और विशेष दस्ते ने संयुक्त रूप से खिरोद को पकड़ने के लिए छापेमारी की। इस दौरान खिरोद ने पहले पुलिस पर 3 गोलियां चलायीं। बाद में पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की और खिरोद गंभीर रूप से घायल हो गया। खिरोद का घर छेंडिपदा इलाके में है। उसके खिलाफ थाना में कई मामले दर्ज हैं।

# यूनियन बैंक में लगी आग

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** झारसुगुड़ा यूनियन बैंक में लगी आग। झारसुगुड़ा सरबाहाल में स्थित यूनियन बैंक में आग लगने से बैंक में मौजूद कई महत्वपूर्ण दस्तावेज और फाइलें जल गयीं। शुरुआती जांच के मुताबिक माना जा रहा है कि आग शॉर्ट सर्किट से लगी है। आग को देखकर स्थानीय लोगों ने दमकल कर्मी को सूचना दी। सूचना मिलने पर दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पा लिया है। लेकिन जब तक दमकल कर्मी पहुंचे, तब तक कई महत्वपूर्ण कागजात जल कर राख हो गये थे।

ANAL'S CAREER PLUS
Economics for JET by Anal Kumar
Courses Available
CSAT NET JPSC J-TET C-TET TGT NET
नये पाठ्यक्रम के अनुसार
ADMISSION OPEN
PISKA MORE, TEL MILL GALI, RANCHI-05
PHONE: 9334431753/ 9608311660 / 9504000077
www.careerplusedu.com

BALAJEE UDYOG
The Mark of Excellence
Plot No. 766, OLD H.B. ROAD, OPP, SADHU MAIDAN KOKAR, RANCHI-834 001 (JHARKHAND)
Mob. 93869-09008 / 0651-3554978
Email : balajee udyog@rediffmail.com

Shreshtha Soni 7481000333
RATNA SAGAR
Wholesale & Retail :
रत्न उपरत्न, रूद्राक्ष, वास्तु सामग्री, हस्तरेखा एवं कुण्डली द्वारा तरक्की के सटीक उपाय
CERTIFIED GEMS, ORIGINAL RUDRAKSH, FENGSUI ITEMS

RISING AUTO WHEELS PVT. LTD.
NEW TATA MOTORS CAR SHOWROOM
NOW AT BOOTY MORE
Starting Price 4.99 Lakh Only
LARGEST SHOWROOM OF JHARKHAND
09297928073/09153996278 sales@risingautowheel.com

सभी देशवासियों को रामनवमी की हार्दिक शुभकामनाएं
मुकेश कु० नायक
आजसू पार्टी रांची जिला सचिव नायक युवा कार्यकारी अध्यक्ष

V अलंकार ज्वेलर्स
सोना चाँदी थोक विक्रेता
CERTIFIED GEMS
कोकर तिरिल रोड, रांची
Contact Us : 7488705225, 7992284114

प्रो. साधु जी 9262249347 8825349255 9097426633
!! ओम साईं राम !!
टीक फर्नीचर घर
फैन्सी फर्नीचर के विक्रेता एवं निर्माता
इंटीरियर डिजाइनिंग के लिए सम्पर्क करें।
नियर केनरा बैंक, एच.बी. रोड, कोकर, रांची (झारखण्ड)

Shree Ratan Jewellers
Apni Manufacturing Company
पुराना सोना खरीद - बिक्री की जाती है
Contact Us : 9263983157, 7632913111
Add.: Lower Grand Floor, Shop No.- 7 R. Alis Grand Mall, Main Road, Ranchi - 834001

उड़ान ई- रिक्शा मो. 9234082690
ओम इलेक्ट्रिक व्हीकल्स
हेहल अंचल ऑफिस के सामने, रांची
लक्ष्मी टावर, दुकान न. 21 कोकर, रांची (झारखण्ड)

Mobile No.: 9608302205 PURE VET
7th Bites
Live Veg Cake
Kokar Tiril Road, Opp. Prasad Mart Ranchi - 834001 (Jharkhand)

FURNITURE GHAR PLUS
Deals In : Home Furniture | Office Furniture | Modular Kitchen | School Furniture | Kids Furniture.
CONTACT NOW : 8409679099
Near Surendranath School, Old H.B. Road, Dipatoli Ranchi Jharkhand - 834001

Life STYLE NEXGEN
Make Up Studio UNISEX SALOON
DISCOUNT 10% An all Service*
Contact Us : +91-6513166163, 9431101252, 8789333635, 7631001547
NILE COMPLEX, OLD H.B. ROAD, KANTATOLI, RANCHI

DARSANI ASTROLOGY
Dr. V. Shankar P.G अब आपके शहर में
कुंडली से जुड़ी समस्याओं का पूर्ण समाधान
ASTROLOGY M.A, M. Phill & Astrology, PhD
परामर्श शुल्क - 2100
नम्बर लगवाने सम्पाह मे (1 दिन Sunday को Available)
पता : हिरा पन्ना जेम्स मेन रोड पहले
सम्पर्क करें : 7004769566

RAVINDRA NATH ACADEMY
LIMITED SEATS
ADMISSION OPEN
TRANSPORT FACILITY AVAILABLE
BABY PRE-NURSERY TO CLASS X
MOB. 9905504970, 7992281709
BASUKI NAGAR, Haidar Ali, Road No.-10, Kokar, Ranchi

NEON ENTERPRISES 8210108590 8789361453 8709790158
आधार सुधार
पैन कार्ड, वोटर कार्ड, मजदूर कार्ड, E-STAMP, राशन कार्ड, पैसा निकासी, स्मार्ट कार्ड प्रिंट
अपोइंटमेंट लेकर जाने से फार्म नहीं भरना पड़ता है, लाईन नहीं लगना पड़ता है, काम जल्दी हो जाता है
फोटो कॉपी, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट फोटो प्रिंट, जाति, आवासीय, आय, जमीन रसीद होल्डिंग, ऑनलाइन फार्म, पीएफ अप्लाई
Digital Print Designing & Advertising
Shop No.110(A) मंगल टावर, कांटाटोली चौक, रांची (झारखंड)

BOB Furniture
Sofa Bed, Almirah, Dressing & Center Table
Dahej Set @ 55000/-
Contact : 9279630961
G-5, Estate Plaza Behind, Mangal Tower Kantatoli, Ranchi (Jharkhand)

जयपुर रत्न मंदिर जेम्स एण्ड ज्वेलर्स
होलसेल के भाव में खुदरा रत्न विक्रेता
CERTIFIED GEMS
ज्योतिषीय परामर्श उपलब्ध
फोन : 9431184212 9334718303
बाबा टावर, गुरुद्वारा के सामने, मेन रोड, रांची (झारखंड)

SHANTI ENTERPRISES
Authorised Distributors
Deals in : All Type of home Appliances available here
70456 59822, 0651 3500469
308, 3rd Floor, Estate Plaza, Behind Mangal, Tower, Kantatoli, Ranchi

Guddu Soni
GUDDU ELECTRICALS
Repairing & Rewinding of all Types of Motors, Pumps, Fans & Geyser
7992372475, 9386422109, 8102406846
Industrial Area, Near Udyog, kokar, H.B. Road, Ranchi-1

POPKORN cinemas SUJATA PICTURE PALACE
Now Showing
SIKANDAR
at Screen-1 (Sujata) Schedule For 07th April., 2025 onwards!
Sikandar : 11.15, 2.00, 4.45, 7.30
at Screen-2 (Miniplex)
Sikandar : 10.15, 1.00, 3.45, 6.30
at Popkorn Cinemas
Sikandar : 10.00, 11.30, 12.30, 2.00, 3.30, 5.00, 6.30, 8.00
*Due to security reasons, only mobiles, wallets & ladies handbags allowed. Patrons are requested to reach the cinema 30 mins before the start of the show to avoid any inconvenience.
*All above information is subject to change without prior notice.

M.R. INDUSTRIAL ENTERPRISES
Furniture, Material Handling, Matters
Manufacture Of :- CRCA Products, Particle Board Products, Bunawat Products / Swing, MDF Products, Epoxy Coating Product, Stainless Steel Products
-: Contact Us :-
+91 9304129368, 797978647 2, 7004518458, 6203807455
www.mrichair.com mrikokar@gmail.com
Head Office : Industrial Area, Kokar
Branch Office : Hotel Gali, Vikrant Chowk,

PSM AUTOMOTIVE HUB
"MULTIBRAND CAR SERVICE CENTRE"
GENERAL SERVICE
CAR WASH (FOAM WASH), INTERIOR CLEANING, WHEEL ALIGNMENT/BALANCING, TEFLON COATING, AC GAS REFILLING, INSURANCE RENEWAL, ENGINE WORK, GENUINE PARTS AVAILABLE
SUMMER OFFER
On 1st Visit Labour 30% Discount | On 2nd Visit Labour 50% Discount
H.B. Road, Kokar, Opp.- Jharkhand Cancer Hospital, Ranchi - 834001
72610 24907 73013 75193

GULFAM KASHMIR HADICRAFTS
Shawls, Suit, Blankets, Furniture & Gift Items
9608286786, 9431708786
R. Ali Grand Mall, M.G. Road, Ranchi - 834001 (Jharkhand)

स्वामी आयुर्वेदिक सेन्टर
बाबा टावर, मेन रोड, गुरुद्वारा के सामने (नजदीक कश्मीर वस्त्रालय), रांची
मिलें हर रोज सुबह 10:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक (रविवार बंद)

ADMISSION OPEN 90+ INSTITUTE
CLASS VI-XII
Open Registration for 2025-2026
ICSE | CBSE
ENROLL NOW
Separate Classes
Contact - 8210419469, 9798196834
Address: 1st Floor Bhowmick Complex Kokar Bazar Ranchi, Jharkhand Devi Mandap, Bandhgari, Dipatoli, Ranchi, Jharkhand

Panasonic BRANDSHOP
Panasonic ideas for life
DIVYA ENTERPRISES
Nile Complex, Old HB Road, Near PNB Kantatoli Branch Ranchi - 834001
Mob.: 9576777385, 9304809352

प्रकाशित
Verma's Today CHAPTER WISE CLASS - XI 2025
मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!
VERMA PRESS PVT. LTD. 4, R. G. STREET, THARPAKHNA RANCHI (JHARKHAND) - 834 001

विवाह संतान, उच्च शिक्षा, नौकरी, व्यापार, विदेश यात्रा, प्रमोशन के समस्याओं के समाधान हेतु सम्पर्क करें।
ज्योतिषाचार्य जयप्रकाश नारायण
परामर्श शुल्क 501/- 36 वर्षों का अनुभव
मिलने का समय 3 से 5 बजे तक। सम्पर्क करें : 94313595523
L-78, Argora, Housing Colony, Ranchi 06 AM to 11AM
12 AM to 07 PM जयपुर रत्न मंदिर, बाबा टावर, मेन रोड, रांची

DARSANI GEMS & ASTROLOGY
मेन रोड, हिरा - पन्ना जेम्स
Certify Gems MRP के साथ रत्न लेने से पहले जरूर कॉल करें आपके घर तक स्टोन उपलब्ध कराया जायेगा।
तक स्टोन उपलब्ध कराया जायेगा।
देखने के लिए भी और बनवाने के लिए भी
हम दिल से रिस्ते बनाते है
सम्पर्क करें : 7004769566

Dr. Pooja Sahu
(Oral and Dental Surgeon) Bds,mph
DR. AVAILABLE
Days - Monday Wednesday Friday And Sunday
9341731744
Sugnu Basti Near Shiv Mandir Aata Chakki Home

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. RN/249/2019-21